

हिन्दी दैनिक

# रोजनामा इन्डो गल्फ



www.Newsindogulf.com/Email:-Newsindogulf730@gmail.com

सच्चाई में है दम, सच लिखते हैं हम

पटना,बुधवार | 20 नवम्बर 2024 | वर्ष : 02 अंक :184 | पृष्ठ -14 | PRGI NO - BIHHIN/2023/86924 | मूल्य - ₹ 3 | पटना संस्करण


## ब्रीफ न्यूज

### सुक्खू सरकार को बड़ा झटका, कुर्क होगा दिल्ली का हिमाचल भवन



एजेंसी

कांग्रेस के नेतृत्व वाली सुखविंदर सिंह सुक्खू सरकार द्वारा लगभग 150 करोड़ रुपये की बिजली बकाया का भुगतान करने में विफल रहने के बाद हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने दिल्ली में हिमाचल भवन को कुर्क करने का आदेश जारी किया। हिमाचल भवन राष्ट्रीय राजधानी में मंडी हाउस में स्थित है। अदालत ने बिजली विभाग के प्रधान सचिव को लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान करने के लिए तथ्यान्वेषी जांच करने का भी निर्देश दिया है, जिसके कारण यह स्थिति पैदा हुई।कोर्ट का यह फैसला सुक्खू सरकार द्वारा 64 करोड़ रुपये चुकाने के पिछले आदेशों की अनदेखी के बाद आया है, जो अब ब्याज के कारण बढ़कर लगभग 150 करोड़ रुपये हो गया है। सूत्रों ने बताया कि मामला लाहौल-स्पीति में चिनाब नदी पर 400 मेगावाट के सेली हाइड्रो प्रोजेक्ट से जुड़ा है। पहले की कार्यवाही में सरकार को कंपनी द्वारा जमा कराए गए 64 करोड़ रुपये और 7 प्रतिशत ब्याज लौटाने का आदेश दिया गया था।

## बिहार: टीचर्स की ट्रांसफर-पोस्टिंग पॉलिसी को लेकर बड़ी खबर,

# हाई कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने लिया बड़ा फैसला

**बिहार में अब अगले आदेश तक शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर रोक रहेगी। सरकार ने हाई कोर्ट के फैसले के बाद पॉलिसी को स्थगित कर दिया है।**

एजेंसी

**पटना:** बिहार में शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग पॉलिसी को स्थगित कर दिया गया है। सरकार ने यह फैसला पटना हाई कोर्ट के एक फैसले के बाद लिया। दरअसल, एक याचिका पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट ने मंगलवार यानी आज ही टीचर्स की ट्रांसफर-पोस्टिंग पॉलिसी पर स्टे लगा दिया था। कोर्ट के आदेश के बाद सरकार ने पॉलिसी को स्थगित करने का फैसला किया।

शिक्षा मंत्री ने कही ये बात

बिहार के शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर रोक लगा दी गई है। इस संबंध में जल्द ही आधिकारिक आदेश जारी किया जाएगा। मंत्री ने कहा कि सरकार तबादला नीति में संशोधन कर सकती है। जरुरत पड़ी तो नई दबादला नीति भी लेकर सरकार आएगी।

मंत्री बोले- शिक्षकों के हित में होगी पॉलिसी

मंत्री ने यह भी कहा कि सरकार के इस फैसले का पटना हाई कोर्ट के आदेश से कोई संबंध नहीं है। सरकार ने



सोमवार को ही शिक्षकों की ट्रांसफर-पोस्टिंग को स्थगित करने का फैसला किया था। सुनील कुमार ने यह भी कहा कि आगे जो भी नीति लाई जाएगी वह टीचरों की हित में होगी। मौजूदा पॉलिसी में कई व्यवहासिक दिक्कतें हैं, जिसे जल्द ही दूर किया जाएगा।

हाई कोर्ट में दायर की गई थी याचिका

इससे पहले मंगलवार को हाई कोर्ट ने शिक्षकों के ट्रांसफर-पोस्टिंग पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने इस संबंध में राज्य सरकार से तीन हफ्ते में स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, औरंगाबाद के कुछ टीचर्स ने सरकार की ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर एक याचिका दायर की थी। इसी याचिका पर सुनवाई करते हुए जस्टिस प्रभात कुमार सिंह की बेंच ने ट्रांसफर-पोस्टिंग पर रोक लगा दी। बता दें कि सरकार की नई पॉलिसी का शिक्षक संगठनों ने विरोध किया था। इसको लेकर कुछ शिक्षक हाई कोर्ट भी गए थे। शिक्षकों ने नई पॉलिसी पर कई सवाल भी उठाए थे।

रोहतासः बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकारी गाड़ी, जिसका नंबर इफ01उछ..है, नियमों का उल्लंघन करती पाई गई है।इस गाड़ी का पॉल्यूशन सर्टिफिकेट 3 अगस्त 2024 को समाप्त हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद यह गाड़ी सड़कों पर चल रही है। यह जानकारी तब सामने आई जब मुख्यमंत्री रोहतास जिले के करगहर प्रखंड के कुसही बेतिया गांव में डीएम दिनेश कुमार राय के पिता की पुण्यतिथि में शामिल होने पहुंचे। यह पहली बार नहीं है जब मुख्यमंत्री की गाड़ी नियमों का उल्लंघन करती पाई गई है।इससे पहले 23 फरवरी 2024 को इस गाड़ी का सीट बेल्ट न लगाने के लिए 1000 रुपये का चालान काटा गया था, लेकिन अब तक यह जुमार्ना जमा नहीं किया गया है।

## कैश कांड पर उद्धव ठाकरे ने भाजपा को घेरा, नोट जिहाद का लगाया आरोप



एजेंसी

**महाराष्ट्र:**महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से कुछ घंटे पहले भाजपा के एक वरिष्ठ नेता द्वारा पैसे बांटने के आरोपों के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नोट जिहाद पर कटाक्ष किया। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर क्षेत्रीय संगठन बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) द्वारा पालघर में मतदाताओं को नकदी बांटने का आरोप लगाया गया है, तावड़े और भाजपा ने इस आरोप से इनकार किया है।ठाकरे ने भारत के चुनाव आयोग से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि केवल तावड़े के खिलाफ मामला दर्ज करना पर्याप्त नहीं होगा।भाजपा नेताओं द्वारा लगाए गए नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' और "वोट जिहाद" के दावों पर कटाक्ष करते हुए ठाकरे ने सवाल किया कि क्या यह बीजेपी का नोट जिहाद (वोट के लिए) है? 'बाटेंगे और जीतेंगे'। पूरे महाराष्ट्र ने इसे देखा है। महाराष्ट्र कल फैसला

**भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर क्षेत्रीय संगठन बहुजन विकास अघाड़ी द्वारा पालघर में मतदाताओं को नकदी बांटने का आरोप लगाया गया है, तावड़े और भाजपा ने इस आरोप से इनकार किया है।**

करेगा। ठाकरे ने कहा कि कुछ राज्यों में सरकारें गिराने और नई सरकारें बनाने में मदद करने के लिए तावड़े की सराहना की गई। अब इसके पीछे का राज खुलकर सामने आ गया है। विरार के एक होटल में जोरदार ड्रामा हुआ, जहां तावड़े ठहरे हुए थे, जब बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) के प्रमुख हितेंद्र ठाकुर ने भाजपा महासचिव पर मतदाताओं को पैसे बांटने का आरोप लगाया। भाजपा ने इन दावों का खंडन किया और तावड़े ने दावा किया।

## 15 साल में पहली बार, भारत ने चीन को दिया पछाड़,



एजेंसी

**नई दिल्ली:**भारत ने 2023-2024 शैक्षणिक वर्ष के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय छात्रों के प्रमुख स्रोत के रूप में चीन को पछाड़ दिया है। यह 15 वर्षों के अंतराल के बाद आया है। भारत में कॉलेज शिक्षा के लिए अमेरिका जाने वाले कॉलेज छात्रों की संख्या में 23% की वृद्धि देखी गई। ओपन डोर्स की एक रिपोर्ट के अनुसार, इसमें 3.3 लाख छात्र थे। राज्य के शैक्षिक और सांस्कृतिक मामलों के ब्यूरो और अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा संस्थान द्वारा प्रकाशित एक ही रिपोर्ट के अनुसार, जबकि चीन ने अमेरिकी कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में भेजे जाने वाले छात्रों की संख्या में 4% की गिरावट देखी है।कुल मिलाकर, दो देश, भारत और चीन, आधे अंतरराष्ट्रीय छात्रों को अमेरिका भेजते हैं। ये छात्र कंप्यूटर विज्ञान, इंजीनियरिंग और गणित जैसे ।

## मेडिकल इमरजेंसी की चपेट में उत्तर भारत, गोपाल राय बोले- सो रहे देश के पर्यावरण मंत्री

एजेंसी

दिल्ली का प्रदूषण गंभीर स्थिति में है। वहीं, पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने भाजपा औक केंद्र सरकार पर बड़ा आरोप लगाया है। गोपाल राय ने कहा कि प्रदूषण की गंभीर स्थिति को लेकर आपातकालीन बैठक बुलाने के संबंध में दिल्ली सरकार के लगातार अनुरोध के बावजूद भाजपा के पर्यावरण मंत्री सो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय पर्यावरण मंत्री से एक बार फिर प्रदूषण पर आपात बैठक बुलाने और कृत्रिम बारिश की अनुमति देने का अनुरोध करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेन्द्र मोदी को हस्तक्षेप करना चाहिए, कार्रवाई करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है तथा केंद्र को प्रदूषण नियंत्रित करने के लिए कदम उठाने चाहिए। गोपाल राय ने कहा कि ह्यग्रैपह्ण को पूरे उत्तर भारत में लागू किया जाना चाहिए,

## गोरखाओं की भर्ती फिर से हो सकती है शुरू? आर्मी चीफ जनरल द्विवेदी का नेपाल दौरा क्यों है अहम

एजेंसी

**नई दिल्ली:**सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी गहरे द्विपक्षीय सैन्य संबंधों को मजबूत करने के लिए इस सप्ताह नेपाल की चार दिवसीय यात्रा पर होंगे। जनरल द्विवेदी की नेपाल यात्रा में गोरखाओं की भर्ती को लेकर चर्चा होने की उम्मीद है, इसलिए यह यात्रा और भी खास हो जाती है। नेपाल सरकार ने अग्निपथ योजना के तहत भारतीय सेना में गोरखा सैनिकों को भेजने से इनकार कर दिया है।जनरल द्विवेदी 20 से 24 नवंबर तक अपनी यात्रा के दौरान, युद्ध अभ्यास और प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लेकर आधुनिकीकरण और क्षमता निर्माण तक, दोनों सेनाओं



के बीच लंबे समय से चले आ रहे करीबी सैन्य सहयोग को और बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेद्र द्विवेदी अगले हफ्ते नेपाल दौरे पर जाएंगे। दोनों देशो के बीच मिलिट्री संबंध कैसे है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि दोनों देशों की सेना एक-दूसरे के सेना प्रमुख को मानद जनरल की उपाधि देती है।

## कैश बांटने के आरोपों पर विनोद तावड़े की सफाई, कार्यकताओं के साथ कर रहा था मीटिंग, निष्पक्ष जांच हो

एजेंसी

**महाराष्ट्र:** महाराष्ट्र के वसई विरार में विधानसभा चुनाव से ठीक एक दिन पहले हाई ड्रामा सामने आया। विरार में एक बैठक के दौरान बीजेपी नेता विनोद तावड़े की मौजूदगी में बहुजन विकास अघाड़ी और बीजेपी के कार्यकताओं के बीच झड़प हो गई।विधायक हितेंद्र ठाकुर ने आरोप लगाया कि विनोद तावड़े बैठक में बीजेपी कार्यकताओं को 5 करोड़ रुपये बांट रहे थे।हालांकि, विनोद तावड़े ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि ये पैसे उनके नहीं हैं।विनोद तावड़े ने कहा कि नालासोपारा के विधायकों की



बैठक चल रही थी। मतदान के दिन के लिए आदर्श आचार संहिता, वोटिंग मशीनों को कैसे सील किया जाएगा और यदि कोई आपत्ति की जानी है तो कैसे कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने कहा कि मैं उन्हें इसके बारे में बताने के लिए वहां गया था।पार्टी (बहुजन विकास अघाड़ी) के कार्यकर्ता अप्पा ठाकुर और क्षितिज ने सोचा कि हम पैसे बांट रहे हैं। चुनाव आयोग और पुलिस को जांच करने दीजिए, उन्हें सीसीटीवी फुटेज लेने दीजिए।भाजपा नेता ने कहा कि मैं 40 साल से पार्टी में हूं। अप्पा ठाकुर और क्षितिज मुझे जानते हैं, पूरी पार्टी मुझे जानती है।फिर भी मेरा मानना ??है कि चुनाव आयोग को निष्पक्ष जांच करनी चाहिए। शिवसेना यूबीटी नेता प्रियंका चतुवेर्दी ने भाजपा पर केवल धनबल के प्रभाव से चुनाव जीतने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## वोट की जगह आराम को चुनना कैसे विभिषिका में हुआ तब्दील, सियालकोट इसका सटीक उदाहरण,

एजेंसी

**नई दिल्ली:**मुजफ़्फर रज्मी का शेर है 'ये जब्र भी देखा है तारीख की नजरों ने, लम्हों ने खता की थी सदियों ने सजा पाई

वैसे तो भारत में चुनाव को लोकतंत्र का उत्सव कहा जाता है।लेकिन कई लोग ऐसे भी हैं जो मतदान के दिन मिले अवकाश को एक अतिरिक्त मिली छुट्टी की तरह ले घूमने निकल जाते हैं।उन्हें लगता है कि एक वोट से कौन सी दुनिया बदल जाएगी। इसी सोच की वदह से हर बार हजारों वोट बेकार चले जाते हैं और नतीजा कुछ का कुछ हो



जाता है। देश की सरकारों को तो छोड़िए देशों का नक्शा तक बदल जाने की कहानी भी इतिहास में दर्ज है और उसका सबसे मुफीद उदाहरण सियालकोट का है।जब वोट नहीं देने की सजा कई पीढियों को मिली।वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सिंह का एक वीडियो क्लिप सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है।इस वीडियो क्लिप में वो एक पुरानी घटना का जिक्र करते हुए बताते हैं कि कैसे मतदाताओं की आरामपरस्ती और लापरवाही से एक भाग भारत का हिस्सा बनते बनते रह गया था। वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप सिंह अपने वीडियो में पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के एक जिला सियालकोट के बारे में बताते हैं।सियालकोट की दूरी लाहौर से 135 किलोमीटर और जम्मू से सिर्फ 42 किलोमीटर। बंटावड़े के वक्त का जिक्र करते हुए प्रदीप सिंह ने अपने वीडियो में बताया कि असम के बड़े नेता गोपीनाथ बार्दिलाई चाहते थे ।

## कैलाश गहलोत ने क्यों छोड़ी आदमी पार्टी क्या ED-CBI का था डर BJP में शामिल होने के बाद पूर्व मंत्री ने तोड़ी चुप्पी



एजेंसी

**नई दिल्ली:**आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और मंत्री कैलाश गहलोत के अचानक इस्तीफे से आप को झटका लगा है, जिससे बहुप्रतीक्षित दिल्ली विधानसभा चुनाव से कुछ महीने पहले एक बड़ा राजनीतिक शून्य पैदा हो गया है। आप से इस्तीफा देने के बाद कैलाश गहलोत भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा में शामिल होने के एक दिन बाद कैलाश गहलोत ने तमाम सवालों पर अपनी चुप्पी तोड़ी है। आप छोड़ने को लेकर उन्होंने कहा कि मैंने अपने पत्र में पार्टी छोड़ने का मुख्य कारण विस्तार से बताया है। मुख्य मुद्दे वही हैं। जिन मूल्यों के कारण हम आप में शामिल हुए। कैलाश गहलोत ने कहा कि मैंने कल प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा था कि मैं उन कार्यकताओं में से एक था जो एक विचारधारा से जुड़े थे। मेरे जैसे लाखों लोग हैं। मेरा मानना ??है कि पार्टी कभी भी किसी एक व्यक्ति से नहीं बनती। यह असंभव है। जब लाखों-करोड़ों लोग एक पार्टी में शामिल हुए और एक आम आदमी के लिए एकजुट हुए, तो वे आम आदमी पार्टी (आप) की विचारधाराओं, मूल्यों और सिद्धांतों से जुड़े लेकिन इसे कमजोर होते देखा जा सकता है। प्रदूषण रातोरात नहीं होता है, यह समय के साथ होता है। जब मुझे ऐसा लगा तो मैंने छोड़ दिया। आप के आरोपों पर उन्होंने कहा कि 2018 में मेरे आवास पर इनकम टैक्स की तलाशी हुई, लेकिन मैं डरा नहीं। उस वक्त भी दबाव रहा होगा।

## क्या दिल्ली में होगी ऑड-ईवन की वापसी? बढ़ते प्रदूषण के बाद गोपाल राय ने दिया दिया बड़ा संकेत

एजेंसी

**नई दिल्ली:**राष्ट्रीय राजधानी में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच, दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सरकार वायु प्रदूषण से निपटने के लिए सभी आवश्यक उपाय कर रही है और विशेषज्ञों की सलाह के बाद और आवश्यकताओं के आधार पर सम-विषम वाहन योजना सहित अतिरिक्त कदम लागू करेगी। उन्होंने कहा कि हम ऑड-ईवन पर भी चर्चा कर रहे हैं लेकिन अब एक्सपर्ट्स कह रहे हैं कि हमने इतनी पाबंदियां लगा दी हैं तो लोग अब विचार कर रहे हैं कि इसका कितना असर होगा। दिल्ली की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक गिर गई, जिससे लोगों को आंखों में खुजली और गले में खराश के साथ सांस लेने में दिक्कत हुई, क्योंकि अदक494 पर



था, जो पिछले छह वर्षों में दूसरा सबसे खराब था। इसके अलावा, 15 निगरानी स्टेशनों में अदक का स्तर 500 की अधिकतम सीमा तक पहुंच गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के आंकड़ों के अनुसार, शहर का 24 घंटे का एक्यूआई शाम 4 बजे दर्ज किया गया, जो पिछले दिन के 441 से बढ़कर देश में सबसे अधिक था। वाहन प्रदूषण को नियंत्रित करने और बढ़ते कण पदार्थ के स्तर को कम करने के लिए अअढ सरकार द्वारा 2016 में पहली बार शुरू की गई ऑड-ईवन योजना, पंजीकरण संख्या के आधार पर वाहन के उपयोग को वैकल्पिक करती है। योजना के तहत, सम अंक (0, 2, 4, 6, 8) पर समाप्त होने वाली पंजीकरण संख्या वाले वाहनों को सम तिथियों पर सड़कों पर चलने की अनुमति है, जबकि विषम अंक (1, 3, 5, 7, 9) पर समाप्त होने वाली पंजीकरण संख्या वाले वाहनों को सड़कों पर चलने की अनुमति है। विषम तिथियों पर अनुमति है। यह योजना सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक चलती है, इस वैकल्पिक पैटर्न के आधार पर वाहनों की आवाजाही को प्रतिबंधित करती है।दिल्ली की वायु गुणवत्ता खतरनाक स्तर तक गिर गई, जिससे लोगों को आंखों में खुजली और गले में खराश के साथ सांस लेने में दिक्कत हुई, क्योंकि अदक494 पर था, जो पिछले छह वर्षों में दूसरा सबसे खराब था।

# राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत प्रमाणीकरण को लेकर राज्य स्तरीय टीम ने शीतलपुर एचडब्लयूसी का किया मूल्यांकन

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

- घर के पास हीं मरीजों की सारी जरूरतों को पूरा कर रहा है हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर
- राज्य स्तर से सर्टिफाइड होने के बाद नेशनल के लिए होगा तैयार
- स्वास्थ्य के गुणवत्ता में सुधार लाना एनक्वास का मुख्य उद्देश्य



**छपरा।** राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत चयनित सारण के दिघवारा प्रखंड के शीतलपुर डीह स्थित हेअल्थी वेलनेस सेंटर का राज्य स्तरीय टीम ने मूल्यांकन किया। टीम में पटना के डीसीक्यूए डॉ स्वाति और पिरामल के राज्य प्रतिनिधि डॉ गुंजन गौरव शामिल थे। टीम के द्वारा टीकाकरण, ओपीडी, एनसीडी सेवा, ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन, एनसीडी जांच, परिवार नियोजन, 14 प्रकार की जांच, साफ सफाई आदि मानकों पर मूल्यांकन किया गया है। डॉ स्वाति और डॉ गौरव गुंजन ने बताया कि हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) में साफ- सफाई, उपकरणों की स्थिति सहित उक्त स्वास्थ्य संस्थान में इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों को मिलने वाली उपलब्ध सुविधाओं की जांच और मरीजों की देखभाल, इलाज के तरीके और रोगियों की संतुष्टि का मूल्यांकन करने के साथ ही मानक संचालन प्रक्रियाओं और प्रोटोकॉल के अनुपालन की जांच की गई है। यहाँ सभी सुविधाओं को मानक के अनुरूप सुदृढ़ किया गया है। इस दौरान डीपीएम अरविन्द कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रौशन कुमार, पिरामल के प्रोग्राम लीड डॉ रविश्वर कुमार, सीफार के डीपीसी गनपत आर्यन, पीएसआई के एफपीसी राजीव श्रीवास्तव, सीएचओ विकास, बीएचएम ऋचा कुमारी, बीसीएम सुधा कुमारी बीएमएंडई अनीता कुमारी, एएनएम रजनी कुमारी समेत अन्य मौजूद थे। हेल्थ वेलनेस सेंटर पर उपलब्ध है ये सुविधाएं :

शीतलपुर डीह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर 152 प्रकार का दवा, 14 प्रकार के जाँच की सुविधाएं, टीकाकरण, प्रसव पूर्व जाँच, परिवार नियोजन की सेवा, ओपीडी, संचारी रोग, गैर संचारी रोग, मानसिक स्वास्थ्य, पीने का पानी, हर्बल गार्डन, शौचालय, अग्निशमन यंत्र के साथ स्वच्छ वातावरण में गुणवत्ता पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रहीं है। बीमारियों की जांच के लिए 14 प्रकार की जांच सुविधा उपलब्ध है। इसमें गर्भावस्था जांच सुविधा, रूटीन यूरिन टेस्ट, ग्लूकोज टेस्ट, मलेरिया टेस्ट, एचआईवी टेस्ट, डेंगू टेस्ट, मल संदूषण के लिए वाटर टेस्टिंग, हेपेटाइटिस बी टेस्ट, फाइलेरिया टेस्ट वीडीआरएल सिफलिस टेस्ट, आयोडीन टेस्ट, हीमोग्लोबिन टेस्ट, कैंसर स्क्रीनिंग, बेसिलस एएफबी मरीजों की स्पुटम कलेक्शन टेस्ट सुविधा उपलब्ध है।

**मरीजों और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच विश्वास का निमार्णः**

दिघवारा के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रौशन कुमार ने बताया कि राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक के तहत, स्वास्थ्य सेवाओं के सभी पहलुओं जैसे- चिकित्सा, नर्सिंग, प्रशासन, और रोगी देखभाल की गुणवत्ता को मानक के अनुरूप तैयार किया जाता है। ताकि स्वास्थ्य संस्थानों में आने वाले सभी मरीजों को उच्च गुणवत्ता के साथ उचित सलाह और उसका सही उपचार मिल सकें। इसके अलावा यह मानक स्वास्थ्य कर्मियों की शिक्षा और प्रशिक्षण के स्तर को भी सुधारने में काफी मददगार साबित होता हैं, जिससे उनकी दक्षता बढ़ती है। राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य यह भी है कि मरीजों और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच विश्वास का निर्माण करता है। जब मरीजों को यह विश्वास हो जाता है कि वह उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं प्राप्त कर रहे हैं, तो उनकी संतोषजनकता बढ़ती है।

**70% से ऊपर स्कोर मिलने पर नेशनल सर्टिफिकेशन मिलेगाः**

डीपीएम अरविन्द कुमार ने बताया कि राज्य स्तरीय सर्टिफिकेशन होने के बाद नेशनल सर्टिफिकेशन के लिए सक्षम पोर्टल के माध्यम से अप्लाई किया जाएगा। उसके बाद केंद्रीय टीम के द्वारा वर्चुअल या फिजिकल मोड में असेसमेंट किया जाएगा। 70% से ऊपर स्कोर मिलने पर नेशनल सर्टिफिकेशन मिलेगा। इसके बाद प्रतिवर्ष इस हेल्थ एंड वैलनेस सेंटर को 1.26 लाख रुपए की राशि दी जाएगी जिसे अस्पताल के उन्नयन में खर्च किया जाएगा।

# दरियापुर थानान्तर्गत चोरी की घटना का सफल उद्भेदन कर चोरी गयी मोटरसाईकिल और मोबाइल बरामद कर 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ




दिनांक- 10.11.24 को दरियापुर थाना को सूचना प्राप्त हुई कि कोनहवा और बेलहर के बीच रियल किंग लाईन होटल से 200 मीटर पहले अमरेश कुमार अपनी मोटरसाईकिल सड़क के किनारे लगा कर कोई कार्य कर रहे थे। इसी क्रम में 03 व्यक्तियों के द्वारा उक्त मोटरसाईकिल और उस पर रखा पिठु बैग जिसमें अमरेश कुमार के मोबाइल और रुपए थे, उसको ले कर भाग गया। इस संदर्भ में अमरेश कुमार के लिखित आवेदन के आधार पर दरियापुर थाना कांड सं0-640/24, दिनांक-11.11.24 धारा- 303 (2) / 3 (5) बी०एन०एस० दर्ज कर अनुसंधान प्रारंभ किया गया। तकनीकी अनुसंधान के क्रम में प्राप्त आसूचना के आधार पर चोरी की गई मोटरसाईकिल और 02 मोबाइल को बरामद कर 03 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। कांड में संलिप्तों के विरूद्ध अग्रतर कार्रवाई कि जा रही है।

> गिरफ्तार अभियुक्त का नाम एवं पता

1. अभिषेक कुमार, पिता-सत्येन्द्र कुमार, साकिन-बबुरबानी, थाना-सोनपुर, जिला-सारण।
2. बिट्टु कुमार, पिता रामबाबु साह, साकिन-गोविंदचक, थाना-सोनपुर, जिला-सारण।
3. गोलु कुमार, पिता-अशोक राय, साकिन-गोविंदचक, थाना-सोनपुर, जिला-सारण।

> जप्त / बरामद सामानों की विवरणी

1. चोरी गयी मोटरसाईकिल-01, 2. चोरी गयी मोबाइल-02

? टीम में शामिल पुलिस पदाधिकारीः- 1.पु०नि० कामेश्वर प्रसाद थानाध्यक्ष दरियापुर थाना, पु०अ०नि० रितेश मिश्रा अपर थानाध्यक्ष, पु०अ०नि० मनोज कुमार उरॉव, प्र०पु०अ०नि० आकाशदीप, स०अ०नि० अलिशेर खॉ, सि०/254 विनोद कुमार, सि0/1190 रामरेखा कुमार, सि०/599 संजय कुमार यादव, चालक सि० संजीव कुमार एवं शैलेन्द्र कुमार एवं थाना के अन्य कर्मी।

# मेडिकल सिविक एक्शन कार्यक्रम



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो .अबु बकर सिद्दीकी

48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, द्वारा नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत वाह्य सीमा चौकी उसराही एवं बतौनाह के नजदीकी गांव हनुमान नगर और शिलानाथ गांव में प्राथमिक स्कूल एवं सामुदायिक भवन के प्रांगण में श्री हरिंद्रि सिंह कार्यवाहक कमांडेंट 48वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल जयनगर के निदेर्शानुसार डॉक्टर सुनेहा सिंह (चिकित्सा पदाधिकारी) की मौजूदगी में निशुल्क मानव चिकित्सा शिविरों का आयोजन किया गया , इन कार्यक्रमों में 48वीं वाहिनी के चिकित्सा कर्मियों द्वारा हनुमान नगर, शीलानाथ एवं आस- पास के गावों के लोगों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियाँ दी गयी तथा निशुल्क इलाज किया गया और आवश्यक औषधियों का निशुल्क वितरण किया गया । इन चिकित्सा कार्यक्रमों में कुल 96 स्थानीय लोगो ने भाग लिया जिसमे पुरुष झ 32, महिलाये -43, एवं बच्चे- 21 लाभान्वित हुए । डाक्टर सुनेहा सिंह (चिकित्सा पदाधिकारी) 48 वी वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर, द्वारा वहा उपस्थित सभी लोगो को खान पान पर विशेष ध्यान देने का सुझाव दिया तथा समय समय पर शारीरिक जांच करवाते रहने का भी सुझाव दिया।

# लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास द्वारा आगामी 28 नवंबर को पार्टी के भव्य स्थापना दिवस कार्यक्रम



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो .अबु बकर सिद्दीकी

लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास द्वारा आगामी 28 नवंबर को पार्टी के भव्य स्थापना दिवस कार्यक्रम पार्टी के प्रदेश कार्यालय 1 व्हीलर रोड में पूरे धूमधाम से आयोजित किया जाएगा इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय श्री चिराग पासवान जी पार्टी के सभी माननीय सांसद सभी सम्मानित राष्ट्रीय पदाधिकारीगण सभी सम्मानित विभिन्न प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्षगण सभी सम्मानित प्रदेश उपाध्यक्षगण प्रदेश के सभी पदाधिकारी देशभर में फैले पार्टी के समर्पित और निष्ठावान कार्यकर्ता शामिल होंगे। उक्त आशय की घोषणा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री राजू तिवारी ने किया है। श्री तिवारी ने पार्टी के सभी राष्ट्रीय और प्रदेश के सभी पदाधिकारी गण को इस ऐतिहासिक अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने की बात कही है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ राजेश भट्ट ने प्रेस को बताया कि इसके लिए तैयारी जोरो जोरो से चल रही है। इस अवसर पर राजधानी पटना में सभी रास्तों पर बैनर होर्डिंग से साज सज्जा किया जाएगा । ऐतिहासिक अवसर को लेकर पार्टी के सभी कार्यकताओं में उत्साह की लहर है। इस अवसर पर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह केंद्रीय मंत्री श्री चिराग पासवान जी मुख्य अतिथि होंगे। उक्त कार्यक्रम की तैयारी को लेकर पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय श्री राजू तिवारी जी की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक पार्टी के नव आवंटित प्रदेश कार्यालय 1 विलर रोड में आयोजित की गई जिसमें तैयारी को लेकर विस्तार से सभी नेताओं ने कार्यक्रम से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। सभी माननीय सांसदों ने अपने-अपने सुझाव रखें आयोजन को लेकर अलग-अलग कमेटियों के गठन पर विचार किया गया। पार्टी के माननीय सांसद अरुण भारती ने पार्टी के सभी नेताओं के प्रति एकजुट होकर पार्टी को इस ऐतिहासिक शीर्ष पर पहुंचने को लेकर सभी नेताओं के प्रति आभार जताया। डॉ भट्ट ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री राजू तिवारी के अलावे पार्टी के माननीय सांसद वीणा देवी, जमुई सांसद अरुण भारती, शांभवी चौधरी, राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र कुमार मुन्ना, प्रदेश प्रधान महासचिव संजय पासवान, संसदीय बोर्ड अध्यक्ष हुलास पांडे, संजय कुमार सिंह, चुनाव अभियान प्रमुख सुरेंद्र विवेक, पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष अशरफ अंसारी, रानी कुमारी, संजय सिंह, अमर कुशवाहा, ललन पासवान, विभूति पासवान, नौशाद आलम, प्रकाश चंद्रा, अभय सिंह, प्रो0 रामप्रवेश यादव, डॉ अजय, शोभा सिंहा पासवान, सुरेंद्र ठाकुर, अमित कुमार रानू, मनोज कुमार।

# बाल विवाह रोकथाम के लिए पोस्टर का किया गया विमोचन

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो. सदरे आलम नोमानी




**सीतामढ़ीः** डीएम रिची पांडेय के निर्देश के अनुपालन में बाल विवाह पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी संजीव कुमार के द्वारा के निरंतर अनूठी पहल की जा रही है जिसमें एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (बचपन बचाओ आंदोलन) भी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। शादी ब्याह के मूहर्त को देखते हुए बाल विवाह पर पूर्ण रूप से रोक लगाने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में बाल विवाह के खिलाफ जन जन को जागरूक करने के लिए अनुमंडल पदाधिकारी सह बाल विवाह निषेध पदाधिकारी संजीव कुमार ने बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जन जागरूकता हेतु पोस्टर का विमोचन किया। अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार ने बाल विवाह के खिलाफ जन जन को जागरूक करने के लिए इस अनूठी अभियान के उद्देश्य के प्रति अटूट प्रतिबद्धता व व्यापक समर्थन जताई उन्होंने बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाने के लिए एसोसिएशन फॉर वॉलंटरी एक्शन (बचपन बचाओ आंदोलन) टीम का मार्गदर्शन कर सामूहिक प्रयास पर बल दिया। इस संदर्भ में अनुमंडल पदाधिकारी संजीव कुमार ने बताया कि बाल विवाह निषेध अधिनियम पुरुषों के लिये न्यूनतम 21 वर्ष एवं लड़की के लिए 18 वर्ष निर्धारित करता है। बाल विवाह शिक्षा, स्वास्थ्य और बचपन पर नकारात्मक प्रभाव डालता हैं। बाल विवाह का सीधा असर न केवल लड़के लड़कियों पर, बल्कि उनके परिवार और समुदाय पर भी होता हैं। श्री संजीव कुमार ने कहा की बाल विवाह निषेध अधिनियम के अन्तर्गत आर्थिक दंड के साथ कारावास की सजा का भी प्रावधान है। बाल विवाह के खिलाफ सामूहिक रूप से प्रयास कर संबंधित सूचना स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी सह सहायक बाल विवाह निषेध पदाधिकारी, टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800 102 7222, 1098 पर देने का अपील किया गया है ताकि सामूहिक प्रयास से बाल विवाह जैसी कुरीतियों पर रोक लग सके।

# सरकार गरीब नवाज कांफ्रेंस में पांच बच्चों का हुआ दस्तारबंदी



संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
हुसैनगंज सीवान

सीवान जिले के हुसैनगंज प्रखंड क्षेत्र के माहपुर खजरौनी में बीते सोमवार कि रात मदरसा के बच्चों की दस्तारबंदी पर शानदार जश्ने सरकार गरीब नवाज कांफ्रेंस बड़े धूमधाम से मनाया गया।यह जलसा बच्चों की शैक्षिक और धार्मिक उपलब्धियों का सम्मान करने और उनके उज्जवल भविष्य की कामना के उद्देश्य से आयोजित किया गया था।

जलसे की शुरूआत तिलावत-ए-कुरआन से हुई, जिसके बाद नात-ए-पाक पेश की गई। मदरसा हेड मौलाना अकिल ने बताया कि मदरसा के पांच बच्चों को दस्तारबंदी दि गई, जिनमें समिउललाह कादरी, सिबतैन रजा, अबु नसर रजा, अब्दुल वाहिद, अशरफी अरबीया बिहार के अलग-अलग हिस्सों से शामिल थे।मोकरीर कारी नेशार ने हालाते हाजरा पर तकरीर पेश किया। इनके अलावा मोकरीर व शायरों में मौलाना रफी अहमद, जुबैर रजा बरैली, कारी अख्तर जेयां, गुलाम अशरफ, नाजीर हुसैन, शोहराब रजा कादरी शामिल रहे।उलेमा और शायरों ने इस मौके पर शिरकत की और बच्चों को उनकी मेहनत और लगन के लिए सराहा। उन्होंने शिक्षा और दीन के महत्व पर जोर देते हुए बच्चों को हमेशा अच्छे इंसान बनने की प्रेरणा दी।

# दरौली में नामांकन के बाद स्क्रुटनी का कार्य शुरू



-दरौली में अध्यक्ष पद पर 30 व प्रबंधकारणी सदस्य पद पर 171 उम्मीदवारों ने किया नामांकन दरौली, सिवानः पैक्स चुनाव को लेकर दरौली प्रखंड मुख्यालय बनाएं गए कार्यालय में गत सोमवार को नामांकन के बाद मंगलवार से स्क्रुटनी का कार्य शुरू हो गया जो आगामी बुधवार तक चलेगा। उक्त बातें प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी शिखा दीप्ति द्वारा बताई गई। उन्होंने बताया कि आगामी 29 नवंबर को दरौली प्रखंड में होने वाले पैक्स मतदान के लिए सभी तैयारी पूरी कर ली गई है। उन्होंने बताया कि दरौली के दस पैक्स क्षेत्र में हो रहे चुनाव को लेकर नामांकन के अंतिम दिन पैक्स अध्यक्ष पद कुल 30 उम्मीदवारों ने नामांकन किया है। जिसमें महिला उम्मीदवार 9 और पुरुष उम्मीदवार 21 हैं। वहीं प्रबंधकारणी सदस्य के लिए कुल 173 उम्मीदवारों ने नामांकन किया गया है।

# 24 को पटना में जमीयत के राष्ट्रीय एकता सम्मेलन को सफल बनायें: मो. सदरे आलम नौमानी

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
अनवार नौमानी



सीतामढीःजमीयत उलेमा बिहार के तत्वाधान में भारतीय संविधान की रक्षा एवं राष्ट्रीय एकता पर एक महाधिवेशन 24 नवंबर 2024 दिन रविवार को सुबह 10 बजे गांधी मैदान, पटना के निकट बापू सभागार में अमीरुल हिंद हजरत मौलाना अरशद मदनी अध्यक्ष जमीयत उलमा हिंद कि अध्यक्षता में होगी। पटना के इस सम्मेलन में सीतामढी जिले से अधिक से अधिक मुसलमानों को शामिल होने के लिए जमीयत उलेमा सीतामढी जिला के पूर्व अध्यक्ष मौलाना मुहम्मद सद्र आलम नौमानी उपाध्यक्ष अशफाक उर्फ ??चांद अबरारुल हक नोमानी और जसीम अहमद के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल बाजपट्टी प्रखंड के धनकोल, बलहियां, कश्यपटी, बरहरवा, मिर्जापुर, मदारीपुर का दौरा किया जहां स्थानीय लोगों के साथ बैठक की गयी जिसमें बड़ी संख्या में लोगों से सम्मेलन में भाग लेने का अनुरोध किया गया. मौलाना नौमानी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि इस सम्मेलन को सफल बनाने के लिए बड़ी संख्या में पटना चले लोगो ने आश्वासन देते हुए कहा कि यह सम्मेलन समय और परिस्थितियों को देखते हुए बहुत महत्वपूर्ण है, इसलिए अधिक से अधिक संख्या में इस सम्मेलन में हम लोग भाग लेंगे. सभी लोग भारत के संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होकर अपनी चट्टानी एकता दिखाएंगे, और इस सम्मेलन को सफल बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे मुसलमानों के लिए इस समय सबसे बड़ी समस्या यह है कि बंदोबस्ती कानून में कोई संशोधन न हो और यह तभी संभव है जब हम इस सम्मेलन में बड़ी संख्या में भाग लेंगे और सम्मेलन को सफल बनाएंगे।

## 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर द्वारा चलाए जा रहे 21 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन समारोह

जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो .अबु बकर सिद्दीकी

48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल जयनगर द्वारा चलाए जा रहे 21 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन समारोह हरिंद्र सिंह बेलवाल द्वितीय कमान अधिकारी, कार्यवाहक कमांडेन्ट के पर्यवेक्षण में मधुबनी जिले में अवस्थित 48वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल की बाह्य सीमा चौकी गंगौर में गृह मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में मानव संसाधन विकास कार्यक्रम तहत डॉ. कुमार इन्फोटेक आई.टी.कॉलेज के माध्यम से 30 सीमावर्ती महिलाओं एवं लड़कियों हेतु चलाए जा रहे 21 दिवसीय ब्यूटी पार्लर प्रशिक्षण का समापन समारोह आयोजित किया गया। इस नागरिक कल्याण कार्यक्रम के तहत 30 सीमावर्ती महिलाएं एवं युवतियों को स्वरोजगार हेतु कौशल विकास प्रशिक्षण दिलाया गया । प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सीमावर्ती गरीब एवं आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों एवं महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना है, ताकि प्रशिक्षण उपरांत अपना स्वयं रोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर बन सकें। कार्यक्रम के दौरान श्री हरेंद्र सिंह (द्वितीय कमान अधिकारी ) कार्यवाहक कमांडेंट 48 वाहिनी ,डॉक्टर कुमार इन्फोटेक संस्थान के संस्थापक श्री शेष नारायण, गांव प्रमुख श्री गोपाल दास, ट्रेनर श्रीमती सुनीता देवी एवं समवाय प्रभारी गंगौर उपस्थित रहे क्कार्यक्रम के अंत में श्री हरेंद्र सिंह (द्वितीय कमान अधिकारी) कार्यवाहक कमांडेंट द्वारा प्रशिक्षुओं को प्रशिक्षण संबंधी प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्थापना दिवस सह मधुबनी महोत्सव की सफल आयोजन को लेकर आयोजित हुई बैठक



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
मो .अबु बकर सिद्दीकी

मधुबनी जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला स्थापना दिवस सह मधुबनी महोत्सव की सफल आयोजन को लेकर आयोजित हुई बैठक ।

1 एवं 2 दिसम्बर 2024 को पूरे उत्सव एवं उत्साह के वातावरण में जिला स्थापना दिवस सह मधुबनी महोत्सव का होगा आयोजन।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न अयोजन समिति के गठन करने का दिया निर्देश।

प्रभात फेरी, रंगा-रंग संस्कृतिक कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता आदि का होगा अयोजन।

नीली रौशनी से जगमग होंगे समाहरणालय सहित सभी प्रमुख सरकारी कार्यालय।

विकास मेला में विभिन्न विभागों के लगाएं जायेगे स्टॉल, विकास कार्यो, उपलब्धियों के साथ-साथ योजनाओं की दी जाएगी जानकारी।

मधुबनी 19 नवम्बर 2024

जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जिला स्थापना दिवस सह मधुबनी महोत्सव 2024 के सफल आयोजन को लेकर सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि जिला स्थापना दिवस हर वर्ष की भांति 01 दिसंबर 2024 को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की सफल आयोजन को लेकर सभी संबधित पदाधिकारी अभी से ही इसकी तैयारी शुरू कर दे। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि 1 दिसम्बर को प्रातः कालीन प्रभात फेरी निकाली जाए, जिसमे सेव वाटर सेव लाइफ की मूल भावना को प्रश्रय देने का प्रयास किया जाए। इसमें जिले के युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं, बुद्धिजीवियों सहित स्कूल-कॉलेज के बच्चों की भी सक्रिय भूमिका होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिया कि स्थापना दिवस पर विभिन्न विभागों के द्वारा जिले की विकास कार्यो एवं उपलब्धियों को लेकर स्टॉल भी लगाए जाएं। उन्होंने इसके लिए उद्योग विभाग, डीआरडीए, उत्पाद विभाग, कृषि विभाग, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित विकास कार्यो एवं उपलब्धियों का स्टॉल लगाए। उन्होंने जिले में खेल को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला स्थापना दिवस के मौके पर खेलों के आयोजन के निर्देश भी दिए हैं। उन्होंने समूचे कार्यक्रम में दिन के दौरान स्कूली बच्चों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देने वाले कार्यक्रमों जैसे गायन, वादन, नृत्य आदि (एकल व समूह) के आयोजन के भी निर्देश दिए हैं। साथ ही संध्या कालीन आयोजन में स्थानीय व लोक विख्यात कलाकारों से सुसज्जित सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता को लेकर विभिन्न अयोजन समिति के गठन करने का निर्देश दिया। समाहरणालय सहित महत्वपूर्ण सरकारी भवनों को नीली रौशनी से जगमग किया जायेगा। उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त, दिपेश कुमार, अपर समाहर्ता शैलेश कुमार, सिविलसर्जन अनुमंडल पदाधिकारी सदर अश्वनी कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी,

# मनाया गया इंदिरा गांधी का जयंती



जिला संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ
एम नईमुद्दीन आजाद

**समस्तीपुर।** मंगलवार को समस्तीपुर प्रखंड के विशनपुर चौक पर इंदिरा स्मारक कमिटी द्वारा देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी की जयंती को सदभावना दिवस के रूप में मनाया गया। उनके तैल्य चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। अध्यक्षता कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव ठाकुर मनोज भारद्वाज, संचालन स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर तथा धन्यवाद ज्ञापन कांग्रेस नगर अध्यक्ष डोमन राय ने की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि व कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो अबु तमीम ने कहा कि देश के विकास में आयरन लेडी के नाम से मशहूर पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की भूमिका बेहद अहम रही है। उन्होंने आत्मनिर्भरता बढ़ाने और बाहरी सहायता पर निर्भरता कम करने के लिए आर्थिक सुधार किए। बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया, जिससे भारतीय बैंकिंग प्रणाली मजबूत हुई। उन्होंने कृषि क्षेत्र में हरित क्रांति की शुरूआत की जिससे देश की खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित हुई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि सह नगर निगम के मेयर अनिता राम ने कहा कि इंदिरा ने महिलाओं को समान अधिकार दिए और खेतिहर महिला मजदूरों को पुरुषों के बराबर वेतन देने का कानून बनाया। उन्होंने कामकाजी महिलाओं के कल्याण के लिए कई योजनाएं शुरू की। वर्ष 1971 में पूर्वी पाकिस्तान में स्वतंत्रता आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम के समर्थन में पाकिस्तान के साथ युद्ध किया, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश को आजादी मिली। अपने संबोधन के क्रम में वरीय कांग्रेस नेता काजी नसीम एकता ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1984 में ऑपरेशन मेघदूत के जरिए सियाचिन पर भारत का कब्जा कराया। उन्होंने 1974 में परमाणु परीक्षण किया, जिससे दुनियां हैरत में रही। मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष मो अबु तमीम, मेयर अनिता राम, वरीय कांग्रेस नेता काजी नसीम एकता, कांग्रेस के पूर्व जिला महासचिव ठाकुर मनोज भारद्वाज, स्थानीय विधायक के प्रेस प्रतिनिधि राकेश कुमार ठाकुर, कांग्रेस महिला सेल की जिलाध्यक्ष देविता देवी गुप्ता, कांग्रेस नगर अध्यक्ष डोमन राय, कांग्रेस नेता बच्चा बाबू गिरी, रामनारायण शर्मा, विश्वनाथ हजारी, मनोज कुमार राय, रामविलास राय, प्रमोद सिंह कुशवाहा, कौशल सिंह, कृष्णा कुमार राय, ठाकुर रामानुज, मो आशिक इकबाल, सत्येन्द्र ठाकुर, परमानंद ठाकुर, रंजीत कुमार रंभू आदि मौजूद थे।

# पैक्स नामांकन के अंतिम दिन काउंटरों पर लगी रही भीड़, तीन बजे के बाद नामांकन बंद



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** जिले के कल्याणपुर प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को पैक्स चुनाव को लेकर अंतिम दिन अध्यक्ष पद पर नामांकन करने वाले लोगों की काउंटरों पर भीड़ लगी रही। नामांकन करने वाले प्रमुख लोगों में अध्यक्ष पद के लिए अंजना पंचायत के हिमांशु शेखर उनके कैबिनेट के सभी सदस्यों ने नामांकन किया। मौके पर पंचायत राज के मुखिया पति लक्ष्मण महतो, बलराम सिंह, राजकुमार यादव, रामनाथ महतो, मिश्री राय, उचित राय, सोमन राय, संतनन कुमार बाला, धनंजय कुमार, अजीत कुमार सहित काफी संख्या में समर्थक प्रखंड गेट के आगे मौजूद थे। खरसंड पश्चिम से अनिल कुमार राय ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया उनके समर्थकों में सनोज राय, मिथिलेश राय सहित दर्जनों लोग थे। इसी प्रकार बलहा की कंचन कुमारी ने अध्यक्ष पद पर पर्चा दाखिल किया। इसी तरह लदौरा पैक्स के लिए पूर्व सैनिक नवीन कुमार वर्मा ने अध्यक्ष पद के लिए नामांकन किया इनके साथ भी दर्जनों समर्थक उपस्थित थे।इसी प्रकार भागीरथपुर से अध्यक्ष पद के लिए सूरज महतो ने अपने कैबिनेट के मेंबरों के साथ नामांकन किया।तीन बजे के बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी सह प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी देवेंद्र कुमार पुलिस पदाधिकारी के साथ काउंटर पर देखे गये। बीडीओ ने बताया कि बुधवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी।

# चार दिवसीय जिला खेल महोत्सव हुआ समापन

संवाददाता
रोजनामा इंडो गल्फ

(दरभंगा) :- चार दिवसीय जिला खेल महोत्सव 2024 के समापन समारोह में मुख्य अतिथि श्री विवेक कुमार सिंह भारतीय प्रशासनिक सेवा सह अध्यक्ष भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण बिहार ,जिलाधिकारी दरभंगा-सह-अध्यक्ष जिला खेल महोत्सव 2024 श्री राजीव रौशन,और वरीय पुलिस अधीक्षक जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी, के कर कमलों से पुरस्कार वितरण किया गया। कार्यक्रम में आज अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री समर बहादुर सिंह आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री विवेक कुमार सिंह का स्वागत प्रतीक चिन्ह एवं पौधा प्रदान कर जिलाधिकारी दरभंगा राजीव रौशन ने किया । जिलाधिकारी को दरभंगा जिला खेल संघ के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह ने प्रतीक चिन्ह एवं पौधा प्रदान कर स्वागत किया। वरीय पुलिस अधीक्षक श्री जगुनाथ रेड्डी जला रेड्डी को प्रतीक चिन्ह एवं पौधा प्रदान कर प्रदीप गुप्ता संयुक्त सचिव जिला खेल संघ दरभंगा ने सम्मानित किया। जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री समर बहादुर सिंह को जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह " पप्पू जी" तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अमित कुमार को प्रतीक चिन्ह एवं पौध प्रदान कर दिलीप भगत ने स्वागत किया । इस अवसर पर जिलाधिकारी ने जिला में खेल की गतिविधि को बढ़ाने में,जिला खेल महोत्सव के आयोजन के लिए संपूर्ण जिला खेल संघ की समिति के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के अभियान से खेल एवं खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन होगा ।साथ ही आज ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी विद्यालय के बच्चों के द्वारा जीते गए पुरस्कार को देख कर खुशी हुई। उन्होंने कहा कि यह खेल महोत्सव का आयोजन प्रतिवर्ष कराया जाना, खेल,खिलाड़ी एवं राष्ट्रीय भावना के जागरण की दृष्टि से उपयुक्त है । मुख्य अतिथि श्री विवेक कुमार सिंह ने अपने उद्बोधन में ऐसे आयोजन के लिए दरभंगा जिला खेल संघ के सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, उनकी संपूर्ण कार्यकारणी एवं विभिन्न समिति तथा उप समिति में दायित्व का निर्वहन करने वाले खेल संघ के अधिकारियों के साथ शारीरिक शिक्षा शिक्षकों एवं वरीय खिलाड़ियों की महती भूमिका की भूरि-भूरि प्रशंसा की। उन्होंने अच्छे स्टेडियम के निर्माण एवं खिलाड़ियों को बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु खेल विभाग से संबंधित सहयोग का आश्वासन दिया। उनकी उपस्थिति एवं उद्बोधन से संपूर्ण नेहरू स्टेडियम में उत्साह का वातावरण बना । उन्होंने कहा की साइकिल रैली के अभियान से प्रथम दिन जागरण का काम और फिर एथलेटिक्स, शतरंज, बैडमिंटन, टेबल टेनिस ,टेनिस बॉल क्रिकेट, हैंडबॉल ,वॉलीबॉल, कबड्डी एवं कुश्ती की आयोजित प्रतियोगिता के प्रतिभागियों का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा की खेल जीवन में अनुशासन लाता है,



# समस्तीपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डों में नवनिर्मित पीसीसी सड़कों का मेयर अनीता राम ने किया उद्घाटन

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर नगर निगम के विभिन्न वार्डों में नवनिर्मित पी०सी०सी० सड़कों का उद्घाटन मेयर अनीता राम के द्वारा किया गया। जिसमें वार्ड संख्या-20 में जानकी राय के घर से शंभू राय के घर तक पी०सी०सी० सड़क निर्माण कार्य (योजना राशि-977600), वार्ड संख्या- 28 में रामबाबु टी स्टॉल से राज कुमार के मकान तक पी०सी०सी० सड़क निर्माण कार्य (योजना राशि-998100), वार्ड संख्या-28 में जें०एन० झा के घर से लता कुमारी के घर तक पी०सी०सी० सड़क निर्माण कार्य (योजना राशि-996100), वार्ड संख्या-29 में पोद्दार स्कूल से संजय सिंह के घर तक सड़क निर्माण कार्य (योजना राशि-991900), वार्ड संख्या-29 में चित्रगुप्त मंदिर से अर्जुन पासवान तक सड़क निर्माण (योजना राशि-999400) कार्य का उद्घघाटन किया गया।इस अवसर पर स्थानीय वार्ड पार्षद गौतम कुमार, ज्योति कुमारी, सीरीबती देवी, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य धिरज कुमार शर्मा, सूजय कुमार, धनश्याम भरोष पंडित, रंजित कुमार दास, कमलेश कुमार कमल, दीपू पोद्दार, प्रदीप कुमार (पूर्व पार्षद प्रतिनिधि), दिपक सिंह, संजय सिंह, प्रतिक कुमार सिंह, संजय गुप्ता, हरि ओम प्रसाद, प्रभू रंजन झा, नितीश ठाकुर, दिनेश ठाकुर, अशोक ठाकुर, गोपी कुमार, रवि कुमार, अनिश कुमार समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग उपस्थित थे।



# चकमेंहसी पंचायत के पूर्व उप मुखिया का निधन, शोक की लहर



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर ब्लॉक के तहत चकमेहसी पंचायत के वार्ड संख्या 01 भुसकैल निवासी एवं वर्तमान वार्ड मेम्बर निर्मला देवी (65) के उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। बताया जाता है कि निर्मला देवी के पति समाजसेवी नवल तिवारी के कहना है कि वह कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। चकमेंहसी पंचायत के मुखिया बृजेश राय, सरपंच सह पैक्स अध्यक्ष प्रत्याशी नवल किशोर त्रिवेदी, भाजपा नेता अंकित कुमार त्रिवेदी, पूर्व मुखिया अखिलेश ठाकुर, रुपेश तिवारी, कृष्ण कुमार तिवारी, मोहम्मद सुफी आदि गणमान्य एवं जनप्रतिनिधियों उनके निवास स्थान पहुंचकर उनके परिवार को सांत्वना दी और नमन किया।

# आयरन लेडी स्व इंदिरा गांधी का मनाया गया 107 वीं जयंती

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

**समस्तीपुर।** मंगलवार को जिला कांग्रेस कमिटी के तत्वावधान में देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री और आयरन लेडी से मशहूर स्व श्रीमती इन्दिरा गाँधी की 107 वीं जयन्ती मनाई गई। इस अवसर पर उनके तैल चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धासुमन अर्पित कर एक सभा का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता जिला कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष मो अबू तमीम ने किया। अपने अध्यक्षीय भाषण में श्री तमीम ने देश को मजबूत सुदृढ़ बनाने में श्रीमती गांधी के योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला तथा उनके मार्ग पर चलने का आम कार्यकताओं का आहवान किया। आगे उन्होने कहा कि वह देश की ही नहीं बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर की नेत्री थी और विश्व का तत्कालीन नेतृत्व उनका लोहा मानता था। आज के बंगलादेश के निर्माण में उनकी अहम भूमिका थी। श्रीमती गांधी को कभी भुलाया नहीं जा सकता है, उन्होने अपने संकल्प से भारत को एक महान राष्ट्र बनाया। इस अवसर अन्य लोगों के महिला कांग्रेस की अध्यक्ष देविता कुमारी गुप्ता, एससी विभाग के अध्यक्ष कामेश्वर पासवान, नगर अध्यक्ष डोमन राय, ताजपुर प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मालिक, एससी विभाग के उपाध्यक्ष विश्वनाथ सिंह हजारी, वारिसनगर विधानसभा युवा कांग्रेस अध्यक्ष मो महफूज आलम, कृष्ण कुमार राय, आसिफ समीम, आकाश सिंह, मो अरमान, सविता कुमारी, रंजन कुमार, अवधेश कुमार राय, राम शंकर राय, प्रशांत कुमार, समीमा फरहत, प्रमोद कुमार सिंह, राजीव कुमार सहित अन्य लोगों ने भी उनके तैल चित्र पर पुष्पांजली अर्पित कर अपने विचार व्यक्त किए



# स्वच्छता की शपथ प्रखंड विकास पदाधिकारी ने दिलाई



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**एम नईमुद्दीन आजाद**

समस्तीपुर। जिले के कल्याणपुर प्रखंड परिसर में मंगलवार को विश्व शौचालय स्वच्छता दिवस के अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी देवेंद्र कुमार ने परिसर में उपस्थित लोगों को स्वच्छता के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए शपथ दिलवाया।आगे वीडियो ने कहा कि शौचालय घर के आसपास सड़क आदि स्वच्छ रखना जरूरी है इससे बीमारी नहीं होगी। सरकार ने भी इसको लेकर घर-घर शौचालय बनवाया इसकी सफाई रखनी आवश्यक है। मौके पर अजय कुमार बब्लू, मो रऊफ, लाल परी देवी, अनीता देवी, हिमांशु शेखर, बलराम सिंह, अनिल राय, सनोज राय, बृजराज सिंह, कंचन कुमारी, राकेश कुमार साह सहित दर्जनो लोगों ने शपथ लिया

# मधुबनी जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मो .अबु बकर सिद्दीकी**

■ मधुबनी जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई आयोजित।

जिले में 19 नवंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक चलाया जाएगा हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान जिलाधिकारी अरविन्द कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभा कक्ष में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में एजेंडावर सभी बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा जिलाधिकारी द्वारा किया गया वही जिले में 19 नवंबर 2024 से 10 दिसंबर 2024 तक आयोजित होने वाले हमारा शौचालय हमारा सम्मान अभियान के सफल संचालन को लेकर भी जिलाधिकारी ने कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने अकार्यरत सामुदायिक स्वच्छता परिसर की पहचान के लिए सर्वेक्षण तथा सर्वेक्षण से प्राप्त डेटा का आई एम आई एस पर प्रविष्टि के लिए निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वच्छता परिसर की मरम्मत, संचालन एवं रखरखाव हेतु अभियान का संचालन, व्यक्तिगत शौचालय एवं सामुदायिक शौचालय को सुंदर बनाने और शौचालय के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए समुदाय में व्यापक जागरूकता अभियान के संचालक को लेकर भी कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए।बैठक में 10 दिसंबर को जिला स्तर पर सम्मान समारोह का आयोजन करने का निर्णय लिया गया जिसमें उलेखनीय कार्य करने वाले पदाधिकारी,कर्मी,मुखिया, स्व्च्छता पर्यवेक्षक,स्व्च्छता कर्मी आदि को सम्मानित किया जयेगा। जिलाधिकारी ने जिले के कुल 386 पंचायतों में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के चक रहे कार्य का भी विस्तृत रूप से समीक्षा किया। रहिका प्रखंड में गोवर्धन यूनिट के निर्माण कार्य के प्रगति की भी जानकारी लिया।उक्त बैठक में उप विकास आयुक्त दीपेश कुमार , डीपीआरओ परिमल कुमार ,निर्देशक डीआरडीए सहित जिला जल एवं स्वच्छता समिति के सभी सदस्य उपस्थित थे।



# समस्तीपुरः बदमाशों ने अस्पताल कर्मी को गोली मार किया जख्मी, गंभीर हालत में रेफर

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

**समस्तीपुर :-** समस्तीपुर जिले के विद्यापतिनगर थाना क्षेत्र अन्तर्गत मिजार्पुर पुलिस चौकी के पास बदमाशों ने एक निजी अस्पताल के कर्मी को गोली मारकर जख्मी कर दिया। जख्मी को दलसिंहसराय से बेहतर इलाज के लिए बेगूसराय रेफर किया गया।

जानकारी के अनुसार, बाइक लूटने वाले गिरोह के बदमाशों ने इस घटना को अंजाम दिया। युवक के सीने के पास गोली लगी है। जख्मी की विद्यापतिनगर के सीमावर्ती बेगूसराय जिला के चमथा बरखूंट चक्की गांव निवासी मकसूदन यादव के पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में पहचान की गयी है। वह दलसिंहसराय में सरदारगंज स्थित एक निजी अस्पताल में काम करता है।बताया गया है कि प्रिंस बीती रात करीब दस बजे काम खत्म करने के बाद बाइक से घर लौट रहा था। उसी दौरान मिजार्पुर पुलिस पिकेट के पास बाइक सवार बदमाशों ने बाइक लूटने की कोशिश की, जिसका प्रिंस ने जमकर विरोध किया। जिसके कारण बदमाशों गोली चला दी। गोली लगने के बाद प्रिंस के गिरते ही बदमाश फरार हो गए। बताया गया है कि घटना की जानकारी मिलते ही परिजन पहुंचे और प्रिंस को दलसिंहसराय अनुमंडल अस्पताल में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने बेगूसराय रेफर कर दिया।



# पूर्व प्रधानमंत्री इन्दिरा गाँधी ने भारत को वैश्विक मजबूती दी: डॉ. अखिलेश

**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

- कांग्रेस ने मनाया पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी की 107 वीं जयंती
- पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी दृढ़ इच्छाशक्ति की वैश्विक नेता थी: डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह



पटना. मंगलवार, 19 नवम्बर 2024देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. इंदिरा गांधी की 107वीं जयंती आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने की।इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ० राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि स्व. इन्दिरा गाँधी देश की ही नहीं वैश्विक की नेता थी और उनके मनोबल ने देश को वैश्विक स्तर पर मजबूत देशों की श्रेणी में खड़ा कर दिया था। 1971 के युद्ध में उन्होंने विश्व का भूगोल बदल दिया और पाकिस्तान के एक लाख सैनिकों को आत्मसमर्पण करने को मजबूर कर दिया।इतिहास में इससे बड़ा कोई सैन्य आत्मसमर्पण नहीं दर्ज है। 1971 के बाद स्व. गाँधी ने भारतीय सैन्य ताकत को विश्व स्तर का बना दी। देश के नवनिर्माण में आयरन लेडी के नाम से प्रसिद्ध देश की इकलौते महिला प्रधानमंत्री स्व. गांधी की अहम भूमिका रही है। आज लोग आतंकवाद और राष्ट्र के अखंडता के लिए लड़ने की बात करते हैं जबकि स्व. इंदिरा गांधी ने उसे करके दिखाया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि अपने कार्यकाल में इन्दिरा गाँधी ने देश से गरीबी हटाने, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, राजा-महाराजाओं के प्रीवी पर्स हटाने जैसे बड़े एवं महत्वपूर्ण कार्य किए और उन्होंने देश की एकता एवं अखण्डता की रक्षा के लिए आतंकवाद से लड़ते हुए अपनी कुबार्नी तक दे दी। कृतज्ञ राष्ट्र अनन्त काल तक उनके त्याग और बलिदान को याद रखेगा। इस मौके पर उपस्थित बिहार कांग्रेस के प्रभारी सचिव शाहनवाज आलम ने कहा कि स्व. इंदिरा गांधी ने आजीवन देश के लिए संघर्ष किया और उनकी ही देन है जो आज भारत के सैन्य ताकत और क्षमता को वैश्विक स्तर पर लोग जानते हैं। उन्होंने विश्व में भारत की धाक जमाई।

इस अवसर पर प्रदेश कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष चन्दन बागची ने कहा कि उन्होंने देश की राजनीति में अपनी नीतियों से अहम योगदान दिया है।इस मौके पर उपस्थित नेताओं व कार्यकताओं ने सदाकत आश्रम के उद्यान में स्थित स्व. इन्दिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। जयंती कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह के अलावे अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सचिव सह बिहार प्रभारी शाहनवाज आलम, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष चंदन वागची, पूर्व मंत्री कृपानाथ पाठक, वीणा शाही, डा0 अशोक कुमार, प्रेमचन्द्र मिश्रा, कोषाध्यक्ष निर्मल वर्मा, ब्रजेश पाण्डेय, राजेश राठौड़, लाल बाबू लाल, ब्रजेश प्रसाद मुनन, कपिलदेव प्रसाद यादव, मुन्ना शाही, आनन्द माधव शरवतजहां फातमा , सौरभ सिन्हा, डा0 स्नेहाशीष वर्द्धन पाण्डेय, शिशिर कौंडिल्य, राज किशोर सिंह, डा0 संजय यादव, डा0 विनोद यादव सूरज सिन्हा , कुमार आशीष मधुरेन्द्र कुमार सिंह, मुन्द्रिका सिंह यादव, गोरख नाथ, निधि पाण्डेय, आशुतोष शर्मा, शशिकांत तिवारी, शशि रंजन, अजय कुमार चैधरी, सत्येन्द्र कुमार सिंह, उदय शंकर पटेल, मंजीत आनन्द साहू, दुर्गा प्रसाद गुप्ता,, नदीम अंसारी, अब्दुल वकी सज्जन, मृणाल अनामय, विमलेश तिवारी मो0 शाहनवाज, राजेश कुमार मिश्र, अखिलेश्वर सिंह, वसीम अहमद, मनोज मेहता, आदित्य कुमार पासवान, धनंजय शर्मा, संतोष श्रीवास्तव, सैयद फिरोज, वसी अख्तर, राहुल पासवान, अजित शुक्ला, मिथिलेश शर्मा मधुकर, शम्मी कपूर, ओम प्रकाश गर्ग, ललित सिंह ने भी इन्दिरा गाँधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया ।

# पूर्व जदयू विधायक राम बालक सिंह ने रचाई दूसरी शादी

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
मोहम्मद जुबैर

पूर्व जदयू विधायक लगभग 51 वर्षीय राम बालक सिंह ने अपने से आधी उम्र की लड़की रवीना से रचाई शादी। ये शादी की रस्म हरि गिरी धाम मंदिर मंगल गढ़ में विगत रात्रि संपन्न हुई। रवीना के परिजन भी प्रसन्नचित और उत्साहित नजर आए। रवीना के पिता सीताराम सिंह और माता सोचो देवी हैं। विदित हो की राम बालक सिंह की पहली पत्नी आशा रानी का हृदयाघात की वजह से मौत 16 अक्टूबर 2022 को हो गया था। वे विभूतिपुर मुखिया संघ के अध्यक्ष तथा सिंघिया बुजुर्ग दक्षिण पंचायत के पूर्व मुखिया सह जदयू नेत्री भी थी। वो अपने पीछे 3 बड़ी बच्चियों को छोड़ दुनिया से रुखसत हो गई थी। 3 बच्चियों में 2 की शादी हो चुकी। तीसरी बच्ची अध्यनरत है। पत्नी वियोग में मिस्टर सिंह अपने को अकेला समझ और अपनी राजनीतिक विरासत को बनाए रखने को आतुर एकमात्र विकल्प शादी करना ही उचित समझा। उनके करीबी व समर्थकों का कहना है कि ये शादी बिहार की राजनीति में पुनः दमदार प्रवेश की दूर दृष्टि सोच का पैगाम है। वही विपक्षी और आलोचकों का बेबाक कहना है कि राम बालक सिंह पूर्व मुखिया सुरेंद्र सिंह हत्याकांड में हत्या आरोपित व सजायाफ्ता है और वर्तमान में जमानत पर बाहर है।एक तरह से उनका राजनीतिक पतन हो चुका है तो आसन्न विधान सभा चुनाव 2025 में दमदार विधायक दावेदारी हेतु शादी करना और नए नवेली दुल्हन रवीना को राजनीति में प्रवेश करा अपनी हैसियत बरकरार करने भर की कवायद है। यद्यपि ये कोई नया प्रयोग नहीं है।अपितु पिछले लोकसभा चुनाव में आजीवन कारावास काट चुके मगध सम्राट अशोक महतो को कानूनी अड़चन के कारण टिकट नहीं मिलने से आनन फानन में शादी करना पड़ा और पत्नी को राजद का टिकट दिला मुंगेर से चुनाव में भाग्य आजमाया।

# भोजपुरी, उर्दू व संस्कृत के प्रसिद्ध प्रोफेसर से विधायक ने मुलाकात, स्वस्थ होने की कामना



**संवाददाता** **रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के स्टेशन रोड में मशरक कालेज के पूर्व प्रोफेसर डॉ जौहर सफियाबादी से बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना और जल्द स्वस्थ होने की कामना की। बनियापुर विधायक केदारनाथ सिंह ने बताया कि भोजपुरी, उर्दू और हिंदी के लेखक, शायर पूर्व प्रोफेसर डॉ जौहर सफियाबादी की रीढ़ का आपरेशन हुआ। जानकारी मिलते ही उनसे मुलाकात की गयी और जल्द स्वस्थ होने की कामना की गयी। आपकों बता दें कि पूर्व प्रो डॉ जौहर सफियाबादी फारसी और संस्कृत के भी प्रोसेसर रह चुके हैं और उनको मदर टेरेसा लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया है। उन्होंने दर्जनों पुस्तकों की रचना की हैं। विधायक केदारनाथ सिंह ने कहा कि डॉ जौहर जी हमारे हमारे युवा पीढ़ी के प्रेरणा स्रोत है, जिनके पास ज्ञान का भंडार है।

# मानाराय टोल की 121 वर्ष पूरा कर चुकी धर्मपरायण महिला का आकस्मिक निधन

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**



विभूतिपुर प्रखंड के मानाराय टोल गांव में स्वर्गीय हरि नारायण राय की धर्मपत्नी सोनी देवी जो धर्म परायण महिला का 121 वर्ष की उम्र में आकस्मिक निधन हो गया। वे लंबे समय से बीमार चल रही थी। जानकारी के अनुसार पूरे गांव में सबसे बड़ी थी। लोग इन्हें छोटा बड़ा, बूढ़ा, नौजवान बच्चा सभी 'दादी' कहके पुकारती थी। अपने पीछे 2 सुपुत्र भरत राय एवं शत्रुघ्न राय जिसमें भरत राय स्वर्गवासी हो गए हैं, उनकी पुत्रवधू जानकी देवी, पुत्री शुभ कलावती देवी,पोता मुकेश, विकास, अनिकेत, शिवेश, पोती विद्युत, मां और मिंटू सहित परपोता सत्य प्रकाश,पार्वती, वैष्णवी, खुशी संध्या, सूरज, राजा, रितु सहित दर्जन और नाती पोते से भरा हुआ खुशी एवं संपन्न परिवार को छोड़कर स्वर्गवासी हो गए हैं। इनके निधन से गांव में काफी शोक की लहर व्याप्त है। सभी लोग उनके घर पहुंच कर इनकी लंबी उम्र की कामना लिए उनके तरह भरे पूरे परिवार होने का आशीर्वाद ले रहे हैं वहीं उनकी अंतिम विदाई के लिए गांव के सभी लोग पहुंच कर परिवार को सांत्वना देने पहुंच रहे हैं।

# समस्तीपुर में युवती की आपत्तिजनक फोटो सोशल मीडिया पर डाला.

**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**
**मोहम्मद जुबैर**

समस्तीपुर जिले के मथुरापुर थाना क्षेत्र में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। एक युवती की आपत्तिजनक तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल कर दी गई, जिससे परिवार की सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचा है। पीड़िता की विधवा मां ने न्याय की गुहार लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।घटना के अनुसार, पीड़िता का कुछ दिन पहले एक अन्य युवती के साथ विवाद हुआ था। इस विवाद का बदला लेने के लिए, उस युवती ने अपने प्रेमी के साथ मिलकर पीड़िता की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा कीं। पीड़िता की मां ने आरोप लगाया है कि तस्वीरों को जानबूझकर रिश्तेदारों को भी भेजा गया, जिससे उनकी बेटी की छवि खराब हो सके।मथुरापुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार ने जानकारी दी कि मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। जांच की जिम्मेदारी दारोगा सुप्रिया को सौंपी गई है, जो मामले की बारीकी से पड़ताल कर रही हैं। इस घटना ने न केवल पीड़िता और उसके परिवार को आघात पहुंचाया है, बल्कि समाज में सोशल मीडिया के दुरुपयोग के खतरों को भी उजागर किया है।

पांच साल पुराने प्रेम प्रसंग मामले में

# आरोपित युवक को सिवान पुलिस ने मुंगेर से किया गिरफ्तार।




**संवाददाता**
**मोहम्मद आरीफ**

सिवान महाराजगंज 19 नवम्बर मंगलवार। सिवान पुलिस ने पांच साल पुराने प्रेम प्रसंग मामले में संजीव कुमार नामक युवक को मुंगेर जिले से युवक के घर से सिवान पुलिस की टीम ने गिरफ्तार किया।

जानकारी के अनुसार मुंगेर के रहने वाले संजीव कुमार पिता विजय शाह ने पांच साल पूर्व महाराजगंज थाना क्षेत्र के तकीपुर निवासी के एक लड़की को बहला फुसला कर भगाया था। इस मामले मे युवती के परिजनों ने प्राथमिकी दर्ज कराई थी। जिसे पुलिस ने खोजबीन शुरू की थी। महाराजगंज थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार सिंह ने बताया की मामले को लेकर पुलिस काफी समय से आरोपित को खोज रही थी। जिसे गुप्त सूचना मिली की युवक घर पर है। जिसे पुलिस गिरफ्तार की उसका सिवान सदर अस्पताल में मेडीकल जांच करा कर न्यायिक हिरासत में सिवान जेल भेज दिया।

# अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो में मारी टक्कर, 3 घायल



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

मशरक के चैनपुर गांव में ऑटो दुर्घटना में 3 घायल हो गए। घायलों का इलाज सीएचसी मशरक में हुआ। पैसेंजर से लदी ऑटो में अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी जिसमें ऑटो चालक बनियापुर के धनाव गांव निवासी अरविंद उपाध्याय का 32 वर्षीय पुत्र मणी उपाध्याय और पैसेंजर मशरक तख्त टोला गांव निवासी हरेंद्र राम का 30 वर्षीय पत्नी शाति देवी,हरिचरण राम की 45 वर्षीय पत्नी ज्ञान्ति देवी हैं। ऑटो पैसेंजर बैठा कर डुमरसन जा रहा था कि चैनपुर गांव में अनियंत्रित ट्रक ने टक्कर मार दी। जिसमें घायल हो गए।

# समस्तीपुर मे होने लगा ठंड का अहसास, गर्म कपड़े खरीदने के लिए दुकानों पर पहुंच रहे लोग



**जसंवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**समस्तीपुर** जिले में ठंड ने दस्तक दे दिया है। इससे लोगों को सुबह और शाम ठंड का अहसास होने लगा है। दो दिनों से सुबह दस बजे तक कुहासा भी लगा रहता है। जिससे लोगों ने गर्म कपड़े का उपयोग करना भी शुरू कर दिया है। बाजार में भी स्वेटर जैकेट कनपटी मफलर बिक्री शुरू हो गई है। जैकेट सहित अन्य गर्म कपड़े खरीदने के लिए लोग दुकानों पर पहुंच रहे हैं। आकर्षक वैरायटी के स्वेटर जैकेट लोगों को आकर्षित कर रहे हैं।इस बार स्वेटर भी आकर्षक वैरायटी के बाजार में उपलब्ध है। लांग स्वेटर इनरवेयर फुल स्वेटर टी शर्ट की भी अच्छी मांग है। नन्हे बच्चों के लिए इस बार आकर्षक स्वेटर के साथ जैकेट भी बाजार में पहुंचा है। युवाओं में गर्म टी शर्ट की अच्छी मांग है। महिलाएं स्वेटर खरीदना पसंद कर रही है तो युवतियां जैकेट खरीदना पसंद कर रही है। बाजार में स्वेटर 200 से 2000 तक उपलब्ध है। वहीं जैकेट 500 से लेकर 3000 तक दुकानों में उपलब्ध है ठंड बढ़ने के साथ कंबल की भी मांग बढ़ गई है। 600 से लेकर 5000 तक उपलब्ध है। ठंड को ध्यान में रखकर गर्म कपड़े का स्टॉक बड़ी मात्रा में व्यवसायियों ने दुकान में मंगवा लिया है।कपड़ा व्यवसायी इरफान अंसारी, सुभाष जटिया आदि ने कहा की ठंड के चलते गर्म कपड़े का मांग बढ़ गई है। ठंड से बचाव के लिए लोगों ने गर्म कपड़े की खरीदारी शुरू कर दी है। इस बार जैकेट के साथ स्वेटर काफी आकर्षक वेराइटी में उपलब्ध है। ठंड बढ़ने के साथ गर्म कपड़े की खरीदारी और बढ़ जाएगी। गर्म कपड़े आते है दिल्ली व लुधियाना सेजिले भर में सबसे ज्यादा गर्म कपड़े दिल्ली व लुधियाना से आते हैं। मौसम के बदले मिजाज को देखते हुए गर्म कपड़ों के दुकानदारों के चेहरे खिल उठे हैं। नवंबर की शुरूआत होते ही गर्म कपड़ों के कारोबारियों ने दुकानों में स्टॉक जमा करना शुरू कर दिया था। पर्व त्योहार के बाद इसे दुकान में पूरी तरह से सजा दिया गया है। हिमाचल से आए कपड़ा व्यापारी राम बहादुर ने बताया कि कोट, मफलर, गर्म शॉल, स्वेटर, स्वेटर हूडी, जैकेट, लेदर का जैकेट स्वदेशी और विदेशी सभी तरह के खरीदे जा रहे हैं।

# बिहार एवं झारखण्ड निदेशालय एनसीसी का साइकिल रैली



**जिला संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

एन.सी.सी.निदेशालय बिहार एवं झारखण्ड के अन्तर्गत एन.सी.सी.ग्रुप मुख्यालय पटना के1 बिहार एयर स्क्वाड्रनएन.सी.सी.की ओर से साइकि लरै ली:पे ड लिं ग फॉरयूनिटीऔरस्ट्रेंथकाप्रारंभ16 नवम्बर 2024 को पटना ग्रुप मुख्यालय से डिप्टी ग्रुप कमान्डर पटना ग्रुप द्वारा झंडा दिखा कर रवाना किया गया थो जिसकाउदेश्य एकता में ही बल है का प्रचार राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में करना हैरैल्ली दिनांक 19 नवम्बर2024 कोवायु सेना स्थल बिहटा से होते हुए एन.सी.सी.ग्रुप मुख्यालय पटना पहुंची जहाँ पर केंद्रीय विद्यालय संगठन के आयुक्त द्वारा झंडादिखाकर स्वागत किया गयो

# खिलाड़ियों ने मनाया रानी लक्ष्मीबाई का जन्म दिवस



**संवाददाता**
**रोजनामा इंडो गल्फ**

**मैरवा।** रानी लक्ष्मी बाई स्पोर्ट्स अकादमी की खिलाड़ियों ने 19 नवंबर को भारतीय स्वतंत्रता संग्राम संग्राम की वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई के जन्मदिन को बड़े ही धूम-धाम से मनाया। इस अवसर पर रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के प्रांगण में स्वतंत्रता संग्राम की अग्रणी सिपाही रानी लक्ष्मीबाई के तैल चित्र पर अकादमी के संस्थापक संजय पाठक एवं अन्य पदाधिकारीयों ने जहां माल्यार्पण किया, वहीं अकादमी की सभी प्रशिक्षु खिलाड़ियों ने पुष्प अर्पित कर अपने प्रेरणा स्रोत विरांगना स्वतंत्रता सेनानी रानी लक्ष्मीबाई को याद किया। इस अवसर पर हिंदी के विद्वान शत्रुघन कुमार पांडे ने रानी लक्ष्मीबाई के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला, वहीं अरविंद कुमार ठाकुर ने रानी लक्ष्मीबाई के देश के प्रति त्याग एवं बलिदान पर प्रकाश डाला गया। सिमरन प्रवीण, निक्की कुमारी और वैष्णवी कुमारी ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया।इस अवसर पर रंजन कुमार ,अभिषेक कुमार प्रोग्राम को-ऑर्डिनेटर ब्यूटी मिश्रा ,रंजन कुमारी और दर्जनों की संख्या में राष्ट्रीय और

# कुंभकर्ण टेक्नोक्रेट था, रावण ने अफवाह उड़ाई : राज्यपाल

## प्रयागराज में महाकुंभ के पहले गंगाझयमुना की स्वच्छता बनाए रखने को दिन-रात चल रहा काम





लखनऊ में कहा- वो 6 महीने सोता नहीं, बल्कि गुप्त यंत्र बनाता था

लखनऊ। 'कुंभकर्ण टेक्नोक्रेट (तकनीक का विशेषज्ञ) था। वह 6 महीने सोता नहीं, बल्कि गुप्त तरीके से रिसर्च करके यंत्र बनाता था। रावण ने लोगों से यह बात छिपाने के लिए अफवाह उड़ाई थी कि कुंभकर्ण 6 महीने सोता है। रावण ने किस विमान से सीता का अपहरण किया था? क्या आपने कभी सोचा। यह 5 हजार साल पुराना ज्ञान है, जिससे हमें दूर रखा गया। आज यह नॉलेज हमारे पास नहीं है, लेकिन किताबों में लिखा है। यह बातें राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने सोमवार को लखनऊ के ख्वाजा मोईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के 9वें दीक्षांत समारोह में कहीं। उन्होंने 149 छात्रों को मेडल दिए। इसके अलावा 1421 छात्रों को डिग्री दी। दो महीने पहले मैं रामपुर की रजा लाइब्रेरी गई थी। मैंने वहां दो हजार साल पुरानी किताबें देखी, जिसमें रंगीन चित्र बने थे। उसमें केमिकल का इस्तेमाल नहीं हुआ था। ये सभी चित्र वनस्पतियों से बनाए गए थे। पीएम मोदी की लीडरशिप में यूक्रेन में फंसे हुए विद्यार्थियों लाया गया। रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू हुआ तो तमाम देश किसी एक के पक्ष में आ गए।

भारत ने ऐसा नहीं किया। हमने हमेशा शांति की बात की। युद्ध के दौरान घायलों को दवा, खाना और कपड़े भेजने में भारत आगे रहा। पीएम मोदी को कई देशों ने सर्वश्रेष्ठ अवॉर्ड देकर सम्मानित किया है। कल ही उन्हें 19वें देश ने सर्वश्रेष्ठ पुरस्कार दिया। ये पुरस्कार पाना आसान नहीं होता। 5 करोड़ की जनसंख्या वाले राष्ट्र को यह मिलना आसान है, लेकिन 140 करोड़ की जनसंख्या वाले के लिए बेहद कठिन है। उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी ने कहा- जब हम किसी भाषा को पढ़ना और बोलना बंद कर देते हैं, तो वो विलुप्त हो जाती है। ऐसे में उसकी मौत हो जाती है। मेरा यही कहना है कि आप सभी लोग ईमानदारी से काम करें।

उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने कहा- कोई ऐसी शिक्षा नहीं हो सकती कि जो 'भारत तेरे टुकड़े होंगे' के नारे लगवाए। रेल की पटरियों पर बड़े अवरोध डाल दे। ऐसा कोई शिक्षण संस्थान नहीं है। शिक्षा इंसान बनाती है। इंसानियत को अपनाना सिखाती है। हैवान नहीं बनाती। राष्ट्र के दायित्व के निर्वहन का बोध सीखाती है। कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने कहा- इस सत्र में 73 शोधपत्र प्रकाशित हुए। इसके अलावा 2 राष्ट्रीय और 2 इंटरनेशनल लेवल के पेटेंट हासिल किए गए। गांव को गोद लेने के बाद विश्वविद्यालय में ज्ञान पाठशाला का भी आयोजन किया जा रहा है। 5 क्षेत्रीय भाषाओं में पढ़ाई की शुरूआत करने के साथ भाषा विज्ञान का कोर्स भी शुरू किया जाएगा। लीगल ऐड सेंटर भी स्थापित किया जाएगा। प्रो. शिशिर सिन्हा ने कहा- भारत में सबसे ज्यादा यूथ पॉपुलेशन है। सबसे तेज बढ़ती इकोनॉमी भी है। स्टार्टअप और इनोवेशन के साथ आपको सीखना चाहिए। मेरा मानना है कि जब मैंने सीखना छोड़ दिया, मेरी जिंदगी में ठहराव हो गया। भारत लंबे समय से वैल्यू बेस एजुकेशन का गढ़ रहा है।

## हिन्दू सनातन एकता संगठन महिला मोर्चा की जिलाध्यक्ष बनीं प्रतिमा मिश्रा

संवाददाता

**कुशीनगर।** हिन्दू सनातन एकता संगठन महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रेखा के निर्देशन में प्रदेश अध्यक्षा मोहिनी जी ने श्रीमती प्रतिमा मिश्रा को जनपद कुशीनगर का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया है। कुटुंब एप से श्रीमती मिश्रा ने अपना परिचयपत्र भी प्राप्त कर लिया है। कसया तहसील क्षेत्र अंतर्गत झुग्वा निवासिनी श्रीमती मिश्रा पत्नी सूर्य प्रकाश मिश्रा हिन्दू, धर्म, संस्कृति, परंपरा के निर्वहन, जागरूकता को लेकर हमेशा सजग रहती हैं। उनके सांगठनिक क्षमता को देखते हुए संगठन ने महिला विंग के जिलाध्यक्ष कुशीनगर की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन ने आशा व्यक्त किया है कि आप पूरी ईमानदारी व निष्ठा से संगठन के कार्यो को आगे



बढ़ाएगी। उनके मनोनयन पर संगठन के राष्ट्रीय सचिव सीडी सिंह, राष्ट्रीय सचिव दीपेश, राष्ट्रीय कार्यकारिणी कुसुमलता, प्रदेश प्रभारी मनोज, जिलामंत्री संजय कुमार, जिला मंत्री विनोद सहित मोर्चा पदधिकारियो ने खुशी व्यक्त की है।

## भारतीय जनता पार्टी के संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू

संवाददाता

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी का संगठन चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई है। पार्टी द्वारा इसे संगठन पर्व नाम दिया गया है। संगठन पर्व के अन्तर्गत सबसे पहले सक्रिय सदस्यों की सूची जारी होगी और नवम्बर महीने में सभी बूथों का गठन किया जाएगा। सोमवार को रविन्द्र नगर भाजपा कार्यालय में सक्रिय सदस्यता के जिला सत्यापन अधिकारी देवरिया जिले के पूर्व जिलाध्यक्ष अन्तयार्मी सिंह, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय, सह सत्यापन अधिकारी पूर्व जिलाध्यक्ष जयप्रकाश शाही तथा जिला मंत्री विवेकानंद शुक्ल द्वारा सभी 34 मण्डलों से आए सक्रिय सदस्यता फार्म का सत्यापन किया गया। जिला सत्यापन अधिकारी अन्तयार्मी सिंह ने कहा कि भारतीय



जनता पार्टी एकमात्र ऐसी राजनीति पार्टी है जो लोकतांत्रिक प्रक्रिया में विश्वास करते हुए पार्टी के संविधान के अनुरूप बूथ, मण्डल, जिला, प्रदेश और राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव कराती है। कहा कि जो कार्यकर्ता कम से कम 50 प्राथमिक सदस्य बनाया हो और स्वेच्छा से पार्टी द्वारा निर्धारित सक्रिय सदस्यता शुल्क जमा किया हो वह पार्टी का सक्रिय सदस्य बन सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि कुशीनगर जनपद में अबतक 2300 सक्रिय सदस्यता हेतु आवेदन जिला कार्यालय में प्राप्त हो चुका है जिसमें से 1290 आवेदन का सत्यापन कर दिया गया है और पहली सूची जिला कार्यालय पर चस्पा कर दिया गया है। शेष आवेदन पत्रों का सत्यापन कार्य चल रहा है। उन्होंने बताया कि जो भी कार्यकर्ता सक्रिय सदस्य बनना चाहता है वह अपने मण्डल अध्यक्ष के माध्यम से अपना आवेदन पत्र अतिशीघ्र जिला कार्यालय में जमा करा दें। सक्रिय सदस्यता की अगली सूची शीघ्र ही जारी किया जाएगा। इस अवसर पर जिला महामंत्री सुदर्शन पाल, जिला मीडिया प्रभारी विश्वरंजन कुमार आनन्द, आई टी विभाग जिला संयोजक नमो नारायण मौर्य आदि उपस्थित थे।

## विज्ञान प्रदर्शनी में दिखी बच्चों की प्रतिभा

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** तहसील क्षेत्र के टेकुआटार स्थिति न्यू टैलेंट कोचिंग सेंटर के बच्चों द्वारा विज्ञान मेला एवं प्रदर्शनी में मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का शुभारंभ मुख्य अतिथि जिपंस प्रतिनिधि सतवंत यादव, ग्रामप्रधान राधेश्याम यादव ने फीता काट कर किया। जिपंस प्रतिनिधि श्री यादव ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी से बच्चों की प्रतिभा में निखार आता है। ग्राम प्रधान राधेश्याम यादव ने कहा कि विज्ञान का क्षेत्र काफी व्यापक है। युवा विज्ञान के क्षेत्र में खुद को साबित कर रहे हैं। विज्ञान से बच्चों के लिए यह आयोजन सहायक साबित होगा। अंजुम इंटर कालेज के प्रबंधक शमसाद खान ने कहा कि विज्ञान के बिना विकास संभव नहीं है। अतिथियों ने बच्चों की ओर से बनाए गए द सोल्जर, डीएनए मॉडल, श्वसन तंत्र, ज्वालामुखी, सीवरेज वाटर, ट्रीटमेंट प्लांट एवं हार्ट मॉडल, वायु प्रदूषण, मानव उत्सर्जन तंत्र आदि का अवलोकन कर प्रयासों की सराहना



की। आयोजक मुलायम यादव व संस्था के डायरेक्टर छत्रसाल मदेशिया ने सभी का स्वागत किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अरविंद यादव, अनामिका द्वितीय स्थान कल्पना भगत, निभा राव और तृतीय स्थान मानसी और लकी ने प्राप्त किया। मरियम, अंकिता, अरबिना, साधना , रोशनी, अंजली, प्रीति, सपना, सिमरन,नूरसहिना, जुली, सूरज,साजिद, शिवम,निशा, नेहा, सबाना, नव्या, निधि,निशा, रंजन,गुन्जन, अरमान, साहिल, सुहेल, नैना, मनीषा, सोनम, शालू, गरिमा, शिवानी, काजल आदि बच्चों ने सफल रहे। सभी सफल प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। अध्यक्षता शिक्षक शम्भू राव और संचालन धीरज राव ने किया। इस अवसर पर संदीप दुबे, आदित्य पांडेय,अंशु मिश्रा, पन्ने लाल यादव, रवि यादव, ओमप्रकाश यादव, रामलखन यादव, रामायण , विश्राम यादव, आदित्य त्रिपाठी, रमेश जायसवाल, यूथ आइकान प्रवीण गुप्त मौजूद थे।

## लखनऊः नाबालिग लड़की की गला घोंटकर हत्या

लखनऊ । 16 साल की नाबालिग लड़की की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। सोमवार सुबह इंदिरा नहर के किनारे लाश मिली तो सनसनी फैल गई। किशोरी के गले पर काले निशान हैं। डेड बॉडी पर चोट के निशान भी मिले हैं। घटना गोसाईगंज थाना क्षेत्र के भटवारा गांव की है। आज सुबह ग्रामीणों ने शव देखा तो हड़कंप मच गया। तत्काल मामले की सूचना ग्राम प्रधान और पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। आसपास के सीसीटीवी खंगाले जा रहे हैं। वहीं, मृतका के घर पर लोगों की भीड़ लग गई। मृतका की पहचना गोसाईगंज के भटवारा गांव की नाबालिग किशोरी रूमी (16) पुत्री शनीफ के तौर पर हुई है। मृतका चार भाई-बहन है और मां



का नाम नूरजहां है। पिता शनीफ जानवर खरीदने-बेचने के साथ ही मजदूरी करता है। पिता शनीफ के मुताबिक वह रविवार रात बिना बताए घर से निकली थी, किसी को कुछ भी पता नहीं था। सुबह इंदिरा नहर के किनारे उसका शव मिला तो हम हैरान रह गए। बता दें, कि युवती के गले पर गला कसने के निशान पाए गए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है, कि गला घोंटकर हत्या की गई है। हत्या से पहले युवती ने अपने हत्यारों के साथ संघर्ष भी किया था। शव पर संघर्ष के निशान भी मिले हैं, जो यह संकेत देते हैं, कि उसने बचने की पूरी कोशिश की थी। घटना की सूचना मिलते ही गोसाईगंज पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इस घटना से गांव के लोग डरे और सहमे हुए हैं। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस पर जल्द से जल्द दोषियों को पकड़ने का दबाव बढ़ गया है। घटना ने एक बार फिर महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पुलिस की त्वरित जांच और कार्रवाई पर सबकी निगाह टिकी हुई है।

## 137 जोड़ों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के तहत लिये फेरे

संवाददाता

**हमीरपुर ।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत हमीरपुर के कुछेछा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में 137 जोड़ों का सामूहिक विवाह सौहार्दपूर्ण माहौल में विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ। इसमें 136 हिंदू जोड़े सहित एक मुस्लिम जोड़ा शामिल हुआ। कार्यक्रम में मौजूद सभी अतिथियों ने नवविवाहित वर-वधू को सुखद जीवन के लिए आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत भव्य पंडाल में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी घनश्याम मीना सहित अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कुछेछा स्थित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में आयोजित सामूहिक विवाह



कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने गणेश जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ ही दीप प्रज्वलन कर किया। विवाह कार्यक्रम में आए हुए जोड़ों को प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा वितरित किया गया इस मौके पर नवविवाहित जोड़ो को जिलाधिकारी सहित अन्य अतिथियों ने पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब परिवार की पुत्रियों का विवाह कराया जाता है, जबकि प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री ने केन्द्र,राज्य सरकार तरफ से चलाई जा रही फायदेमंद जनकल्याणकारी योजनाओं का फायदा पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे। महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने की कोशिश की जा रही है साथ ही उनको रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से समाज के अन्तिम छोर पर खड़े गरीब व्यक्ति तक लाभ पहुँच रहा है। इसके अलावा इस विवाह समारोह में सभी लोगो का आपसी



सामंजस्य एक-दूसरे के प्रति लगाव को दशार्ता है।

जिसके तहत जनपद के विभिन्न धर्म तथा समुदाय के लोगों ने समारोह में हिस्सा लिया। जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में उपस्थित सभी नवविवाहित वर-वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आशीर्वाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, निराश्रित/निर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्याओं के लिए मा0 मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश के अंदर निवास करने वाले सभी समुदायों व वर्गों के व्यक्तियों के लिए संचालित है। गरीबी रेखा के नीचे निवास करने वाले परिवार जिनकी वार्षिक आय दो लाख (2,00000) रुपए से कम है वे सभी लाभ लेने के लिए अनुमन्य हैं। उन्होंने बताया कि योजनार्न्तगत प्रत्येक जोड़े पर रू0 51,000 का प्रावधान है। जिसमें संबंधित वधू पक्ष अर्थात कन्या को रू0 35,000 हजार की अनुदान राशि उनके स्वयं के बैंक खाते में अन्तरित की जाती है तथा रू0 10,000 में वधू पक्ष को विवाह हेतु सामग्री जैसे चांदी की पायल, बीछिया, डिनर सेट, कपड़े, कम्बल इत्यादि दिये जाते हैं तथा रू0 6,000 हजार खान-पान, टैंट पण्डाल आदि की व्यवस्था पर व्यय होता है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन अधिकारी के द्वारा सभी जोड़ों का विवाह पंजीकरण भी किया जाता है।

इस मौके पर कार्यक्रम में सीडीओ चंद्र शेखर शुक्ला,पीडी साधना दीक्षित ,राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ वंदना ,ब्लाक प्रमुख मौदहा ,कुरारा,सुमेरपुर, नगर पंचायत अध्यक्ष कुरारा,भाजपा के अन्य पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सहित बडी संख्या में मौजूद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने नवविवाहित दम्पतियों को शुभकामनायें दी।

## संक्षिप्त डायरी

### घने कोहरे में ट्रक से भिड़ी बाइक, एक की मौत, एक गम्भीर

संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** थाना क्षेत्र के नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नं 3 संत गाडगे नगर (सपहा नौका टोला) में घने कोहरे की वजह से एक बाइक सड़क किनारे खड़ी ट्रक से भिड़ गई जिससे दो घायल हो गए। जिनमें इलाज के दौरान एक की मौत हो गयी जबकि एक की हालत नाजुक बताई जा रही है। मिली जानकारी के अनुसार रविवार की देर रात कसया - तुर्कपट्टी मार्ग पर खरदर पुल के पास घने कोहरे के कारण बाईक संख्या सड़क किनारे खड़ी गन्ना लदी खड़ी ट्रक से भीड़ गयी। जिससे बाइक सवार सुरेश पटेल पुत्र श्रीनाथ पटेल (50 वर्ष) निवासी सबया थाना कसया व सचिन कुमार गौड पुत्र रामबली गौड (25 वर्ष) निवासी गोपालगढ थाना कसया गम्भीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुँची पुलिस ने घायलों को ईलाज हेतु सीएचसी कसया भेजवाया तथा परिजनों को सूचित किया गया। ईलाज के दौरान चिकित्सकों ने सुरेश पटेल को मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस द्वारा परिजनों की उपस्थिति में मृतक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा बनवाकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। उधर घायल सचिन की हालत नाजुक देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

### जीवन में गुरु का स्थान सर्वोच्चः अतुल कृष्ण भारद्वाज



संवाददाता

**कसया, कुशीनगर।** फाजिलनगर के अमवा श्री दूबे में चल रहे नव दिवसीय श्री श्री 1008 रुद्र महायज्ञ के पहले दिन का शुभारंभ अत्यंत श्रद्धा और भक्ति के साथ हुआ। इस अवसर पर श्रीधाम वृंदावन से पधारे प्रसिद्ध मानस मर्मज्ञ कथा व्यास अतुल कृष्ण भारद्वाज जी महाराज ने अपनी मधुर वाणी से उपस्थित श्रद्धालुओं को आध्यात्मिकता की गहराइयों में डुबकी लगवाई। प्रथम दिवस की कथा में महाराज जी ने गुरु और नाम की महिमा पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि जीवन में गुरु का स्थान सर्वोच्च है और गुरु द्वारा दिए गए नाम का सुमिरन जीवन को कृतार्थ कर देता है। उन्होंने कहा, गुरु का दिया हुआ नाम आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का सेतु है। यह नाम ही साधक को भक्ति के मार्ग पर आगे बढ़ने की शक्ति प्रदान करता है। महाराज जी ने भक्ति और भावना के महत्व को भी स्पष्ट करते हुए कहा कि भगवान केवल भक्त की भावना और निष्ठा को देखते हैं। कथा के दौरान उन्होंने कहा, जिसके हृदय में सच्ची भक्ति की भावना हो, वह भगवान के सबसे करीब है। कथास्थल पर भक्तों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही, और भक्तों ने महाराज जी की वाणी को ध्यानपूर्वक सुना। पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा और जय श्री राम के जयकारों से गूंजायमान हो गया। महायज्ञ के आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन क्षेत्र में शांति, समृद्धि और धर्म के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से किया जा रहा है। कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से शुरू होकर शाम तक चलेगी, और इसमें महाराज जी विभिन्न धार्मिक और आध्यात्मिक विषयों पर प्रवचन करेंगे।इस दौरान काशी से पधारे यज्ञाचार्य पंडित त्रिभुवन पांडेय,मुख्य यजमान हिरण्यगर्भ द्विवेदी पंकज, ज्ञानेश्वर द्विवेदी दीपक,हृषिकेश द्विवेदी, चित्रसेन द्विवेदी, अशर्फी गुप्ता, जीतन गौड़, उपेंद्र दूबे, ग्राम प्रधान राकेश द्विवेदी समेत गांव वासी व श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### गन्ना क्रय केंद्र डुम्मर भार में पूजन अर्चन के साथ शुरू हुई गन्ने की तौल



संवाददाता

**कुशीनगर।** पडरौना तहसील क्षेत्र के डुम्मर भार में पेराई सत्र 2024 2025 में गन्ने की सप्लाई को लेकर गन्ना तौल केंद्र ढाढा चीनी मिल का शुभारंभ विधिवत पूजन अर्चन के साथ मिल के अधिकारियों और किसानों द्वारा पूजन अर्चन कर किया गया। सोमवार की सुबह क्रय केंद्र डुम्मर भार में स्थापित गन्ना तौल कांटे का शुभारंभ होने के पश्चात तौल शुरू किया गया। एरिया मनैजर सचितानंद पाण्डेय ने किसानों को तौल के बारे मे बताते हुए कहा की पर्ची मिलने पर ही गन्ने की कटाई करें और बिना मैसेज प्राप्त हुए कन्ने की कटाई न करें। 36 कु. की मोड़ पे 40 कु. की तौल होंगी। भरी गाड़ी 50 कु. खाली गाड़ी 10 कुंतल, शुद्ध गन्ने का वजन 40 कुंतल की पर्ची बनेगी इस प्रक्रिया का आपको मैसेज प्राप्त होगा। तौल के दिनांक से 72 घंटे तक मान्य रहेगी। उस के बाद उस पर्ची को निरस्त कर दिया जाएगा। इस लिए समय से पहले साफ सुथरा ताजा गन्ना लाए। अधिकारियों व किसानों का स्वागत एरिया सुपरवाइजर सुशील वर्मा सेंटर इंचार्ज आर्यन शर्मा व राजेश ने करते हुए किसानों से सहयोग की अपील की। इस अवसर पर सचितानन्द तिवारी,मनीष सिंह, होशील यादव, मुबारक, अफरोज, कमुरुदिन,राजकुमार, शैलेन्द्र, हदीस, गोबरी व स्थानीय किसान मौजूद रहे।

### गोरखपुर में फर्जी रेप का केस दर्ज कराकर वसूली

**गोरखपुर ।** फर्जी रेप का केस दर्ज कराकर एक बार फिर ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। इस बार युवती ने एक होटल के मैनेजर पर फर्जी रेप का केस दर्ज कराया और फिर उससे तीन लाख रुपए की मांग करने लगी। घटना कैंट इलाके के मोहद्दीपुर स्थित एक होटल के मैनेजर के साथ हुई। लेकिन जब पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की तो कुछ और हकीकत कुछ और निकली। मैनेजर ने भी पुलिस के सामने अपने बेगुनाही के तमाम सबूत पेश किए। ऐसे अब पुलिस ने युवती के खिलाफ ही केस दर्ज कर लिया है। वहीं इस मामले में एक लेडी पुलिसकर्मी पर भी युवती के साथ ब्लैकमेलिंग में शामिल होने का आरोप लगा है। मोहद्दीपुर के एक होटल के मैनेजर ने पुलिस को बताया कि एक युवती ने पहले उन पर दुष्कर्म का आरोप लगाकर मामला दर्ज कराया। इसके बाद, 3 लाख रुपये की मांग की गई। युवती ने पुलिस विभाग के दीवान के साथ मिलकर झूठे आरोप गढ़े और उन्हें डराने की कोशिश की। लेकिन मैनेजर ने साक्ष्य जुटाकर अपनी बात पुलिस के सामने रखी। पुलिस जांच में दोनों पक्षों के बीच सहमति से संबंध होने की बात सामने आई है। लेकिन, मोबाइल रिकॉर्डिंग से यह स्पष्ट हुआ कि युवती और उसके साथी वसूली के लिए यह सब कर रहे थे।



# गीता में कहा गया है कि शुक्ल पक्ष में मरने वाला वापस लौट कर नहीं आता?

चारों वोदों का सार उपनिषद है और उपनिषदों का सार गीता है। गीता ही प्रमुख धर्मग्रंथ है। गीता में कहा गया है कि शुक्ल पक्ष में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति वापस नहीं लौटता और कृष्ण पक्ष में मृत्यु को प्राप्त व्यक्ति वापस लौट आता है अर्थात उसे फिर से जन्म लेना होता है। उल्लेखनीय है कि भीष्म ने अपना शरीर तब तक नहीं छोड़ा था जब तक की उत्तरायण का शुक्ल पक्ष नहीं आ गया था। लाखों लोग हैं जो शुक्ल पक्ष में मरते हैं और लाखों ऐसे लोग भी हैं जो कृष्ण पक्ष में मरते हैं तो क्या शुक्ल पक्ष में मरने वाले सभी लोगों को मोक्ष मिल जाता है? क्या वह वापस धरती पर नहीं लौटते हैं? दरअसल, गीता में यह बात उन लोगों के लिए कही गई है जो कि ध्यानी, योगी या अनन्य भक्त हैं। आम व्यक्ति को मरने के कुछ ही समय बाद दूसरा जन्म ले लेता है लेकिन जो पाप कर्मी है उसे दूसरा जन्म लेने में कठिनाई होती है। मतलब यह कि वह भूत, प्रेत या पिशाच योगी भोगने के बाद ही जन्म लेगा। यह भी हो सकता है कि वह मनुष्य योनी को छोड़कर निचले स्तर की योनी में चला जाए। मतलब यह कि उसका डिमोशन हो जाए। कृष्ण का शुक्ल और कृष्ण मार्ग का ज्ञान-

**यत्र काले त्वनावत्तिमावृत्तिं चैव योगिनः।**
**प्रयाता यान्ति तं कालं वक्ष्यामि भरतर्षभ।**

भावार्थ : हे अर्जुन! जिस काल में (यहाँ काल शब्द से मार्ग समझना चाहिए, क्योंकि आगे के श्लोकों में भगवान ने इसका नाम 'सृति', 'गति' ऐसा कहा है।) शरीर त्याग कर गए हुए योगीजन तो वापस न लौटने वाली गति को और जिस काल में गए हुए वापस लौटने वाली गति को ही प्राप्त होते हैं, उस काल को अर्थात दोनों मार्गों को कहूँगा।

**अग्निर्ज्योतिरह: शुक्ल: षण्मासा उत्तरायणम।**
**तत्र प्रयाता गच्छन्ति ब्रह्म ब्रह्मविदो जना:।**

भावार्थ : जिस मार्ग में ज्योतिर्मय अग्नि-अभिमानी देवता हैं, दिन का अभिमानी देवता है, शुक्ल पक्ष का अभिमानी देवता है और उत्तरायण के छः महीनों का अभिमानी देवता है, उस मार्ग में मरकर गए हुए ब्रह्मवेत्ता योगीजन उपयुक्त देवताओं द्वारा क्रम से ले जाए जाकर ब्रह्म को प्राप्त होते हैं।

**धूमो रात्रिस्तथा कृष्ण षण्मासा दक्षिणायनम।**
**तत्र चान्द्रमसं ज्योतिर्योगी प्राप्य निवर्तते।**

भावार्थ : जिस मार्ग में धूमाभिमानी देवता है, रात्रि अभिमानी देवता है तथा कृष्ण पक्ष का अभिमानी देवता है और दक्षिणायन के छः महीनों का अभिमानी देवता है, उस मार्ग में मरकर गया हुआ सकाम कर्म करने वाला योगी उपयुक्त देवताओं द्वारा क्रम से ले गया हुआ चंद्रमा की ज्योत को प्राप्त होकर स्वर्ग में अपने शुभ कर्मों का फल भोगकर वापस आता है।

**शुक्ल कृष्णे गती ह्येते जगत: शाश्वते मते।**
**एकया यात्यनावृत्ति मन्ययावर्तते पुन:।**

भावार्थ : क्योंकि जगत के ये दो प्रकार के- शुक्ल और कृष्ण अर्थात देवयान और पितृयान मार्ग सनातन माने गए हैं। इनमें एक द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 24 के अनुसार अर्चिमार्ग से गया हुआ योगी।)- जिससे वापस नहीं लौटना पड़ता, उस परमगति को प्राप्त होता है और दूसरे के द्वारा गया हुआ (अर्थात इसी अध्याय के श्लोक 25 के अनुसार धूममार्ग से गया हुआ सकाम कर्मयोगी।) फिर वापस आता है अर्थात जन्म-मृत्यु को प्राप्त होता है।

## क्या है कृष्ण और शुक्ल पक्ष?

हिन्दू माह में तीस दिन होते हैं। तीस दिनों को चंद्र के घट-बढ़ के अनुसार 15-15 तिथियों में बांटा गया है। चंद्र जब बढ़ने लगता है तो उस काल को शुक्ल पक्ष और जब घटने लगता है तो उस काल को कृष्ण पक्ष कहते हैं। शुक्ल पक्ष की अंतिम तिथि पूर्णिमा और कृष्ण पक्ष की अंतिम तिथि अमावस्या होती है। शुक्ल पक्ष को देवताओं का दिन और कृष्ण पक्ष को पितरों का दिन कहते हैं। इसी तरह उत्तरायण को देवताओं का काल और दक्षिणायन को पितरों का काल कहते हैं।



# भगवान बुद्ध ने नहीं दिए थे इन प्रश्नों के उत्तर?

**कहते हैं कि लव-कुश की पीढ़ी में शाक्य, शाक्य से शुद्धोधन और शुद्धोधन से सिद्धार्थ का जन्म हुआ। यह सिद्धार्थ ही आगे चलकर गौतम बुद्ध ने नाम से प्रसिद्ध हुए। गौतम बुद्ध के दर्शन में अनीश्वरवाद, अनात्मवाद और क्षणिकवाद को महत्व दिया जाता है। उनका मानना था कि संबुद्ध होना ही सत्य है। इसके लिए ही उन्होंने आष्टांगिक मार्ग बताएं हैं।**

गौतम बुद्ध से उनके जीवन में लाखों प्रश्न पूछे गए लेकिन उनमें से 14 प्रश्नों के उन्होंने जवाब नहीं दिए। जब भगवान बुद्ध से जीव, जगत आदि के विषय में चौदह दार्शनिक प्रश्न किए जाते थे तो वे सदा मौन रह जाते थे। ये प्रसिद्ध चौदह प्रश्न निम्नांकित हैं-

1-4 क्या लोक शाश्वत है? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
5-8 क्या जगत नाशवान है? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
9-11. तथागत देह त्याग के बाद भी विद्यमान रहते हैं? अथवा नहीं? अथवा दोनों? अथवा दोनों नहीं?
11-14 क्या जीव और शरीर एक हैं? अथवा भिन्न?
14 अव्याकृत प्रश्न : बौद्ध धर्म में इन प्रश्नों को अव्याकृत कहा गया है। अव्याकृत का अर्थ है जो व्याकरण-सम्मत नहीं है।

## क्यों उत्तर नहीं दिया

उक्त प्रश्न पर बुद्ध मौन रह गए। इसका तात्पर्य यह नहीं कि वे इनका उत्तर नहीं जानते थे। उनका मौन केवल यही सूचित करता है कि यह व्याकरण-सम्मत नहीं थे। इनसे जीवन का किसी भी प्रकार से भला नहीं होता। उक्त प्रश्नों के पक्ष या विपक्ष में दोनों के ही प्रमाण या तर्क जुटाए जा सकते हैं। इन्हें किसी भी तरह से सत्य या असत्य सिद्ध किया जा सकता है। यह पारमार्थिक दृष्टि से व्यर्थ है।

# जानिए हिन्दू देवता पूषन देव को



पूषन एक वैदिक देवता है। पूषन वह देवता हैं जो विवाह के संचालन में मदद करते, सुरक्षित यात्रा प्रदान करते और उन दिलों में वास करते हैं जो पशुओं को भोजन खिलाते हैं। वह हमारे कर्मों के अनुसार वे फल देते हैं। वह आत्माओं को दूसरे संसार की यात्रा करने के लिए पथप्रदर्शन करते हैं। वह लोगों की मृत्यु के समय के दौरान अपनी सुंदर उपस्थिति दिखाकर उनके भय को दूर करते हैं। वह तीर्थ यात्रियों को चोरों और जानवरों से बचाते हैं और लोगों को दुश्मनों, दुर्घटनाओं और अप्राकृतिक मृत्यु से बचाकर लोगों को दिव्य पथ पर ले जाते हैं। वह देने वाले देवता भी हैं जो हमरे जीवन में धन, स्वास्थ और समृद्धि देते हैं। जब हम एक स्थान से दूसरे स्थान की यात्रा करते हैं, तो वह हमारे सामान की सुरक्षा भी करते हैं। वह हमारे दिमाग में बुरे विचारों को दूर करते हैं, काला जादू को दूर करते हैं और कई खतरनाक बीमारियों को ठीक करते हैं।

वह मुख्य रूप से सभी प्रकार की प्राकृतिक आपदाओं से लोगों को राहत देते हैं जो चक्रवात, बाढ़, भारी बारिश और सुनामी के कारण होती हैं। वह शांतिपूर्ण जीवन जीने के लिए, हमारे लिए सभी कार्य करते हैं। वह हमेशा उन भक्तों की देखभाल करते हैं जो किसी भी रूप में ईश्वर की पूजा करते हैं और चाहें दूसरे धर्म के लोग भी हो, लेकिन वे लोगों से केवल यही अपेक्षा रखते हैं कि वे भगवान की सच्ची भक्ति करें। यदि हमारे अंदर ईश्वर के लिए शुद्ध भक्ति है, तो वह हमारे पूर्व कर्मों के आधार पर हमरे जीवन में अच्छे काम करेंगे। वह हमारे बुरे कर्मों को कुछ हद तक कम करने और हमारे जीवन में अच्छे परिणाम देने की शक्ति भी रखते हैं लेकिन वह किसी व्यक्ति के पूरे भाग्य को नहीं बदल सकते हैं। उनका उल्लेख ऋग्वेद और प्राचीन पुराणों और धार्मिक ग्रंथों में भी मिलता है। वह यज्ञ में भाग भी लेते हैं। वह यज्ञ कर्ता और लोगों को आशीर्वाद देते हैं। वह विभिन्न बीमारियों जैसे खांसी, सर्दी, दमा, हृदय की समस्याओं और कई अन्य लंबे समय से चली आ रही बीमारियों से तेजी से राहत दिलाएंगे। वह लोगों को मानसिक विकार, मन में भ्रम, ऊर्जा की कमी, सुस्ती, आलस्य और मानसिक अस्थिरता से भी छुटकारा दिलाते हैं। विभिन्न होम का आयोजन करते समय उनका नाम कई बार दोहराया जाता है। उन्हें इंद्र, वरुण, अग्नि, वायु, सूर्य और चंद्र जैसे वैदिक देवताओं के समकक्ष माना जाता है। उसके पास अलौकिक शक्तियां हैं और आपकी पुकार सुनकर किसी भी क्षण किसी भी स्थान पर पहुंच जाएंगे। हम उसके नाम का बार-बार जाप कर सकते हैं, ताकि वह जीवन के हर पड़ाव में हमारे साथ हों। पुराणों में पूषन को 12 आदित्यों में से एक के रूप में वर्णित किया गया है और वे अदिति एवं कश्यप के पुत्र हैं। उनके भाई सूर्य, वरुण और इंद्र हैं। वह हमारे लिए एक अंगरक्षक के रूप में कार्य करते हैं और हमारे दैनिक जीवन में हमारी सभी इच्छाओं को पूरा करते हैं। यद्यपि वह अन्य देवताओं के समान नहीं जाने जाते हैं। वह वैदिक देवताओं में भी एक है और पृथ्वी पर लोगों की मदद करते हैं। वह भगवान इंद्र द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार अपने कर्तव्यों को करते हैं और उसके लिए एक सहायक मित्र के रूप में भी कार्य करते हैं। वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से निर्वहन करने के लिए वायु, वरुण, सूर्य और चंद्र जैसे अन्य देवताओं के साथ भी परस्पर बातचीत करते हैं। वह कई ऋषियों द्वारा पूजे जाते हैं, और वे ऋषि उनसे आशीर्वाद लेते हैं। वह ऋषियों को उनकी तपस्या को सही तरीके से करने में मदद करते हैं और तपस्या करते समय उनके कारण हुई भूल को दूर करते हैं। सामान्य तौर पर, हम कह सकते हैं कि वह पूरी दुनिया के लिए मित्रवत हैं। आइए हम उनकी महिमा का गुणगान करें और धन्य हों।

# श्रीकृष्ण का यह मंदिर मात्र 2 मिनट के लिए बंद होता है

केरल के कोट्टायम जिले में तिरुवेरपु या थिरुवरप्पु में भगवान श्रीकृष्ण का एक प्रसिद्ध और चमत्कारिक मंदिर है जिसे तिरुवरप्पु श्रीकृष्ण मंदिर कहते हैं। इस मंदिर के संबंध में कई तरह की किंवदंतियां जुड़ी हुई हैं। एक यह है कि जब भगवान श्रीकृष्ण ने कंस को मारा था तो उनको बहुत भूख लगने लगी थी। कहते हैं कि यहां की श्रीकृष्ण की मूर्ति को भूख बर्दाश्त नहीं होती है। 1,500 साल पुराने इस मंदिर की दूसरी खासियत यह है कि यह मंदिर 24 घंटे में से मात्र 2 मिनट के लिए ही बंद होता है और वह समय है- सुबह 1158 बजे से 1200 बजे तक। मंदिर 2 मिनट से ज्यादा बंद नहीं रख सकते। इसके लिए पुजारी को एक कुल्हाड़ी दी जाती है, क्योंकि मंदिर खोलते वक्त यदि देर हो तो वह कुल्हाड़ी से ताला तोड़ दे। दरवाजा खोलने के लिए चाबी दी जाती है, लेकिन यदि चाबी कहीं फंस जाए तो तुरंत कुल्हाड़ी का उपयोग करें।

इसके पीछे मान्यता है कि यहां भगवान कृष्ण हमेशा भूखे रहते हैं और वे जरा भी देर के लिए भूख बर्दाश्त नहीं कर पाते हैं। इसीलिए यदि चाबी के साथ दरवाजा खोलने में कोई देरी होती है, तो पुजारी को कुल्हाड़ी से दरवाजा खोलने की अनुमति दी जाती है। यहां कम से कम 10 बार नैवेद्यम चढ़ाया जाता है। अभिषेकम समाप्त होने के बाद स्वामी (श्रीकृष्ण) का सिर पहले सूख जाता है। तब नैवेद्यम चढ़ाया जाता है और फिर केवल उसका शरीर सूख जाता है। कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण के सोने का समय 1158 बजे से दोपहर 1200 बजे तक ही है। केवल 2 मिनट! भक्तों के लिए यह मंदिर सुबह के लगभग 2 बजे खुलता है।

यह मंदिर ग्रहण के समय भी बंद नहीं होता है। शंकराचार्य के समय एक बार इस मंदिर को ग्रहण के समय बंद कर दिया गया था। बाद में जब दरवाजा खोला गया तो उन्होंने पाया कि स्वामी की कमर की पट्टी नीचे खिसक गई है। उस समय आए आदिशंकराचार्य ने बताया कि ऐसा इसलिए हुआ, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण बहुत भूखे थे, तब से यह मंदिर ग्रहण काल के दौरान भी बंद नहीं किया जाता है। कहते हैं कि जो भी यहां का थोड़ा भी प्रसाद ग्रहण कर लेते हैं, उसे ऐसा लगता है कि पेट भर गया। यहां से प्रसादम का सेवन किए बिना किसी भी भक्त को जाने की अनुमति नहीं है। हर दिन 1157 बजे (मंदिर को बंद करने से पहले) पुजारी जोर से पुकारता है कि क्या कोई भी यहां है जिसने प्रसाद नहीं लिया हो?

ऐसा भी कहा जाता है कि जो भी व्यक्ति एक बार यहां का प्रसाद ग्रहण कर लेता है, वह फिर जीवन में कभी भी भूखे नहीं रहता है। मतलब यह कि उसके जीवन में भोजन प्राप्त करने में कोई समस्या नहीं होती है। यहां अप्रैल के महीने में 10 दिनों तक वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। त्योहार का मुख्य आकर्षण यह है कि यहां युवा कुंआरी लड़कियां समारोहों के दौरान दीप जलाती हैं। इस मंदिर के बारे में एक कथा यह भी प्रचलित है कि महाभारत काल में जब पांडव जंगल में रहते थे तो श्रीकृष्ण ने उन्हें 4 हाथ वाली अपनी प्रतिमा दी थी। जब पांडव जंगल से जाने लगे तो चेरथलाई लोगों ने यह मूर्ति उनसे ले ली। कुछ काल तक वे इसकी पूजा करते रहे लेकिन बाद में उन्होंने कुछ कारणों से इसे समुद्र में फेंक दिया। लंबे समय के बाद यह मूर्ति केरल के एक महान ऋषि को मिली, जब वे नाव से यात्रा कर रहे थे। कहते हैं कि जब उनकी नाव डूब रही थी, तब इस मूर्ति को लेकर कोई दिव्य पुरुष प्रकट हुआ और उसने यह मूर्ति उन्हें दी थी। इस मूर्ति को लाकर उन ऋषि ने उसे यहां स्थापित कर दिया। इस संबंध में और भी कहानियां प्रचलित हैं।



# मार्गशीर्ष माह में पूजें शंख को जानिए पूजन सामग्री की सूची विधि एवं मंत्र

धर्म शास्त्रों के अनुसार सुख-सौभाग्य में वृद्धि के लिए शंख को अपने घर में स्थापित करना चाहिए। माना जाता है कि अगहन (मार्गशीर्ष) के महीने में शंख पूजन का विशेष महत्व है। अगहन के महीने में किसी भी शंख को भगवान श्रीकृष्ण का पंचजन्य शंख मान कर उसका पूजन-अर्चन करने से मनुष्य की समस्त इच्छाएं पूरी होती हैं। विष्णु पुराण के अनुसार समुद्र मंथन के दौरान प्राप्त हुए 14 रत्नों में से ये एक रत्न है शंख। प्रतिदिन घर में शंख पूजन करने से जीवन में कभी भी रुपए-पैसे, धन की कमी महसूस नहीं होती। इसके अलावा दक्षिणावर्ती शंख को लक्ष्मी स्वरूप कहा जाता है। इसके बिना लक्ष्मी जी की आराधना पूरी नहीं मानी जाती है। अगहन मास में खास तौर पर लक्ष्मी पूजन करते समय दक्षिणावर्ती शंख की पूजा अवश्य करनी चाहिए।



## शंख पूजन सामग्री की सूची

*शंख *कुंमकुंम *चावल *जल का पात्र *कच्चा दूध
*एक स्वच्छ कपड़ा *एक तांबा या चांदी का पात्र (शंख रखने के लिए)
*सफेद पुष्प *इत्र *कपूर *केसर *अगरबत्ती
*दीया लगाने के लिए शुद्ध घी *भोग के लिए नैवेद्य *चांदी का वर्क आदि।

## कैसे करें पूजन

- प्रात: काल में स्नान कर स्वच्छ धुले हुए वस्त्र धारण करें।
- पटिए पर एक पात्र में शंख रखें।
- अब उसे कच्चे दूध और जल से स्नान कराएं।
- अब स्वच्छ कपड़े से उसे पोंछें और उस पर चांदी का वर्क लगाएं।
- तत्पश्चात घी का दीया और अगरबत्ती जला लीजिए।
- अब शंख पर दूध-केसर के मिश्रित घोल से श्री एकाक्षरी मंत्र लिखें तथा उसे चांदी अथवा तांबा के पात्र में स्थापित कर दें।
- अब उपरोक्त शंख पूजन के मंत्र का जप करते हुए कुंमकुंम, चावल तथा इत्र अर्पित करके सफेद पुष्प चढ़ाएं।
- नैवेद्य का भोग लगाकर पूजन संपन्न करें।
- अगहन मास में निम्न मंत्र से शंख पूजा करनी चाहिए -

*त्वं पुरा सागरोत्पन्न विष्णुना विधृत: करे।*
*निर्मित: सर्वदेवैश्च पाञ्चजन्य नमोस्तु ते।*
*तव नादेन जीमूता वित्रसन्ति सुरासुरा:।*
*शशांकायुतदीप्ताभ पाञ्चजन्य नमोस्तुते।*

# 22 नवंबर से खुलेगा एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स का आईपीओ, प्राइस बैंड 140 से 148 रुपए प्रति शेयर

**नई दिल्ली।**

जल उपचार संयंत्रों, सीवेज उपचार संयंत्रों और सामान्य प्रदूषित जल उपचार संयंत्रों का निर्माण करने वाली कंपनी एनवायरो इंफ्रा इंजीनियर्स लिमिटेड का आईपीओ इस सप्ताह 22 नवंबर को खुलेगा। निवेशक इस आईपीओ में 26 नवंबर तक बोली लगा सकेंगे।

इसका प्राइस बैंड 140 से 148 रुपए प्रति शेयर और इश्यू का आकार 3.87 लाख इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और 52.68 लाख शेयरों का ऑफर फोर सेल) होगा। इस आईपीओ की कुल वैल्यू 650.43 करोड़ रुपए है। एंकर इनवेस्टर्स 21 नवंबर को बोली लगाएंगे। पब्लिक इश्यू 22 से 26 नवंबर तक है। रिटेल निवेशक कम से कम 101 शेयरों के लिए बोली लगा सकते हैं, और इसके बाद 101 के गुणकों में बोली लगानी होगी।




50 फीसदी योग्य संस्थागत खरीदारों (क्यूआईबी) के लिए 15 फीसदी गैर-संस्थागत निवेशकों (एनआइआइ) के लिए और 35 फीसदी रिटेल निवेशकों के लिए आरक्षित होगा। कंपनी इस निर्गम से प्राप्त राशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने, मथुरा सीवरेज योजना के तहत 60 एमएलडी एसटीपी के निर्माण और कुछ ऋण चुकाने के लिए करेगी।

इस आईपीओ का ग्रे मार्केट में कोई प्रीमियम कोट नहीं है, यानी यह बिना किसी प्रीमियम पर कारोबार कर रहा है। यह आईपीओ पानी और जल पुनर्चक्रण क्षेत्र में काम करने वाली कंपनी के लिए एक अच्छी पहल है और निवेशकों के लिए एक अवसर हो सकता है, विशेष रूप से जल आपूर्ति और उपचार से संबंधित परियोजनाओं में बढ़ते निवेश के दृष्टिकोण से।

# एलजीबीआई हवाई अड्डे पर 1.74 लाख यात्रियों की आवाजाही

**- एलजीबीआई हवाई अड्डे पर सामान्य दिनों में 127 उड़ानें चलाई जाती हैं**




**गुवाहाटी ।**

गुवाहाटी स्थित अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर छह नवंबर से 10 दिनों में 1.74 लाख यात्रियों की आवाजाही हुई। अदाणी समूह ने दोस्ती भरे बयान में आते हुए जानकारी दी कि इस हवाई अड्डे ने इस सप्ताही समय में 1,202 उड़ानें संचालित की गई और यात्रियों के लिए सुचारू सेवाएं उपलब्ध कराई गई। कंपनी ने अपनी सफलता का जश्न मनाते हुए कहा कि 14 नवंबर को हमारे अड्डे पर साल के सर्वाधिक 20,413 यात्रियों की सेवाएं दी गईं और 146 फ्लाइट ऑपरेशंस सफलतापूर्वक संपन्न हुए। एलजीबीआई हवाई अड्डे पर सामान्य दिनों में 127 उड़ानें चलाई जाती हैं जिससे दिन-प्रतिदिन लगभग 17,500 यात्री इस्तेमाल करते है। यात्रियों के बढ़ते संख्या को देखते हुए, अदाणी समूह ने स्पष्ट कहा कि वे सुनिश्चित करेंगे कि यातायात का सुचारू प्रबंधन जारी रहे ताकि यात्री सुरक्षित और सुविधाजनक ढंग से यात्रा कर सकें। मेवाड़ी एलजीबीआई हवाई अड्डे पर यात्रियों की उल्लासित परिवार यहां खूबसूरत ताजमहल को देखने की आवाजाही कर रहे हैं। उन्होंने साझा किया कि इस स्थल पर उन्होंने अपने परिवार के साथ बहुत अच्छे अनुभव किए हैं और उन्हें अपने अगले यात्रा की योजना भी यही रखना है। इस तरह सफलतापूर्वक चल रहे हवाई अड्डे का यात्रियों द्वारा स्वागत है। नवंबर माह ने स्थानीय और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों को एक स्तर पर मिलाकर परिवारिक सुखद अनुभव प्रदान किया है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि 6 तिमाहियों के निचले स्तर पर आने की आशंका

**जून तिमाही के दौरान अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत थी**

**नई दिल्ली ।**




भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर में सितंबर 2025 के तिमाही में कमी हो सकती है, जैसा कि उच्च संकेतकों से पता चलता है। विनिर्माण क्षेत्र में सुस्ती के कारण यह संभावना है कि अर्थव्यवस्था का निचला पड़ता रह सकता है। भारतीय रिजर्व बैंक ने जून तिमाही के दौरान अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 6.7 प्रतिशत बताई थी, परंतु अपने अक्टूबर के बुलेटिन में इसे 6.8 प्रतिशत कम कर दिया। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने मौद्रिक नीति समीक्षा के बाद 7 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान रखा था। केंद्रीय सांख्यिकी कार्यालय ने 29 नवंबर को सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के आंकड़े जारी करने का ऐलान किया है।

सितंबर तिमाही के दौरान औद्योगिक उत्पादन सूचकांक की वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत पर आ गई है, जो जून तिमाही में 5.45 प्रतिशत थी। आर्थिक बाजार के मुख्य अर्थशास्त्री ने इस समय की स्थिति पर अपने विचार व्यक्त किए और बताया कि जीडीपी वृद्धि में गिरावट की संभावना है, विशेषकर विनिर्माण क्षेत्र में। उन्होंने राजस्व और मुनाफों में भी सुस्ती के संकेत दिए।वित्त वर्ष 2025 की दूसरी तिमाही में सकारात्मक पहलुओं की अपेक्षा है, ग्रामीण मांग और सरकार के व्यय के माध्यम से वृद्धि को समर्थन मिलेगा। एफएमसीजी की बिक्री के बढ़ने के साथ, सरकार के व्यय में भी वृद्धि की संभावना है जो एक सकारात्मक संकेत हो सकता है।रिजर्व बैंक के परिदृश्य में कहा गया है कि आपूर्ति श्रृंखला पर दबाव कम हो रहा है, जिससे अनिश्चितता बढ़ रही है। भारतीय स्टेट बैंक की रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ उच्च संकेतकों से सामने आ रही तस्वीर विवेचनीय है। जीडीपी वृद्धि और विनिर्माण क्षेत्र की स्थिति पर ध्यान देक्ते हुए, भारतीय अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण पहलुओं पर नजर रखने की जरूरत है ताकि संभावित उतार-चढ़ावों का सामना किया जा सके।

# अमेरिका की जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी भारत में स्थापित कर सकती है कैंपस

**- जेएचयू के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की**

**नई दिल्ली।**

अमेरिकी उच्चतम शिक्षा संस्थान जॉन्स हॉपकिंस यूनिवर्सिटी (जेएचयू) ने भारत में कैंपस स्थो पित करने की योजना बनाई है। इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव की चर्चा के लिए जेएचयू के प्रतिनिधिमंडल ने केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से मुलाकात की। इस मुलाकात में जेएचयू के अध्यक्ष रोनाल्ड जे. डेनियल के नेतृत्व में एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भारत आया। इस मंडल में जेएसयू की आंतरिक इकाई, गुप्ता स्की इंडिया इंस्टीट्यूट के अधिकारी भी शामिल थे। इस मुलाकात का मुख्य उद्देश्य जेएचयू समुदाय को भारत में भागीदारों के साथ जोड़ना और लगातार उन्नति करना है।

केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने इस मुलाकात में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के महत्वपूर्ण पहलुओं पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि एनईपी 2020 भारतीय शिक्षा क्षेत्र के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है।

शिक्षा मंत्री ने जेएचयू की सराहना की और बताया कि इस साझेदारी से छात्रों और शिक्षकों के बीच नए क्षेत्रों में अनुसंधान की सहायता होगी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की रिपोर्ट के अनुसार जेएसयू के साथ एक भारतीय कैंपस की स्थापना के लिए चर्चा की गई। इस चर्चा में गुप्ता और उनकी टीम ने भारत-अमेरिका शैक्षिक सहयोग के महत्व को उजागर किया। जेएसयू की यह प्रतिनिधिमंडल भारतीय विश्वविद्यालयों के साथ गहरी साझेदारी को मजबूत करने के लक्ष्य में भारत में विभिन्न संस्थानों का दौरा करेगा। इस महत्वपूर्ण प्रस्ताव के साथ यह मंडल सरकार के अधिकारियों, शिक्षाविदों और कांसुलर प्रतिनिधियों के साथ भी बातचीत करेगा। जेएचयू के भारतीय मूल के कुछ प्रमुख फैकल्टी सदस्यों ने भी इस बहस में भाग लिया।

# अक्टूबर के पहले पखवाड़े में बैंकों से 1.12 लाख करोड़ निकाले गए

**- मार्च से अक्टूबर तक बैंकों का जमा 7.7 फीसदी बढ़कर 220 लाख करोड़ रुपये के करीब**

**नई दिल्ली ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के नवीन आंकड़ों के मुताबिक अक्टूबर के पहले पखवाड़े में बैंकों से 1.12 लाख करोड़ रुपये निकाले गए हैं। इन पैसों का मुख्य इक्विटी बाजार में निवेश हुआ था। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स अक्टूबर में 6 फीसदी तक गिरा, जिससे निवेशकों को हानि हुई। यह गिरावट उन्हें सुरक्षित समझे जाने वाले बैंकों में निवेश करने के लिए प्रेरित करने लगी। सितंबर में बीएसई सेंसेक्स अपना रिकॉर्ड 85,800 के पार पहुंच गया था। उस समय बाजार में निवेश बढ़ रहा था और सूचीबद्ध कंपनियों की पूंजी 478 लाख करोड़ रुपये हो गई थी। आरबीआई के आंकड़े दर्शाते हैं कि अगस्त के अंत में बैंकों का कुल जमा 215.50 लाख करोड़ रुपये था। सितंबर के पहले हफ्ते में यह 45,000 करोड़ रुपये कम होकर 215.05 लाख करोड़ रह गया, लेकिन बाजार में गिरावट के चलते यह फिर बढ़ गया। बैंकों के कुल कर्ज में चार लाख करोड़ की वृद्धि देखी गई है, जबकि जमा में 5 लाख करोड़ रुपये की वृद्धि हुई है। मार्च से अक्टूबर तक बैंकों का जमा 7.7 फीसदी बढ़कर 220 लाख करोड़ रुपये के करीब है।




म्यूचुअल फंड में एसेट अंडर मैनेजमेंट की मूल्य 25.9 फीसदी बढ़ गई है, जबकि शेयर बाजार में निवेशकों के 47 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। बाजार पूंजीकरण 27 सितंबर को 477.90 लाख करोड़ रुपये था, जो अब 430.60 लाख करोड़ रुपये तक गिर चुका है।

# टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स भारत में आईफोन प्लांट में मेजॉरिटी स्टेक खरीदेगी

**- समझौते के तहत टाटा के पास 60 फीसदी हिस्सेदारी होगी**

**नई दिल्ली ।**

टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स ने भारत में एकमात्र आईफोन प्लांट में मेजॉरिटी स्टेक खरीदने की घोषणा की है। यह कंपनी ताइवान की पेगाट्रॉन के साथ नया जॉइंट वेंचर बनाने की योजना बना रही है। इस समझौते के तहत टाटा के पास 60 फीसदी हिस्सेदारी होगी और वह जॉइंट वेंचर के ऑपरेशन्स की देखभाल करेगी। पेगाट्रॉन टेक्निकल सपोर्ट देने के लिए भागीदार रहेगा। पूरी दुनिया में ऐपल कंपनी की आईफोन की मांग बढ़ रही है और चीन-अमेरिका के बीच टेंशन के चलते ऐपल भारत में अपनी सप्लाई चेन को मजबूत करने हेतु कदम उठा रही है।` विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में अंगीकृत आईफोन उत्पादन में वृद्धि से भारतीय बाजार में उनका रवैया मजबूत होगा। यह समझौता साक्षरता और रोजगार के दृष्टि को भी बढ़ावा देगा और खिलाड़ी कंपनियों के लिए एक नया मानक स्थापित करेगा। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स के इस कदम से भारत में डिजिटल उत्पादन क्षेत्र में नये उत्साह और संभावनाएं उमड़ने की संभावना है।



# टमाटर की होलसेल कीमतों में गिरावट शुरू

**- 14 से 20 रुपये किलो तक कम हुए टमाटर के दाम**

**नई दिल्ली ।** टमाटर की होलसेल कीमतों में गिरावट शुरू हो गई है, जिससे देशभर में खुदरा मूल्य में भी कई गिरावटें आई हैं। दिल्ली-एनसीआर में टमाटर की कीमत पिछले 10 दिनों में 80 रुपये से 60 रुपये प्रति किलोग्राम तक आ गई है। आधिकारिक बयान के मुताबिक, नवंबर के मध्य बाजार में टमाटर का औसत खुदरा मूल्य 52.35 रुपये प्रति किलोग्राम रहा जो कुछ हफ्ते पहले 67.50 रुपये प्रति किलोग्राम था। गिरावट की जानकारी के बाद देश के बड़े शहरों में भी खुदरा मार्केट में टमाटर की कीमतों में कमी देखने को मिल रही है। इसी अवधि के दौरान, दिल्ली की आजादपुर मंडी में मॉडल थोक मूल्य में लगभग 50 प्रतिशत की गिरावट देखी गई है। मंत्रालय ने बताया कि कई प्रमुख बाजारों से सूचना मिली है कि कीमतों में सुधार की संकेत मिल रहा है। कुल मिलाकर टमाटर की कीमतों में गिरावट के साथ-साथ उत्पादन में भी वृद्धि की संभावना है। वित्त वर्ष 2023-24 में देश का टमाटर उत्पादन चार प्रतिशत बढ़कर 213.20 लाख टन होने का अनुमान है, जो समय परांत में उत्पादकों और उपभोक्ताओं के लाभ के साथ मानसिक आराम भी देगा।

# ओडिसी निवेश सौदे के तहत जिप को 40,000 इलेक्ट्रिक वाहनों की करेगी आपूर्ति

**नई दिल्ली ।** भारत के ईवी-एज-ए-सर्विस मंच के शीर्ष विनिर्माता ओडिसी इलेक्ट्रिक ने घोषणा की है कि उन्होंने जिप इलेक्ट्रिक से 40,000 वाहनों का ठेका हासिल किया है। इस निवेश सौदे के तहत, ओडिसी ने बताया है कि उनकी कंपनी अगले तीन वर्षों में 40,000 इलेक्ट्रिक वाहनों की आपूर्ति करेगी। कंपनी के एक अे धिकारी ने इस महत्वपूर्ण निवेश के बारे में बताया` कि ओडिसी इलेक्ट्रिक में यह नया निवेश हमारे राष्ट्रव्यापी विस्तार योजनाओं को महत्वपूर्ण रूप से गति प्रदान करेगा। जिप इलेक्ट्रिक की गहन उद्योग विशेषज्ञता तथा बेड़े के विद्युतीकरण की दृष्टि हमें इलेक्ट्रिक वाहनों के बी2बी सेगमेंट में मजबूत बिजनेस-टू-बिजनेस और उपभोक्ता मांग को रेखांकित करने में मदद करेगी।

# ई-कॉमर्स मंच मीशो 2.2 करोड़ संदिग्ध लेनदेन के खिलाफ कार्रवाई में अग्रणी

**- एक साल में 12 मामले दर्ज किए**

**नई दिल्ली ।** सॉफ्टबैंक के समर्थित ई-कॉमर्स मंच मीशो ने पिछले एक साल में दिखाए गए 2.2 करोड़ संदिग्ध लेनदेन के खिलाफ कार्रवाई की है। कंपनी ने 12 मामले दर्ज किए हैं, जिसमें से 13 लाख बॉट ऑर्डर रोके गए हैं और 77 लाख प्रयासों को रोका गया है ताकि गुनाहगार घोटाले न कर सकें। सोमवार को जारी ट्रस्ट एश्योरेंस रिपोर्ट में कहा गया है कि मीशो ने अग्रणी विश्लेषणात्मक मॉडल, परिष्कृत डेटा विज्ञान और उन्नत कम्प्यूटेशनल लॉजिक विकसित किए हैं। इससे कंपनी ने 2.2 करोड़ से अधिक धोखाधड़ी वाले लेनदेन को रोका है। रिपोर्ट में इस भी बात को जाहिर किया गया है कि मीशो ने आपराधिक तत्वों को हटाने के लिए कठोर कदम उठाए हैं और अकाउंट हैक करने वाली धोखाधड़ी के शिकार होने वाले 40 से अधिक प्राकरणों के खिलाफ नौ मामले दर्ज किए गए हैं। मीशो का कहना है कि उसने अक्टूबर 2023 से लॉटरी धोखाधड़ी की घटनाओं को 75 प्रतिशत कम किया है और इसके लिए कोलकाता, बेंगलुरु और रांची में व्यापक स्तर की जांच की गई है। समर्थन लेनेवाले ई-कॉमर्स मंच की उपयोगी पहल और कवच एक सकारात्मक उड़ान की तरह हैं, जिससे ट्रांसपैरेंसी बढ़ेगी। दिल्ली उच्च न्यायालय का रुख दिखाने से सिद्ध होता है कि धोखेबाजों के खिलाफ कठोर कार्रवाई में इच्छाशक्ति और इरादा दोगुना होगा।




# अमेरिकी डॉलर और बॉन्ड यील्ड की मजबूती ने बढ़ाई भारत-चीन की चिंता

**- भारत से पूंजी निकासी का खतरा बढ़ा**

**नई दिल्ली ।**

अमेरिकी डॉलर की मजबूती और बढ़ती बॉन्ड यील्ड ने आर्थिक मोर्चे पर भारत व चीन की चिंता बढ़ा दी है। इन दोनों कारकों के चलते विदशी निवेशक इमर्जिंग मार्केट्स खासकर भारत और चीन से पूंजी निकासी बढ़ा सकते हैं। बार्कलेज के फॉरेक्स और ईएम मैक्रो स्ट्रेटेजी एशिया के प्रमुख मितुल कोटेचा ने कहा कि अभी यह कहना मुश्किल है कि यह पूंजी अमेरिकी बाजारों की ओर जाएगी या नहीं। हालांकि, भारत में पहले ही विदेशी निवेशकों की एक बड़ी संख्या बाहर निकल चुकी है। भारत को लेकर मितुल कोटेचा ने कुछ चिंताओं का जिक्र किया है, जिनमें मुख्य रूप से आर्थिक वृद्धि में सुस्ती और भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास के रिटायर होने के बाद नए गवर्नर को लेकर अनिश्चितता शामिल हैं। इन कारणों से भारत से पूंजी निकासी का खतरा बढ़ सकता है। इसके अलावा डॉलर की मजबूती भी भारतीय अर्थव्यवस्था पर दबाव डाल रही है, जो विदेशी निवेशकों को प्रभावित कर सकती है। चीन के लिए मितुल ने कहा कि चीन द्वारा घोषित प्रोत्साहन पैकेज को लेकर उम्मीदें थीं, लेकिन वास्तविकता यह है कि यह पैकेज बहुत सीमित था और इसके जरिए केवल छह ट्रिलियन युआन का कर्ज बदला गया। संपत्ति क्षेत्र को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाए गए और उपभोक्ताओं के लिए भी नकद हस्तांतरण जैसी योजनाएं नहीं आईं। इससे चीन के बाजारों में अब तक अपेक्षित सुधार नहीं हो सका है।



**दुनिया भर से पूंजी खींच रहा अमेरिका**

मितुल कोटेचा ने यह भी कहा कि अमेरिका अपनी मजबूत अर्थव्यवस्था और नीति के चलते वैक्यूम क्लीनर की तरह काम कर रहा है, जो दुनिया भर से पूंजी अपनी ओर खींच रहा है। टैक्स में कटौती, ढील देने वाले नियम और अमेरिका का अलगाववादी रुख इन प्रवृत्तियों को और बढ़ा रहे हैं। उम्मीद है कि आगे भी पूंजी अमेरिका की ओर आकर्षित होगी। मजबूत डॉलर और बढ़ती अमेरिकी बॉन्ड यील्ड का प्रभाव सिर्फ भारत और चीन तक सीमित नहीं है, बल्कि अन्य उभरते बाजारों पर भी यह दबाव डाल सकता है। यूरोप भी मजबूत अमेरिकी अर्थव्यवस्था और डॉलर की वजह से नुकसान उठाने की स्थिति में है। अब यह देखना है कि क्या भारत और चीन से निकला हुआ पैसा अमेरिकी बाजारों में जाएगा या नहीं, और इन बदलते हालातों में उभरते बाजारों को कितना नुकसान होगा। फिलहाल, अमेरिका की स्थिति मजबूत है।

# केंद्र सरकार इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के आयात पर लगाएगी रोक

**- लैपटॉप आयात में होगी कटौती, घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने पर रहेगा जोर**

**नई दिल्ली ।** केंद्र सरकार वर्तमान में लैपटॉप और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के आयात पर रोक लगाने के तौर-तरीकों पर विचार कर रही है, जिससे देश में उत्पादन को बढ़ावा देने के लक्ष्य को प्रोत्साहित किया जा सके। सरकार की ओर से शुरूआत में आयात को मौजूदा स्तर से 5 फीसदी कम करने की संभावना तलाश की जा रही है ताकि जब आयात सीमा लागू हो, तो देश में उपकरणों की आपूर्ति में कोई व्यवधान न हो। अगस्त 2023 में, चीन पर निर्भरता कम करने के लिए चुनिंदा आईटी हार्डवेयर उत्पादों के आयात के लिए लाइसेंस की योजना की गई थी, लेकिन उद्यमों और अमेरिका जैसे व्यापारिक भागीदारों की चिंताओं के बाद सरकार ने नवंबर 2023 से ऑनलाइन आयात परमिट के लिए नई प्रबंधन प्रणाली की घोषणा की थी। नई व्यवस्था में 7 आईटी हार्डवेयर उत्पादों को शामिल किया गया था, जिसे 31 दिसंबर तक के लिए लागू किया गया था। इस सावधानी की प्रक्रिया के साथ, सरकार के द्वारा नई योजना के तहत विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए आयात को घटाने और घरेलू उत्पादन को मजबूत करने के लिए नए उपायों का परीक्षण किया जा रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि यह प्रक्रिया पूरे संकेतों के साथ संभव है और राष्ट्रीय सुरक्षा के पहलुओं को भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसके साथ ही, कम से कम दो नई विदेशी कंपनियां भारत में विनिर्माण शुरू करने की योजना बना रही हैं, जिससे देश की नीति में स्थिरता और और उत्पादन क्षमता में सुधार हो सके। इस प्रगति में सरकार द्वारा कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं और विनिर्माण के सक्षमता में बढ़ोतरी को सुनिश्चित करने के लिए समयबद्ध धारणाएं लेने का प्रस्ताव किया गया है। यह स्थिति राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के प्रगति के लिए महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

# असम में लगेगा 27 हजार करोड़ का प्लांट, 48 मिलियन सेमीकंडक्टर चिप्स का होगा उत्पादन

**इस परियोजना से 15 हजार प्रत्यक्ष और 13 हजार अप्रत्यक्ष नौकरियां होंगी उत्पन्न**

**नई दिल्ली।**

असम के मोरीगांव में टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड (टीएसएटी) द्वारा स्थापित होने जा रहे 27 हजार करोड़ रुपए के सेमीकंडक्टर प्लांट का विकास 2025 के मध्य तक पूरा हो जाएगा।

यह परियोजना भारत के सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम में एक बड़ा बदलाव ला सकती है, खासकर जब इसे भारत की आत्मनिर्भर सेमीकंडक्टर उत्पादन क्षमता को बढ़ाने की दिशा में अहम कदम के रूप में देखा जाए।

मोरीगांव प्लांट में रोजाना 48 मिलियन सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन होगा। इसमें एडवांस पैकेजिंग तकनीक जैसे फ्लिप चिप और इंटीग्रेटेड सिस्टम इन पैकेज (आईएसआईपी) का इस्तेमाल किया जाएगा। इस परियोजना से 15 हजार प्रत्यक्ष और 11 हजार से 13 हजार अप्रत्यक्ष नौकरियां उत्पन्न होंगी, जिससे असम और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। यह परियोजना भारत को वैश्विक सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन में प्रतिस्पर्धी बनाने की दिशा में अहम कदम साबित होगी। इसके जरिए से भारत घरेलू और अंतरराष्ट्रीय दोनों बाजारों के लिए सेमीकंडक्टर चिप्स का उत्पादन करेगा।

भारत सरकार ने सेमीकॉन इंडिया कार्यक्रम के तहत घरेलू सेमीकंडक्टर उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कई पहलों को लागू किया है। इस कार्यक्रम के तहत, 2021 में 76 हजार करोड़ रुपए के वित्तीय परिव्यय के साथ सेमीकंडक्टर और डिस्प्ले इकोसिस्टम के निर्माण की दिशा में काम किया जा रहा है। इसमें सेमीकंडक्टर फैब्स, डिस्प्ले फैब्स, सेंसर फैब्स, और डिजाइन लिंक्ड इंसेंटिव जैसी योजनाओं का भी समर्थन किया जा रहा है। भारत में बढ़ती सेमीकंडक्टर उत्पादन क्षमता, चिप डिजाइन, टेस्टिंग, और असेंबली के लिए अनुकूल वातावरण तैयार कर रही है, जो न केवल तकनीकी क्षेत्र को बढ़ावा मिलेग बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे।

सरकार का उद्देश्य भारत को डिजिटल अर्थव्यवस्था में एक प्रमुख खिलाड़ी के रूप में स्थापित करना है।

# पार्थ ने महान रामधारी सिंह दिनकर जी की कविता सुनाई, यादों में खोए बीग बी

**रांची :** सोनी टीवी पर जूनियर्स वीक में, इंदौर, मध्य प्रदेश के युवा प्रतियोगी पार्थ उपाध्याय उर्फ #माइथोकिंग ने पौराणिक कथाओं के अपने व्यापक ज्ञान से अमिताभ बच्चन को प्रभावित किया। 9वीं कक्षा के इस छात्र ने महाकाव्य रामायण के सुंदर कांड और युद्ध कांड पर आधारित एक पौराणिक कहानी प्रस्तुत की। उनके परफॉर्मेंस के दौरान, उनके प्रभावशाली ज्ञान ने इस अनुभवी अभिनेता को गर्व से भर दिया और वह पार्थ के लिए तालियां बजाने हेतु खड़े हो गए।



पार्थ ने बीग बी को उनके दिवंगत पिता हरिवंश राय बच्चन के प्रिय मित्र, महान कवि रामधारी सिंह दिनकर की याद दिलाई। अमिताभ ने कहा, ह्लमैं आपको बता दूं, दिनकर जी और बाबूजी करीबी दोस्त थे; वे अक्सर एक साथ समय बिताते थे और एक-दूसरे से मिलने आते थे।

# भारत में शोषण एवं अपराधमुक्त नया बचपन उभरे

सार्वभौमिक बाल दिवस



ललित गर्ग

**सच्चाई यह है कि देश में बाल अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बच्चे अपराधी न बने इसके लिए आवश्यक है कि अभिभावकों और बच्चों के बीच बर्फ-सी जमी संवादहीनता एवं संवेदनशीलता को फिर से पिघलाया जाये। फिर से उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा-पूरा वातावरण पैदा किया जाए। श्रेष्ठ संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व को नई पहचान देने में सक्षम होते हैं।**

हम में से प्रत्येक को बच्चों के अधिकारों की वकालत करने, उन्हें बढ़ावा देने, उनके शोषण को रोकने, उनका समग्र विकास करने और बच्चों का उत्सव मनाने के लिए एक प्रेरणादायी अवसर के रूप में सार्वभौमिक बाल दिवस 20 नवम्बर को मनाया जाता है। इसकी स्थापना 1954 में हुई थी। 20 नवंबर एक महत्वपूर्ण तारीख है क्योंकि इसी दिन 1959 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों की घोषणा को अपनाया था। इसी दिन 1989 में संयुक्त राष्ट्र महासभा ने बाल अधिकारों पर कन्वेंशन को भी अपनाया था। सार्वभौमिक बाल दिवस पहली बार 1925 में जिनेवा, स्विटजरलैंड में बाल कल्याण के विश्व सम्मेलन में घोषित किया गया था। हालाँकि, इसे आधिकारिक तौर पर दुनिया भर में मान्यता नहीं मिली, लेकिन 1954 में ब्रिटेन ने अन्य देशों को बच्चों के बीच आपसी समझ को बढ़ावा देने और दुनिया भर में बाल कल्याण में सुधार की दिशा में कदम उठाने के लिए एक दिन स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया। सार्वभौमिक बाल दिवस, जिसे विश्व बाल दिवस या सिर्फ. बाल दिवस के नाम से भी जाना जाता है, दुनिया भर में बच्चों के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए मनाया जाने वाला एक वार्षिक कार्यक्रम है।

बाल अधिकारों की घोषणा बच्चों के अधिकारों को बढ़ावा देने वाला एक अंतरराष्ट्रीय दस्तावेज है। इसे मूल रूप से मानवाधिकार कार्यकर्ता एग्लेंटाइन जेब ने प्रस्तावित किया था और 1924 में राष्ट्र संघ द्वारा अपनाया गया था, इससे पहले 1959 में संयुक्त राष्ट्र द्वारा इसका विस्तारित संस्करण पेश किया गया था। एग्लेंटाइन जेब एक समाज सुधारक और पूर्व शिक्षिका थीं, जिन्होंने 1919 में सेव द चिल्ड्रन नामक चैरिटी की स्थापना की थी। प्रथम विश्व युद्ध के परिणामस्वरूप मुख्य भूमि यूरोप में बच्चों को जिस गरीबी का सामना करना पड़ रहा था, उससे वह भयभीत थीं और उन्होंने पर्चे बाँटकर जागरूकता फैलाने की कोशिश शुरू कर दी। उनके जुनून के कारण उन्हें गिरफ़्तार कर लिया गया और उन पर जुमार्ना लगाया गया, लेकिन जज उनसे इतने प्रभावित हुए कि उन्होंने उनका जुमार्ना खुद ही भर दिया।

जिनेवा में एक बाल सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें जेब ने बाल अधिकारों की घोषणा की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए एक प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने लिखा कि बच्चे को उसके सामान्य विकास के लिए आवश्यक साधन उपलब्ध कराए जाने चाहिए, भौतिक और आध्यात्मिक दोनों रूप से। जो बच्चा भूखा है उसे भोजन दिया जाना चाहिए, जो बच्चा बीमार है उसे दूध पिलाया जाना चाहिए, जो बच्चा पिछड़ा है उसकी मदद की जानी चाहिए, अपराधी बच्चे को वापस लाया जाना चाहिए, तथा अनाथ और बेसहारा बच्चे को आश्रय और सहायता दी जानी चाहिए। संकट के समय सबसे पहले बच्चे को राहत मिलनी चाहिए। बच्चे को आजीविका कमाने की स्थिति में रखा जाना चाहिए तथा उसे हर प्रकार के शोषण से बचाया जाना चाहिए। बच्चे को इस चेतना के साथ बड़ा किया जाना चाहिए कि उसकी प्रतिभाएं उसके साथियों की सेवा के लिए समर्पित होनी चाहिए।



दुनिया भर में बच्चों की दुर्दशा के बारे में भावुकतापूर्वक बात करते हुए उस समय उजागर की गयी ये बातें आज भी अधिक प्रासंगिक बनी हुई है। इसलिये सार्वभौमिक बाल दिवस को अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाने की अपेक्षा है। भारत के सन्दर्भ में सार्वभौमिक बाल दिवस को अधिक प्रासंगिक एवं कारगर बनाने की जरूरत है। भारत में कई ऐसे बड़े नेता और दिग्गज लोग हुए हैं, जिनका बच्चों के प्रति प्रेम जग-जाहिर है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू हों या पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम दोनों दिग्गजों ने बच्चों के हित में व्यापक कार्य किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने शानदार व्यक्तित्व और हर उम्र के लोगों से जुड़ने के लिए जाने जाते हैं। बच्चों के प्रति उनका स्नेह कुछ खास है। नेहरू की ही भांति उन्हें भी बच्चों का प्रेमी कहा जा सकता है। आज वे एक विश्वनेता के रूप में उभरे हैं, अतः उन्हें देश एवं दुनिया के बच्चों के कल्याण के लिये कोई बड़ा उपक्रम करना चाहिए। विशेषतः भारत के बच्चों के लिये। क्योंकि भारत में बच्चों के शोषण, उत्पीड़न, दुर्दशा, हिंसा की घटनाएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। बच्चों के अधिकारों, शिक्षा और कल्याण के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए पूरे भारत में बाल दिवस मनाया जाता है। मोदी बच्चों को देश के भविष्य की तरह देखते थे। वे बच्चों के मासूम चेहरों और चमकती आँखों में भारत का भविष्य देख रहे हैं। उनका कहना है कि बच्चों का जैसा पालन-पोषण करेंगे वह देश का भविष्य निर्धारित करेगा।' लेकिन भारत का यह बचपन रूपी भविष्य आज नशे, शोषण, बाल-मजदूरी एवं अपराध की दुनिया में धंसता चला जा रहा है। बचपन डरावना एवं भयावह हो गया है। आखिर क्या कारण है कि बचपन अपराध की अंधी गलियों में जा रहा है? बचपन इतना उपेक्षित एवं बदहाल क्यों हो रहा है? बचपन के प्रति न केवल अभिभावक, बल्कि समाज और सरकार इतनी बेपरवाह कैसे हो गयी है? यह और ऐसे अनेक प्रश्न सार्वभौमिक बाल दिवस की भारत के सन्दर्भ में प्रासंगिकता को उजागर करते हुए हमें झकझोर रहे हैं।

बाल मजदूरी से बच्चों का भविष्य अंधकार में जाता ही है, देश भी इससे अछूता नहीं रहता क्योंकि जो बच्चे काम करते हैं वे पढ़ाई-लिखाई से कोसों दूर हो जाते हैं और जब ये बच्चे शिक्षा ही नहीं लेंगे तो देश की बागडोर क्या खाक संभालेंगे? इस तरह एक स्वस्थ बाल मस्तिष्क विकृति की अंधेरी और संकरी गली में पहुँच जाता है और अपराधी की श्रेणी में उसकी गिनती शुरू हो जाती हैं। बचपन की उपेक्षा एक अभिशाप है। जब हम किसी गली, चौराहे, बाजार, सड़क और हाईवे से गुजरते हैं और किसी दुकान, कारखाने, रैस्टोरैंट या ढाबे पर 4-5 से लेकर 12-14 साल के बच्चे को टायर में हवा भरते, पंक्चर लगाते, चिमनी में मुंह से या नली में हवा फूंकते, जूठे बर्तन साफ करते या खाना परोसते देखते हैं और जरा-सी भी कमी होने पर उसके मालिक से लेकर ग्राहक द्वारा गाली देने से लेकर, धकियाने, मारने-पीटने और दुर्व्यवहार होते देखते हैं तो अक्सर ह्यहमें क्या लेना है' कहकर अपने रास्ते हो लेते हैं। लेकिन कब तक हम बचपन को इस तरह प्रताड़ित एवं उपेक्षा का शिकार होने देंगे। कुछ बच्चे ऐसी जगह काम करते हैं जो उनके लिए असुरक्षित और खतरनाक होती है जैसे कि माचिस और पटाखे की फैक्टरियां जहां इन बच्चों से जबरन काम कराया जाता है। इतना ही नहीं, लगभग 1.2 लाख बच्चों की तस्करी कर उन्हें काम करने के लिए दूसरे शहरों में भेजा जाता है। इतना ही नहीं, हम अपने स्वार्थ एवं आर्थिक प्रलोभन में इन बच्चों से या तो भीख मंगवाते हैं या वेश्यावृत्ति में लगा देते हैं। देश में सबसे ज्यादा खराब स्थिति है बंधुआ मजदूरों की जो आज भी परिवार की समस्याओं की भेंट चढ़ रहे हैं।

सच्चाई यह है कि देश में बाल अपराधियों की संख्या बढ़ती जा रही है। बच्चे अपराधी न बने इसके लिए आवश्यक है कि अभिभावकों और बच्चों के बीच बर्फ-सी जमी संवादहीनता एवं संवेदनशीलता को फिर से पिघलाया जाये। फिर से उनके बीच स्नेह, आत्मीयता और विश्वास का भरा-पूरा वातावरण पैदा किया जाए। श्रेष्ठ संस्कार बच्चों के व्यक्तित्व को नई पहचान देने में सक्षम होते हैं। अतः शिक्षा पद्धति भी ऐसी ही होनी चाहिए। मोदी सरकार सार्वभौमिक बाल दिवस जैसे आयोजनों को भारत में अधिक प्रभावी तरीके से आयोजित करें, सरकार को बच्चों से जुड़े कानूनों पर पुनर्विचार करना चाहिए एवं बच्चों के समुचित विकास के लिये योजनाएं बनानी चाहिए। ताकि इस बिगड़ते बचपन और राष्ट्र के नव पीढ़ी के कर्णधारों का भाग्य और भविष्य उज्ज्वल हो सकता है। ऐसा करके ही हम सार्वभौमिक बाल दिवस को मनाने की सार्थकता हासिल कर सकेंगे। इसी से मासूम चेहरों एवं चमकती आंखों का नया बचपन भारत के भाल पर उजागर कर सकें। (लेखक, पत्रकार, स्तंभकार)

## संपादकीय

# कब थमेगी हिंसा

देश के सुदूर पूर्वोत्तर राज्य मणिपुर में फिर से हिंसा का भड़क ना वाकई चिंता की बात है। करीब डेढ़ वर्षों से यह सूबा भारी हिंसा से ग्रस्त है। आए दिन यहां कभी कुकी तो कभी मैतेयी समुदायों के बीच खूनखराबा होता ही रहता है। स्वाभाविक है, यहां के लोग किस अवस्था और मनोदशा में रहते होंगे? दरअसल, शनिवार को जिरीबाम में छह शव बरामद होने की खबर फैलने के बाद, कई जिलों, खासकर इंफाल पूर्व और इंफाल पश्चिम जिलों में भीड़ ने मंत्रियों, विधायकों और राजनीतिक नेताओं के करीब दो दर्जन घरों पर हमला किया और तोड़फोड़ की। इससे पहले सुरक्षा बलों का कुकी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ हुआ था, जिसमें कम से कम 10 कुकी आतंकी के मारे जाने की खबर है। शनिवार को हुई इस हिंसा में इंफाल घाटी में कई विधायकों और मंत्रियों के घरों पर भी हमला किया गया और कई वाहनों में आग लगा दी गई। नतीजतन पुलिस को भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागने पड़े.। हालात बद से और बदतर न हो जाए इसलिए स्थानीय प्रशासन ने राजधानी इंफाल समेत कई इलाकों में कर्फ्यू लगा दिया है। इसके अलावा कई जगहों पर इंटरनेट सेवा भी बंद कर दी गई है। कुछ महीने पहले जुलाई महीने में यहां भारी हिंसा और तनाव का वातावरण था। यही वहज है कि अब भी हिंसा से प्रभावित मैतेयी और कुकी समुदाय के लोग बड़ी संख्या में राहत शिविरों में रह रहे हैं हिंसा से प्रभावित ऐसे भी लोग थे, जिन्हें भागकर पड़ोसी राज्य मिजोरम में शरण लेनी पड़ी है। राज्य के मैतेयी समुदाय को अनुसूचित जनजाति का दर्जा देने की मांग को इस हिंसा की मुख्य वजह माना जाता है। इसका विरोध मणिपुर के पहाड़ी इलाकों में रहने वाले जनजाति कुकी कर रहे हैं। जाहिर है, यहां शांति बहाली के लिए लाख जतन करने के बावजूद अभी तक मसला चिंतनीय बना हुआ है। बहरहाल, गृह मंत्री अमित शाह ने इस बाबत प्रयास करने शुरू किए हैं। ताजा हिंसा के मामले की जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) को सौंपी गई है। अलबत्ता, मणिपुर हिंसा वाकई केंद्र सरकार और राज्य सरकार के लिए नासूर बन गया है। इसका समाधान अभी तक मोदी सरकार नहीं तलाश सकी है। देखना हैङ्क ताजा हिंसा के बाद गृह मंत्रालय की सक्रियता कहां तक प्रभावी होती है। निश्चित तौर पर इस राज्य में जारी हिंसा ने कई जख्म दिए हैं। इस नाते इसका जल्द-से-जल्द हल निकालना हर किसी के लिए मुफीद होगा।



## चिंतन-मनन

# कुसंग का फल

प्रतिदिन कुछ बगुले आकर एक किसान के खेत की फसल बर्बाद कर जाया करते थे। इसे देखकर किसान ने उन बगुलों को पकड़ने के लिए खेत में जाल बिछा कर रख दिया। बाद में उसने जाकर देखा तो बहुत से बगुले उसके जाल में फंसे हुए थे और उनके साथ ही एक सारस भी फंसा हुआ था।

सारस ने किसान से कहा, 'भाई किसान, मैं बगुला नहीं हूं। मैंने तुम्हारी फसल बर्बाद नहीं की है। मुझे छोड़ दो। तुम विचार करके देखो कि मेरी कोई गलती नहीं है। जितने भी पक्षी हैं, मैं उन सबकी अपेक्षा अधिक धर्म परायण हूं। मैं कभी किसी को नुक्सान नहीं पहुंचाता। मैं अपने वृद्ध माता-पिता का अतीव सम्मान करता हूं और विभिन्न स्थानों में जाकर प्राण-प्रण से उनका पालन-पोषण करता हूं।

इस पर किसान बोला, 'सुनो सारस, तुमने जो बातें कहीं, वे सब ठीक हैं, उन पर मुझे जरा भी संदेह नहीं है। परन्तु चूंकि तुम फसल बर्बाद करने वालों के साथ पकड़े गए हो इसलिए तुम्हें भी उन्हीं के साथ सजा भोगनी होगी क्योंकि कुसंग का फल बुरा होता है'

# वोट जिहाद के लिए आज कत्ल की रात



राकेश अचल




झारखण्ड और महाराष्ट्र विधान सभा के चुनाव पहली बार सबसे अलग है। इन चुनावों में वोट के लिए जिहाद हो रहा है। जिहाद नहीं समझते ? यानि धर्मयुद्ध। महाराष्ट्र और झारखण्ड जीतने के लिए केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा और प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के अलावा तमाम क्षेत्रीय दलों ने वोटरों को लुभाने के लिए नैतिकता की सभी सीमाएं तोड़ दी हैं। इन दोनों राज्यों में 20 नवंबर को मतदान होना है इसलिए आज की रात सभी राजनीतिक दलों के लिए कत्ल की रात है।

जिहाद इस्लामी संस्कृति का प्रचलित शब्द था,है ,लेकिन इसे भाजपा ने पहले प्रेम विवाहों के संदर्भ में लव जिहाद बनाया और अब इसका इस्तेमाल सियासत में वोट जिहाद के रूप में किया जा रहा है। ये दोनों ही नारे हालाँकि हैं अल्पसंख्यक मुसलमानों के खिलाफ किन्तु अब इनका इस्तेमाल सभी लोग कर रहे है। चुनाव को किसी धर्मयुद्ध की तरह लड़ने के लिए सारी बिसातें भाजपा की बिछाई हुई हैं। इन चुनावों में न स्थानीय मुद्दे हैं और न प्रचार अभियान में स्थानीय नेता। चुनाव जीतने के लिए भाजपा ने परप्रदेशी नेताओं की फौज उतार दी है जो ध्रुवीकरण के लिए अपनी सारी प्रतिभा और क्षमता का इस्तेमाल करने में लगे हुए हैं।

पिछले महीने हरियाणा और जम्मू-काश्मीर के चुनाव नतीजों के बाद अचानक से महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव महत्वपूर्ण बन गए ,या कहिये बना दिए गए। प्रधानमंत्री माननीय नरेंद्र दामोदर दास मोदी और केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के अलावा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और असम के मुख्यमंत्री हेमंत बिस्वा सरमा के अलावा मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह का इस्तेमाल दोनों राज्यों में झूठ परोसने,मतदाताओं के बीच उत्तेजना पैदा करने के लिए किया गया। विपक्ष की और से ले-देकर राहुल गांधी तथा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ही चुनाव प्रचार में मोर्चा लेते दिखाई दिए। आईएमडीआईए गठबंधन के तमाम बड़े नेता या तो इन दोनों राज्यों के चुनाव प्रचार में इस्तेमाल नहीं किये गए और न वे आये।

दोनों राज्यों के मतदाताओं,प्रत्याशियों को आतंकित करने के लिए जब नारे काम न आये तो ईडी यानि प्रवर्तन निदेशालय तक ने खुलकर भाजपा के लिए काम किया। भाजपा के लिए दुर्भाग्य ये रहा कि चुनाव के अंतिम चरण में जहा एक बार फिर मणिपुर धधका वहीं प्रधानमंत्री जी को चुनाव प्रचार छोड़कर नाइजीरिया और ब्रिक्स की बैठक में शामिल होने के लिए जाना पड़ा। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह को मणिपुर की हिंसा ने मैदान छोड़ने के लिए विवश कर दिया ,लेकिन योगी,सरमा और चौहान मोर्चे पर डटे हुए हैं। भाजपा ने लगता है कि इन दोनों राज्यों को जीतने के लिए हरियाणा की तरह इंतजाम कर लिया है। लेकिन मशीन और मशीनरी पर कितना भरोसा किया जा सकता है। कभी-कभी नेता ही नहीं मशीने भी बगावत कर जाती है।

इन दोनों राज्यों को जीतने से केंद्र की बैशखियों पर टिकी भाजपा गठबंधन की सरकार की ताकत में अप्रत्याशित बढ़ोत्तरी हो सकती है। यदि 23 नवमबर को चुनाव परिणाम भाजपा के पक्ष में आये तो भाजपा को 25 नवमबर से शुरू हो रहे संसद के शीत सत्र में लंबित विधेयकों को पारित करने में आसानी हो सकती है और यदि भाजपा ने ये चुनाव न जीते तो उसकी मुसीबतें संसद और संसद के बाहर बढ़ सकती है। इन दो राज्यों के चुनाव में यदि विपक्ष जीतता है तो विपक्ष को एक नयी संजीवनी मिल सकती है। महाराष्ट्र और झारखण्ड के चुनाव सत्ता और विपक्ष के भविष्य के लिए बहुत महत्वपूर्ण हैं।

महाराष्ट्र और झारखण्ड विधानसभा के चुनावों को लेकर पहली बार आम आदमी पार्टी परिदृश्य से बाहर दिखाई दे रही है किन्तु औबेदुल्ला औवेसी मैदान में मौजूद हैं। वे अपनी पार्टी के फायदे के लिए मौजूद हैं या भाजपा की मदद के लिए ये कहना कठिन है। इस चुनाव में बटने और न बंटने के बीच संघर्ष है। जो एक रहेगा ,वो सेफ रहेगा। जो बंटेगा वो कटेगा। कत्ल की रात में दोनों पक्षों की और से वोट जिहाद के लिए जी-तोड़ परिश्रम किया जा रहा है पहली बार केंचुआ ने भी इन चुनावों में बहुत सक्रियता दिखाई है। सभी दलों के नेताओं के उड़नखटोलों के साथ ही वाहनों की भी जमकर जांच की है। इन दो राज्यों के विधानसभा चुनाव इसलिए भी याद किये जायेंगे क्योंकि इन चुनावों में मुद्दों से ज्यादा मुर्दे काम आये हैं। काले खां घाटे में रहे लेकिन बिरसा मुंडा को फायदा हो गया।

# मुद्दा : कैसे हो रोजगारपरक शिक्षा



विनीत नारायण

आए दिन अखबारों में पढ़ने में आता है जिसमें देश में चपरासी की नौकरी के लिए लाखों ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट, बी.टेक व एमबीए जैसी डिग्री धारकों की दुर्दशा का वर्णन किया जाता है। ऐसी ह्दय विदारक खबर पर बहुत विचारोत्तेजक प्रतिक्रियाएं भी आती हैं। सवाल है कि जो डिग्री नौकरी न दिला सके, उस डिग्री को बांटकर हम क्या सिद्ध करना चाहते हैं। दूसरी तरफ दुनिया के तमाम ऐसे मशहूर नाम हैं, जिन्होंने कभी स्कूली शिक्षा भी ठीक से पूरी नहीं की। पर पूरी दुनिया में यश और धन कमाने में झंडे गाड़.दिए। जैसे स्टीव जॉब्स, जो एप्पल कंपनी के मालिक हैं, कभी कालेज पढ़ने नहीं गए। फोर्ड मोटर कंपनी के संस्थापक हनेरी फोर्ड के पास मैनेजमेंट की कोई डिग्री नहीं थी। जॉन डी रॉकफेलर केवल स्कूल तक पढ़े थे और विश्व के तेल कारोबार के सबसे बड़े उद्यमी बन गए। मार्क टुइन और शेक्सपीयर जैसे लेखक बिना कॉलेज की शिक्षा के विश्वविख्यात लेखक बने।

पिछले 25 वर्षों में सरकार की उदार नीति के कारण देशभर में तकनीकि शिक्षा व उच्च शिक्षा देने के लाखों संस्थान छोटे-छोटे कस्बों तक में कुकरमुत्ते की तरह उग आए, जिनकी स्थापना करने वालों में या तो बिल्डर्स थे या भ्रष्ट राजनेता। जिन्होंने शिक्षा को व्यवसाय बनाकर अपने काले धन को इन संस्थानों की स्थापना में निवेश कर दिया। एक से एक भव्य भवन बन गए। बड़े-बड़े विज्ञापन भी प्रसारित किए गए। पर न तो इन संस्थानों के पास योग्य शिक्षक उपलब्ध थे, न इनके पुस्तकालयों में ग्रंथ थे, न प्रयोगशालाएं साधन संपन्न थीं, मगर दावे ऐसे किए गए मानो गांवों में आईआईटी खुल गया हो। नतीजतन, भोले-भाले आम लोगों ने अपने बच्चों के दबाव में आकर उन्हें महंगी फीस देकर इन तथाकथित संस्थानों और विश्वविद्यालयों में पढ़ाया। लाखों रुपये इन पर खर्च किया। इनकी डिग्रियां हासिल करवाई। खुद बर्बाद हो गए, मगर संस्थानों के मालिकों ने ऐसी नाकारा डिग्रियां देकर करोड़ों रुपए के वारे न्यारे कर लिए। दूसरी तरफ इस देश के नौजवान मैकेनिकों के यहां, बिना किसी सर्टिफिकेट की इच्छा के, केवल हाथ का काम सीखकर इतने होशियार हो जाते हैं कि लकड़ी का अवैध खोखा सड़क के किनारे रखकर भी आराम से जिंदगी चला लेते हैं। हमारे युवाओं की इस मेधा शक्ति को पहचानकर आगे बढ़ाने की कोई नीति आजतक क्यों नहीं बनाई गई? आईटीआई जैसी संस्थाएं बनाई भी गई, तो उनमें से अपवादों को छोड़कर शेष बेरोजगारों के उत्पादन का कारखाना ही बनीं। क्योंकि वहां भी व्यावहारिक ज्ञान की बहुत कमी रही। इस व्यावहारिक ज्ञान को सिखाने और सीखने के लिए जो व्यवस्थाएं चाहिए, वे इतनी कम खर्चे की हैं कि सही नेतृत्व के प्रयास से कुछ ही समय में देश में शिक्षा की क्रांति कर सकती हैं, जबकि अरबों रुपए का आधारभूत ढांचा खड़ा करने के बाद जो शिक्षण संस्थान बनाए गए हैं, वे नौजवानों को न तो हुनर सिखा पाते हैं और न ज्ञान ही दे पाते हैं। बेचारा नौजवान न घर का रहता है, न घाट का। कभी-कभी बहुत साधारण बातें बहुत काम की होती हैं और गहरा असर छोड़ती हैं। पर हमारे हुक्मरानों और नीति निर्धारकों को ऐसी छोटी बातें आसानी से पचती नहीं। एक किसान याद आता है, जो बांदा जिले से पिछले 20 वर्षों से दिल्ली आकर कृषि मंत्रालय में सिर पटक रहा है। पर किसी ने उसे प्रोत्साहित नहीं किया, जबकि उसने कुएं से पानी खींचने का एक ऐसा पम्प विकसित किया है, जिसे बिना बिजली के चलाया जा सकता है और उसे कस्बे के लुहारों से बनवाया जा सकता है। ऐसे लाखों उदाहरण पूरे भारत में बिखरे पड़े हैं, जिनकी मेधा का अगर सही उपयोग हो, तो वे न सिर्फ अपने गांव का कल्याण कर सकते हैं, बल्कि पूरे देश के लिए उपयोगी ज्ञान उपलब्ध करा सकते हैं। यह ज्ञान किसी वातानुकूलित विश्वविद्यालय में बैठकर देने की आवश्यकता नहीं होगी। इसे तो गांव के नीम के पेड़ की छांव में भी दिया जा सकता है। इसके लिए हमारी केंद्र और प्रांतीय सरकारों को अपनी सोच में क्रांतिकारी परिवर्तन करना पड़ेगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चुनावी सभाओं के दौरान इस बात को पकड़ा था। पर 'मेक इन इंडिया' की जगह अगर वे 'मेड बाई इंडिया' का नारा देते, तो इस विचार को बल मिलता। 'मेक इन इंडिया' के नाम से जो विदेशी विनियोग आने की हम आस लगा रहे हैं, वे अगर आ भी गया, तो चंद शहरों में केंद्रित होकर रख जाएगा। उससे खड़े होने वाले बड़े कारखाने भारी



मात्रा में प्रदूषण फैलाकर और प्राकृतिक संसाधनों का विनाश करके मुट्ठीभर लोगों को रोजगार देंगे और कंटेनरों में भरकर मुनाफा अपने देश ले जाएंगे। जबकि गांव की आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था को पुर्नस्थापित करके हम इस देश की नींव को मजबूत करेंगे और सुदूर प्रांतों में रहने वाले परिवारों को भी सुख, सम्मान व अभावमुक्त जीवन जीने के अवसर प्रदान करेंगे। अब ये फैसला तो प्रधानमंत्री जी और देश के नीति निर्धारकों को करना है कि वे औद्योगिकरण के नाम पर प्रदूषणयुक्त, झुग्गी-झोपड़ियों वाला भारत बनाना चाहते हैं या 'मेरे देश की माटी सोना उगले, उगले हीरे मोती' वाला भारत।

स्वामी, प्रकाशक और मुद्रक डा0 सरवर जमाल ने आर0 डी0 प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स प्रा0 लि0 प्लाट नं0 16-17 पाटलिपुत्रा इंडस्ट्रीयल एरिया, रोड नं0 झ्र 09 पटना झ्र 800013 से छपवाकर कार्यालय 203 बी, ब्लाक रंजीत रेसीडेंसीज, साकेतपुरी, मछली गली, राजा बाजार पटना- 800014 से प्रकाशित किया ।सम्पादक: श्रीमती शबाना प्रवीन पी0 आर0 बी0 एक्ट के तहत खबरों की जिम्मेवार मैनेजिंग एडिटर: डा0 राजीव कुमार, स्थानीय सम्पादक: डा0 नूतन कुमारी, उप सम्पादक: तबस्सुम नवाज PRGI NO:- BIHHIN/2023/86924 E-mail- Newsindogulf730@gmail.com,Mob-9472871824/8544031786 समस्त विवादों का निवारण पटना न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# शाहिद कपूर को लगा बड़ा झटका, रोकी गई अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूज!

शाहिद कपूर की मुख्य भूमिका वाली अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूज की घोषणा इस साल अमेजन प्राइम वीडियो के एक भव्य कार्यक्रम में की गई थी। इस फिल्म का निर्देशन कन्नड़ फिल्म निर्माता सचिन बी रवि करने वाले थे और इसका निर्माण अमेजन स्टूडियो और पूजा एंटरटेनमेंट द्वारा किया जाना था। शाहिद ने कथित तौर पर फिल्म के लिए शारीरिक तैयारी शुरू कर दी थी। हालांकि, नई खबर यह है कि शाहिद कपूर की फिल्म को रोक दिया गया है।

### बजट से आगे निकल रही फिल्म

रिपोर्ट्स के अनुसार, बजट की कमी के कारण शाहिद कपूर की फिल्म अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूज को फिलहाल रोक दिया गया है। इस फिल्म का शुरुआती बजट 500 करोड़ रुपये रखा गया था। हालांकि, फिल्म के प्री-प्रोडक्शन के आगे बढ़ने के साथ ही बजट बढ़ गया।

### फिल्म में रुकावट की वजह

फिल्म को लेकर कहा गया कि यह प्रोजेक्ट का पैमाना बहुत बड़ा था। विचार कुछ ऐसा बनाने का था, जो अंतर्राष्ट्रीय फंतासी-एक्शन फिल्मों को टक्कर दे सके। अश्वत्थामा को कई देशों में शूट किया जाना था, लेकिन जैसे ही निर्माताओं ने लॉजिस्टिक्स पर काम करना शुरू किया और अंतरराष्ट्रीय स्थानों पर शूटिंग का विचार करना शुरू किया, यह साफ हो गया कि यह बजट में नहीं हो पाएगा। पूजा एंटरटेनमेंट का कर्ज इसकी रुकावट में एक और कारण बन गया है।

### शाहिद ने शुरू कर दी थी तैयारी

शाहिद ने इस फिल्म के लिए शारीरिक तैयारी शुरू कर दी थी। फिल्म वर्तमान समय पर आधारित है। इसकी कहानी महाभारत के अश्वत्थामा से प्रेरित पौराणिक विषयों पर आधारित होगी। हालांकि, अब अश्वत्थामा- द सागा कंटीन्यूज फिल्म को रोक दिया गया है, शाहिद अब फिल्म निर्माता विशाल भारद्वाज की फिल्म पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं। दावा किया गया कि बाजार की मौजूदा स्थिति को देखते हुए स्टूडियो मेगा-बजट फिल्मों को हरी झंडी दिखाने में सावधानी बरत रहे हैं। अश्वत्थामा जैसी परियोजना बहुत जोखिम भरी होगी।

### शाहिद की आने वाली फिल्म

शाहिद कपूर की आने वाली फिल्म के बारे में बात करें तो अभिनेता अगली बार देवा में नजर आएंगे। रोशन एंड्रयूज द्वारा निर्देशित यह फिल्म 14 फरवरी, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। शाहिद कपूर के साथ फिल्म में अभिनेत्री पूजा हेगड़े नजर आएंगी।



# ओटीटी एक्ट्रेस के टैग से परेशान हो चुकी हैं श्रिया पिलगांवकर

एक्टिंग के दिग्गज सचिन और सुप्रिया पिलगांवकर की बेटी श्रिया ने इंडस्ट्री में अपनी अलग पहचान बनाई है। अपने माता-पिता से कोई मदद न लेते हुए अभिनेत्री ने फिल्मों और ओटीटी में अपने काम से दर्शकों की सराहना हासिल की है। श्रिया ने हाल ही में, बताया कि लोग उन्हें ओटीटी एक्ट्रेस का टैग देते हैं। अभिनेत्री इस लेबल से पूरी तरह परेशान हो गई हैं। आइए जानते हैं कि अभिनेत्री ने और क्या कहा है। फिल्म इंडस्ट्री को लेकर कही यह बात हाल ही में, श्रिया ने एक साक्षात्कार में ओटीटी पर काम करने के अपने अनुभव के बारे में बात की और कहा, फिल्म इंडस्ट्री आपको जल्दी से घेर लेती है। मुझे नहीं लगता कि लोग क्रिएटिव सोचने का प्रयास करते हैं कि वे एक कलाकार के रूप में आपके साथ क्या कर सकते हैं, यही वजह है कि अभिनेता के रूप में, हम कहीं न कहीं यह जिम्मेदारी लेते हैं कि हम लोगों को अपनी क्षमता के अनुसार बताएं। ओटीटी अभिनेत्री के टैग से परेशान हैं अभिनेत्री श्रिया ने आगे कहा, कई बार, मुझे एहसास होता है कि साक्षात्कारों में लोग मुझे एक ओटीटी अभिनेत्री के रूप में पेश करते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि आज के समय में ये लेबल बहुत जरूरी नहीं हैं। कलाकार सिर्फ काम करने के लिए बना होता है।

### शोबिज में ट्रस्ट चाहती हैं अभिनेत्री

यही नहीं, श्रिया ने यह भी कहा, मुझे लगता है कि आज एक कलाकार के रूप में मैं शोबिज में ट्रस्ट चाहूंगी। अगर लोग मुझे विश्वास किए जाने के लायक समझते हैं तो यह मेरे लिए बड़ी बात होगी। मुझे लगता है कि हर एक प्रोजेक्ट का ट्रीटमेंट भी काफी अलग होता है। एक हिट फिल्म और एक हिट वेब सीरीज में भी बड़ा अंतर होता है।

### इस वजह से फिल्में ओटीटी पर होती हैं रिलीज

श्रिया का कहना है कि उनके ज्यादातर प्रोजेक्ट्स का ओटीटी पर रिलीज होना सिर्फ इत्तफाक है। अभिनेत्री ने कहा, ज्यादातर बार आपको यह पता नहीं होता कि आपकी फिल्म थिएटर में रिलीज होगी या ह्रअ्रअ पर। पिछले पांच सालों में इंडस्ट्री ने अपनी अलग ही यात्रा की है। मैंने जिन फिल्मों को चुना वह ओटीटी पर ही रिलीज हुई।



# ...अब नागिन बनेंगी श्रद्धा कपूर?

स्त्री 2 के बाद श्रद्धा प्रशंसकों की ही नहीं बल्कि फिल्म निर्मताओं और निर्देशिकों की भी पसंदीदा बन गई हैं, यही वजह है कि स्त्री 2 में पिशाचिनी का किरदार निभाने के बाद अब श्रद्धा नागिन के किरदार में नजर आएंगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, फिल्म निर्माता निखिल द्विवेदी की आगामी फिल्म में श्रद्धा कपूर नागिन की भूमिका में नजर आएंगी। बहरहाल, फिल्म नागिन में श्रद्धा के अपोजिट कौन सा अभिनेता होगा। यह तय होना अभी बाकी है। वहीं श्रद्धा अपनी फिल्म नागिन की शूटिंग अगले साल शुरू करेंगी और इसकी रिलीज डेट तय की जाएगी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, नागिन फिल्म के निर्माता निखिल ने बताया कि स्क्रिप्ट को लिखने में उन्हें तीन साल लगे और इसे तीन बार फिर से लिखा गया। हालांकि, अब यह तैयार है। अब सिर्फ श्रद्धा को लेकर उनका नागिन लुक तैयार किया जा रहा है। आगे निखिल ने कहा कि कास्टिंग शुरू से ही तय हो गई थी क्योंकि श्रद्धा बेहतरीन अभिनेत्री हैं। उन्होंने आगे कहा, श्रद्धा इसके लिए तैयार हो गईं। वह सबसे पहले इस पर सहमत हुई। मैंने सबसे पहले नागिन के लिए शर्द्धा से संपर्क किया था और वह इसके लिए तैयार हो गई। इस फिल्म के लिए बेहद उत्साहित हैं श्रद्धा। अब जब स्क्रिप्ट तैयार है, तो वह शूटिंग शुरू करने का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। श्रद्धा कपूर की हॉरर कॉमेडी फिल्म स्त्री 2 ने बॉक्स ऑफिस पर कई रिकॉर्ड तोड़े। फिल्म इस साल की ब्लॉकबस्टर हिट की लिस्ट में शुमार है। लेकिन अब प्रशंसक श्रद्धा की अगली फिल्म नागिन की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि, फिल्म में श्रद्धा के अपोजिट कौन सा अभिनता होगा, यह तय होना अभी बाकी है।

# बिग बॉस 18 का हिस्सा बनने जा रहीं हैं एडिन रोज



स्प्लिट्सविला एक्स5 के पूर्व प्रतियोगी, दिग्विजय राठी और कशिश कपूर, हाल ही में सलमान खान के शो बिग बॉस 18 में शामिल हुए। उन्होंने रियलिटी शो में वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में प्रवेश किया। बीबी 18 हाउस में प्रवेश करने के दो सप्ताह बाद, चर्चा है कि एक तीसरा वाइल्डकार्ड प्रतियोगी जल्द ही शामिल होगा।

### होगी एडिन रोज की एंट्री

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, मॉडल और अभिनेत्री एडिन रोज को कथित तौर पर वाइल्डकार्ड प्रतियोगी के रूप में बोर्ड पर आने के लिए अंतिम रूप दिया गया है। एडिन रोज के अगले कुछ दिनों में बिग बॉस 18 के घर में प्रवेश करने की उम्मीद है। उनकी भागीदारी के बारे में बताते हुए, एक मीडिया रिपोर्ट में सूत्र के हवाले से कहा गया है, हमारा लक्ष्य नियमित अंतराल पर नए सदस्यों को जोड़कर घर के अंदर उत्साह को जीवित रखना है। एडिन रोज को बोर्ड पर लाना हमारी रणनीति का हिस्सा है। इससे शो में ग्लैमर का भी तड़का लगेगा। एडिन रोज का जन्म दुबई में हुआ था। अभिनय में करियर बनाने के लिए वह भारत आ गईं। एडिन ने रवि तेजा के साथ काम किया है। वह उनकी फिल्म रावणासुर में एक स्पेशल डांस नंबर में नजर आई थीं। अब वह विग्नेश शिवन, कीर्ति सुरेश, एसजे सूर्या और अन्य के साथ एक बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रही हैं।



# विक्की कौशल के साथ काम करना चाहते हैं रोहित शेट्टी



रोहित शेट्टी की गिनती बॉलीवुड के सबसे बेहतरीन फिल्म निर्माताओं में होती है। उनकी फिल्म 'सिंघम अगेन' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार कमाई की। रोहित बॉलीवुड के कई दिग्गजों के साथ काम कर चुके हैं। उन्होंने हाल ही में एक साक्षात्कार में विक्की कौशल के साथ काम करने की इच्छा जताई। उन्होंने कहा कि वह विक्की को अगले अजय देवगन की तरह देखते हैं।

### विक्की के साथ करना चाहते हैं काम

रोहित शेट्टी ने हाल ही में मैशेबल इंडिया पर मुकेश छाबड़ा के साथ बातचीत में नई पीढ़ी के अभिनेता के साथ काम पर अपने विचार व्यक्त किए। उनसे जब पूछा गया कि क्या वह नई पीढ़ी के साथ काम करना चाहते हैं, तो फिल्म निर्माता ने तुरंत विक्की कौशल का नाम लिया और बताया कि वह अक्सर अलग-अलग अवसरों पर एक-दूसरे से मिलते और बात करते हैं।

### विक्की में दिखते हैं अजय देवगन के गुण

रोहित शेट्टी ने आगे बताया, क्योंकि मैंने पूरा करियर वैसा बनाया है मुझे उनमें ना अजय सर के गुण दिखते हैं। एक ब्लॉक होता है ना अगला अजय देवगन कौन है?

### रणवीर सिंह की भी की सराहना

'सिंघम अगेन' के निर्देशक ने रणवीर सिंह की भी सराहना की उन्होंने कहा, 'सिम्बा' एक अति-उत्साही फिल्म थी जिसमें एक अति-उत्साही चरित्र था। फिल्म निर्माता ने 'गली बॉय', 'पद्मावत', 'बाजीराव मस्तानी', 'दिल धड़कने दो' और 'सिम्बा' जैसी फिल्मों में रणवीर के काम को शामिल करके उनकी बहुमुखी प्रतिभा की सराहना की।

### विक्की की क्षमता के बारे में भी बताया

रोहित के अनुसार, एक अभिनेता जो इन सभी फिल्मों को कर सकता है वह एक सुपरस्टार है जबकि फिल्मों में उतार-चढ़ाव फिल्मों का एक अभिन्न अंग हैं। उन्होंने बताया कि यह केवल लंबे समय में ही होता है, जैसे कि 20 साल बाद, कोई अभिनेता की क्षमताओं का पता लगा सकता है। रोहित ने कहा उसमें वो है और वहीं मुझे विक्की में नजर आता है के विक्की में वो बात है के वो सब चीज कर सकता है।

### विक्की कौशल के सफर पर डाला प्रकाश

रोहित ने विक्की कौशल के छोटे-मोटे रोल से लेकर वेब शो तक और बॉलीवुड में बड़ी सफलता हासिल करने के सफर पर भी प्रकाश डाला। रोहित ने कहा कि अगर उनका बेटा भी अभिनेता के रूप में डेब्यू करना चाहेगा, तो वह विक्की के अपनाए गए रास्ते का ही सुझाव देगा।



# सोशल मीडिया पर आप खुद को खो सकते हैं, बहुत निगेटिविटी है

मुझे कुछ कहना है, गायब, खाकी, क्या कूल हैं हम, गोलमाल, और द डर्टी पिक्चर जैसी फिल्मों के एक्टर और प्रोड्यूसर तुषार कपूर को भी लगता है ओटीटी रास आ गया है। ओटीटी पर उनकी वेब सीरीज 10 जून की रात का सीजन टू भी आ गया है।

**हाल ही में आपने अपने एक इंटरव्यू में कहा कि स्टार किड होने के नाते आपको बार-बार नीचे घसीटा गया, आपको कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा?**

हां, ये सच है। आप पर दबाव ज्यादा होता है। आप पर निरंतर निगरानी रखी जाती है। पहले मुझ पर इन बातों का गहरा असर होता था, मगर अब मैं इन बातों को समझ चुका हूं। मीडिया और इंडस्ट्री का एक हिस्सा ऐसा है कि उनके जहन में एक बात होती है कि ये किसी का बेटा है या बेटी है, तो ये आगे क्यों जाए? और अगर वो आगे चला भी गया, तो हम उसकी कमियां कैसे ढूंढें, उसको नीचे कैसे लाएं? जब तक वह चढ़ रहा है, उसे कैसे गिराया जाए। मैं ये नहीं कहता कि पूरी इंडस्ट्री या संपूर्ण मीडिया ऐसा है, कुछ लोग हैं, जो ऐसी सोच रखते हैं, मगर हां, दर्शक ऐसा बिलकुल नहीं है। ऑडियंस पारदर्शी होती है। वो कलाकार को काम के बलबूते पर जज करते हैं। एक्टर की फैन फॉलोइंग किसी के बेटा या बेटी होने की वजह से नहीं हो सकती। उनका इंटेंशन पैसा वसूल मनोरंजन से होता है बस, तो मैं ऑडियंस को ध्यान में रखता हूं और बाकी अपने आस-पास की नेगेटिविटी के शोर को इग्नोर कर देता हूं।

**आपने तो बिना सोशल मीडिया का दौर भी देखा है, मगर अब आप इंटरनेट की दुनिया और ट्रोल्स को कैसे हैंडल करते हैं?**

मैं सोशल मीडिया पर ज्यादा एक्टिव नहीं रहता। अपनी पोस्ट करके निकल जाता हूं। मैं इन प्लैटफॉर्म्स पर ज्यादा टीका-टिप्पणी नहीं करता, क्योंकि कई बार ये बहुत ज्यादा टॉक्सिक हो जाता है। मैंने देखा है कि जब आप सोशल मीडिया पर ज्यादा होते हैं, तब इस दुनिया की बातें आपके दिमाग में घूमती रहती हैं और आपको ओवरथिंक करने पर मजबूर कर देती हैं। मैं ट्रोल्स पर ध्यान नहीं देता। आज सोशल मीडिया इतना बड़ा हो गया है कि यहां आप खुद को खो सकते हैं। आज साइबर क्राइम जैसी चीजें भी बढ़ती जा रही हैं, तो इसे सीमित रूप से इस्तेमाल करना ही सही है। हम देख रहे हैं कि समाज भी बदल गया है। आज नेगेटिविटी भी बहुत है और इस माध्यम के जरिए जल्द से जल्द पैसा कमाने की होड़ भी।

**आपकी सीरीज 10 जून की रात के सीजन 2 की बात करें, तो इसके लिए आपको काफी नाइट शूटिंग करनी पड़ी। उस दौरान सिंगल पैरेंट होने के नाते आपने बेटे लक्ष्य की देखभाल के साथ-साथ आपने काम को कैसे मैनेज किया?**

इसकी शूटिंग जनवरी में शुरू हुई थी और पूरे दो महीने शूटिंग होती रही थी। मार्च में गैप था फिर मई और जून में शूटिंग थी। उस दौरान शूटिंग का शेड्यूल इतना हैक्टिक होता था कि मैं कभी -कभी उसका चेहरा भी देख नहीं पाता था। कई बार ऐसा हुआ कि मैं तीन-चार दिन उससे मिल भी नहीं पाया। कई बार सिर्फ आते-जाते शक्ल देख लेता था। मगर अब वो आठ साल का हो गया है, तो काफी समझदार और आत्मनिर्भर हो गया है। वह समझता था कि मैं काम पर हूं और वो भी अपने स्कूल और स्कूल की एक्टिविटीज में मसरूफ था। उसकी देखभाल के लिए मेरे पैरेंट्स और एक दीदी है, जो उसका खयाल रखते हैं। आजकल के बच्चों को स्कूल में काफी एक्टिविटीज होती हैं। लक्ष्य फुटबॉल भी खेलता है। चूंकि मैं नाइट शूट में था, तो दोपहर में उसका ओपन हाउस या पैरेंट-टीचर मीटिंग या दूसरे किसी स्कूल के काम के समय में कैसे भी उन चीजों को अटैंड कर लेता था।मैंने इसी तरह अपने काम और उसे मैनेज किया है। जिस दिन मेरा ऑफ होता था, हम बाप-बेटे मिलकर खूब समय बिताते और सारी कसर निकाल देते थे।

**सीरीज में आपके किरदार का नाम पनौती है। आपने अपने करियर में पनौती वाला दौर कब महसूस किया?**

कई बार आपके करियर में ऐसा दौर आता है, जब आपको लगता है कि चीजें सही नहीं हो पा रही हैं। करियर में जब बुरा वक्त चल रहा हो, तो लगता है कि मैं जो कुछ भी कर रहा हूं, मेरी मेहनत रंग नहीं ला रही है और ये शायद पनौती ही होगी। जैसे मेरी फिल्म थी लक्ष्मी, उसे 7 साल लगे बनाने में। निर्माता के रूप में वो मेरी पहली फिल्म थी। फिल्म (कंचना) के राइट्स मैंने 2013 में खरीदे थे, मगर उसकी कास्टिंग में अड़चने आईं, और भी कई बाधाएं आईं और तब लगा कि ये क्या शनि या पनौती लगी है? मगर मैं एक बात जरूर कहना चाहूंगा कि वक्त कितना भी बुरा क्यों न हो, आपको हार नहीं माननी चाहिए। उसे पनौती मान कर हिम्मत नहीं छोड़नी चाहिए और मेहनत करते रहनी चाहिए।

# संजू सैमसन और तिलक के धमाकेदार शतक, साउथ अफ्रीका के खिलाफ भारत ने जीती 3-1 से सीरीज

**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।** भारत ने संजू सैमसन और तिलक वर्मा की धमाकेदार नाबाद शतकीय पारियों की बदौलत शुक्रवार को यहां चौथे और अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 138 रन से जीत हासिल कर श्रृंखला 3-1 से अपने नाम की। सैमसन (नाबाद 109) और वर्मा (नाबाद 120) के बीच दूसरे विकेट के लिए रिकॉर्ड 210 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए एक विकेट पर 283 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया।

यह भारत का टी20 अंतरराष्ट्रीय में अब तक का विदेशी सरजमीं पर और दक्षिण अफ्रीकी धरती पर किसी भी देश द्वारा बनाया गया सबसे बड़ा स्कोर है। अर्शदीप सिंह (20 रन देकर तीन विकेट) के शानदार शुरूआती स्पैल की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने 10 रन पर चार विकेट गंवा दिये थे और फिर पूरी टीम 18.2 ओवर में 148 रन पर सिमट गई। मैच के दौरान कई रिकॉर्ड टूटे जिसमें सबसे खास रिकॉर्ड दो भारतीय बल्लेबाजों का एक ही टी20 अंतरराष्ट्रीय पारी में शतक जड़ना रहा।

सैमसन और वर्मा ने दूसरे विकेट के लिए सिर्फ 93 गेंद में बनी 210 रन की साझेदारी भारत के लिए इस प्रारूप में किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी भागीदारी भी रही। हैदराबाद के 22 वर्षीय तिलक ने महज 47 गेंद में नौ चौके और 10 छक्के जड़े जिससे वह टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार शतक जड़ने वाले दूसरे भारतीय बने।

कप्तान सूर्यकुमार यादव ने इस युवा प्रतिभा को मौका देने के लिए अपने पसंदीदा बल्लेबाजी स्थान को छोड़ने का फैसला किया जो उनकी नेतृत्व क्षमता दिखाता है। पहले मैच में शानदार शतक जड़ने वाले सैमसन ने 56 गेंद का सामना करते हुए अपनी शतकीय पारी में छह चौके और नौ छक्के जमाये। वर्मा के साथ मिलकर सैमसन ने एक बार फिर दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाजों की धुनाई की।

तीसरे नंबर पर वर्मा आत्मविश्वास और जोश से भरे दिखे। सैमसन ने पिछली पांच पारियों में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़े हैं जिसमें दो बार शून्य पर आउट होना भी शामिल हैं जबकि वर्मा ने लगातार दो टी20 अंतरराष्ट्रीय शतक जड़े। दक्षिण अफ्रीका की शुरूआत ही काफी खराब हुई, उसने तीसरे ओवर में 10 रन पर चार विकेट खो दिये थे। इस विशाल स्कोर का पीछा करते हुए बल्लेबाजों का दबाव में आना लाजमी था।

दक्षिण अफ्रीका ने पारी की तीसरी गेंद पर अपने सलामी बल्लेबाज रीजा हैंड्रिक्स का विकेट गंवाया जो अर्शदीप सिंह का पहला शिकार हुए। दूसरे ओवर में आल राउंडर हार्दिक पंड्या ने रेयान रिकेल्टन को पवेलियन भेज दिया। दक्षिण अफ्रीका ने 10 रन के स्कोर पर ऐडन मार्करम और हेनरिच क्लासेन के विकेट गंवा दिये जिससे स्कोर 10 विकेट पर चार रन था।

ऐसी शुरूआत के बाद दक्षिण अफ्रीकी पारी के जल्दी समाप्त होने की उम्मीद थी लेकिन टीम 18.2 ओवर तक खेलने में सफल रही। उसके लिए ट्रिस्टन स्टब्स ने 43 रन, डेविड मिलर ने 36 और मार्को यानसेन ने नाबाद 29 रन बनाये। भारत के लिए अर्शदीप के तीन विकेट के अलावा वरूण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने दो दो विकेट झटके।

इससे पहले सैमसन 51 गेंद में छह चौके और आठ छक्के से 100 रन पूरे किये और वर्मा ने अपना सैकड़ा पूरा करने के लिए 41 गेंद खेलीं जिसमें छह चौके और नौ छक्के शामिल थे। अभिषेक शर्मा (18 गेंद में 36 रन) को भी पावरप्ले में चार बड़े छक्के जड़कर पारी को लय देने का श्रेय मिलना चाहिए। बल्लेबाजी के लिए अच्छी पिच पर भारतीय बल्लेबाजों ने रिकॉर्ड 23 छक्के लगाए।




दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज गेराल्फ कोएत्जी चोटिल दिख रहे थे जिससे उन्हें गेंदबाजी में परेशानी हो रही थी और इससे भारत को फायदा ही हुआ। दोनों बल्लेबाजों ने मध्यम गति के गेंदबाज एंडिले सिमेलाने और लूथो सिपामला को खूब धुना। जब तक कप्तान एडेन मार्करम ने कोएट्जी को दूसरे स्पैल के लिए लगाया तब तक भारतीय बल्लेबाज अपना काम कर चुके थे। दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों ने हड़बड़ाहट में लगाम कसने के लिए 17 वाइड गेंद फेंक दी।

केशव महाराज और ट्रिस्टन स्टब्स भी दोनों बल्लेबाजों के कोप से नहीं बच सके जिनके खिलाफ दोनों ने कट, पुल, स्लॉग स्वीप, रिवर्स स्वीप जैसे सभी शॉट लगाये। मैदान का कोई भी कोना ऐसा नहीं था जहां इन दोनों भारतीयों ने स्ट्रोक्स नहीं लगाये हों। बल्कि सैमसन का एक शॉट एक महिला दर्शक के गाल पर लगा जिससे वह दर्द से रो रही थी और टीवी कैमरों ने इसे कैमरे पर उतार लिया।

## नेशंस लीग : रोनाल्डो के दो गोल से पुर्तगाल की पोलैंड पर बड़ी जीत



**चेन्नई (एजेंसी)।** मैड्रिड ~स्टार स्ट्राइकर क्रिस्टियानो रोनाल्डो के दो गोल के दम पर पुर्तगाल ने शुक्रवार को पोलैंड को 5-1 से हराकर नेशंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह सुनिश्चित की। स्कॉटलैंड ने क्रोएशिया को 1-0 से हराकर नौ मैचों में अपनी पहली जीत दर्ज करके टूर्नामेंट के शीर्ष स्तर पर बने रहने की अपनी उम्मीदें बरकरार रखीं।

इस बीच बुखारेस्ट में रोमानिया और कोसोवो के बीच मैच को इंजरी टाइम में रोक दिया गया और बाद में इसे गोल रहित ड्रॉ पर रद्द कर दिया गया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों के बीच हाथापाई हुई और कोसोवो के खिलाड़ी मैदान से बाहर चले गए। यूरोपीय फुटबॉल की सर्वोच्च संस्था यूईएफए ने यह नहीं बताया कि खेल को बीच में क्यों रोक दिया गया लेकिन कथित तौर पर कोसोवो के खिलाड़ी सर्बियाई समर्थक नारे सुनकर नाराज थे। इस फुटबॉल संस्था ने अपनी वेबसाइट पर जारी बयान में कहा, 'रोमानिया और कोसोवो के बीच यूईएफए नेशंस लीग मैच रद्द कर दिया गया है। यूईएफए उचित समय पर आगे की जानकारी देगा।% ग्रुप ए4 में पहले ही अपना पहला स्थान सुनिश्चित कर चुके स्पेन ने कोपेनहेगन में डेनमार्क को 2-1 से हराया। फ्रांस, इटली, जर्मनी, स्पेन और पुर्तगाल क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर चुके हैं।

रोनाल्डो ने पोर्टो में खेले गए मैच में शानदार प्रदर्शन किया और उन्हें मैच का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। उन्होंने पेनल्टी किक पर अपने अंतरराष्ट्रीय करियर का 134वां गोल किया और फिर कुछ देर बाद ओवरहेड किक पर गोल करके पुर्तगाल की तरफ से अपने कुल गोल की संख्या 135 पर पहुंचा दी। पोलैंड की इस हार से क्वार्टर फाइनल में पहुंचने की उम्मीदें खत्म हो गईं।

## दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ श्रृंखला जीत पर गदगद हुए वीवीएस लक्ष्मण... तुम पर गर्व

**जोहानिसबर्ग (एजेंसी )।** दक्षिण अफ्रीका दौरे के लिए भारतीय टीम के मुख्य कोच वीवीएस लक्ष्मण ने टी 20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में जीत को विशेष बताया है। भारत ने चौथे और अंतिम मैच में 135 रन से जीत दर्ज करके चार मैच की श्रृंखला 3-1 से जीती। इस श्रृंखला में बल्लेबाज तिलक वर्मा और संजू सैमसन तथा गेंदबाज वरुण चक्रवर्ती ने प्रभावशाली प्रदर्शन कर सभी का ध्यान अपनी ओर खींचा। लक्ष्मण ने पोस्ट किया कि जिस तरह से हमारे खिलाड़ी पूरी श्रृंखला में खेले उससे मुझे वास्तव में उन पर बहुत गर्व है। श्रृंखला में 3-1 से जीत विशेष प्रयास का परिणाम है। सूर्यकुमार यादव ने बेहतरीन कप्तानी की और टीम की जीत में अहम योगदान दिया। सैमसन और तिलक ने बल्लेबाजी में कमाल दिखाया। वहीं गेंदबाजी के क्षेत्र वरुण का प्रदर्शन असाधारण रहा। पूरी टीम ने जिस तरह का प्रदर्शन किया और एक दूसरे की सफलता का आनंद उठाया, उससे मुझे इन खिलाड़ियों पर गर्व है। इस यादगार जीत के लिए बधाई। कप्तान सूर्यकुमार ने भी श्रृंखला में जीत को विशेष बताया। उन्होंने अपने साथियों को संबोधित कर कहा, 'शाबाश मेरे साथियों, हर किसी को बधाई। हर कोई जानता है कि विदेशों में श्रृंखला जीतना कितना मुश्किल है। प्रत्येक खिलाड़ी ने अपनी भूमिका बखूबी निभाई। प्रत्येक खिलाड़ी को श्रेय जाता है।

# करनाली याक्स टीम से जुड़े शिखर धवन, फिर लगाएंगे मैदान पर छक्के-चौके

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन फिर से क्रिकेट मैदान पर चौके छक्के लगाते नजर आएंगे। धवन करनाली याक्स टीम में शामिल हो गए हैं। वह नेपाल प्रीमियर लीग (एनपीएल) के उद्घाटन सत्र में खेलते नजर आएंगे। उनका यह फैसला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) द्वारा उन्हें 2025 मेगा-नीलामी से पहले रिलीज करने के बाद आया है। आईपीएल 2024 में शिखर धवन ने पांच मैचों में पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व किया और 125.62 की स्ट्राइक रेट से 152 रन बनाए थे। घायल होने के बाद वह नहीं खेल पाए थे।



करनाली याक्स ने धवन से जुड़ाव का ऐलान करते हुए एक्स पर लिखा- करनाली याक्स नेपाल प्रीमियर लीग में गब्बर की प्रचंड ऊर्जा शिखर धवन ला रहे हैं! अपने आप को संभालो क्योंकि गब्बर आ गया है। इससे पहले अगस्त में शिखर धवन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। अपने फैसले की घोषणा करने के लिए एक भावनात्मक संदेश में धवन ने अपने शानदार करियर पर पर्दा डाला। उन्होंने सभी प्रारूपों में भारत का प्रतिनिधित्व किया, लेकिन वनडे उनकी खासियत थी। उन्होंने 167 वनडे में 44.1 की औसत से 6,793 रन बनाए जिसमें 17 शतक और 39 अर्द्धशतक शामिल हैं।

टेस्ट क्रिकेट में उन्होंने मुरली विजय के साथ शानदार खेल खेला है। धवन ने 34 मैचों में 40.6 की औसत से 2,315 रन बनाए। उनके टेस्ट करियर में सात शतक और पांच अर्धशतक शामिल रहे। टी20ई प्रारूप में धवन ने 68 मैच खेले और 27.9 की औसत से 1,759 रन बनाए, जिसमें 11 अर्द्धशतक शामिल हैं। घरेलू सर्किट में, धवन ने 122 प्रथम श्रेणी क्रिकेट मैच खेले और 44.26 की औसत से 8,499 रन बनाए, जिसमें 25 शतक और 29 अर्द्धशतक शामिल हैं।

## आईसीसी का ऐलान, चैंपियंस ट्रॉफी 15–26 जनवरी तक भारत के शहरों में करेगी भ्रमण

दुबई । अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की कि 2025 पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी टूर इस्लामाबाद से शुरू होगा। ट्रॉफी को शहर के प्रसिद्ध स्थलों जैसे दमन–ए–कोह, फैसल मस्जिद और पाकिस्तान स्मारक में भी प्रदर्शित किया जाएगा, इसमें दिग्गज तेज गेंदबाज शोएब अख्तर भी मौजूद रहने वाले है। ट्रॉफी टूर हर बड़े आईसीसी इवेंट से पहले एक प्रमोशनल इवेंट होता है, लेकिन पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा घोषणा करने के बाद यह एक बड़े विवाद में फंस गया कि स्कार्दू, मुरी, हुंजा और मुजफ्फराबाद जैसे स्थान, जो कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में आते हैं, चैंपियंस ट्रॉफी टूर सूची में शामिल किए गए थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा कड़ी आपत्ति जताने बाद आईसीसी द्वारा घोषित ट्रॉफी टूर कार्यक्रम में केवल मुरी को रखा गया है, जबकि 25 नवंबर तक पाकिस्तान संस्करण की यात्रा के लिए तक्षशिला, खानपुर, एबटाबाद, नथिया गली और कराची जैसे स्थानों को सूची में रखा गया है। आईसीसी के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी अनुराग दहिया ने कहा, सभी भाग लेने वाले देशों में प्रदर्शित किए जाने वाली विजेता ट्रॉफी से खेल के उत्साही प्रशंसकों को प्रतिष्ठित ट्रॉफी के करीब होने का अविस्मरणीय अनुभव मिलेगा। ट्रॉफी 26–28 नवंबर तक अफगानिस्तान का दौरा करेगी, फिर 10–13 दिसंबर तक बांग्लादेश और 15–22 दिसंबर तक दक्षिण अफ्रीका में रहेगी। इसके बाद 25 दिसंबर से 5 जनवरी तक ऑस्ट्रेलिया में रहेगी और उसके बाद 6–11 जनवरी तक न्यूजीलैंड जाएगी।

## फिर पिता बने रोहित शर्मा... पत्नी ने दिया बेटे को जन्म



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रोहित शर्मा फिर से पिता बने हैं, उनकी पत्नी रितिका सजदेह ने बेटे को जन्म दिया है। 15 नवंबर को रितिका ने बेटे को जन्म दिया। यह खुशखबरी प्रशंसकों के बीच तेजी से फैल रही है, हालांकि दंपति ने अभी तक इस बारे में कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है। रोहित और रितिका ने 13 दिसंबर 2015 को शादी की थी और उनके परिवार में पहले से एक बेटी समायरा है, जिसका जन्म 2018 में हुआ था। रोहित ने अपनी पत्नी के साथ रहने के लिए पितृत्व अवकाश लिया है। वर्तमान में भारतीय टीम बॉर्डर–गावस्कर ट्रॉफी की तैयारी कर रही है, लेकिन रोहित ने अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियों को प्राथमिकता दी है। मुख्य कोच गौतम गंभीर ने बताया कि रोहित की पहले टेस्ट में भागीदारी को लेकर अभी कोई स्पष्टता नहीं है, लेकिन उम्मीद है कि अगर घर पर सब कुछ ठीक रहा, तब वह टीम में शामिल हो सकते हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, रोहित ने मुंबई में नेट्स पर अभ्यास जारी रखा है, ताकि वह महत्वपूर्ण सीरीज के लिए तैयार रहें। प्रशंसक इस समय सोशल मीडिया पर दंपति को बधाइयाँ देने में जुटे हैं और रोहित के जल्द से जल्द मैदान पर लौटने की उम्मीद कर रहे हैं। उनके बेटे के जन्म ने क्रिकेट जगत और उनके चाहने वालों के बीच उत्साह की लहर दौड़ा दी है। रोहित शर्मा का यह कदम फिर दर्शाता है कि वह एक जिम्मेदार पिता और पति के साथ–साथ एक समर्पित खिलाड़ी भी हैं।

## भारतीय मुक्केबाज नीरज गोयत ने सुपर-मिडिलवेट मुकाबले में व्हिंडरसन नून्स को हराया




**नई दिल्ली (एजेंसी )।** नीरज गोयत ने शुक्रवार को टेक्सास के अर्लिंग्टन स्थित एटी एंड टी स्टेडियम में जेक पॉल बनाम माइक टायसन नेटफ्लिक्स इवेंट के अंडरकार्ड सुपर-मिडिलवेट मुकाबले में व्हिंडरसन नून्स को हराया।

डब्ल्यूबीसी रैंकिंग में जगह बनाने वाले पहले भारतीय मुक्केबाज ने छह राउंड की गैर-टाइटल लड़ाई में 60-54 के व्यापक अंतर से सर्वसम्मत निर्णय से अपना मुकाबला जीता। यह भारतीय मुक्केबाज का एकतरफा मुकाबला था, जिसने पूरे मुकाबले में अपना दबदबा बनाए रखा।

भारत के 33 वर्षीय मुक्केबाज ने अपने पिछले पांच मैचों में से चार जीते हैं, जिसमें उनकी आखिरी जीत पिछले साल दूसरे दौर में फाकोर्न ऐम्योद पर तकनीकी नॉकआउट (टीकेओ) से जीत के रूप में आई थी।

उनके प्रतिद्वंद्वी, नून्स ने हाल ही में मिसफिट्स बॉक्सिंग प्राइम कार्ड में नाथन बार्टलिंग से हारकर अपना पेशेवर पदार्पण किया। ब्राजीलियाई मुक्केबाज केवल प्रदर्शनी मैचों में ही दिखाई दिए हैं। उनका मुकाबला टायसन और पॉल के बीच बड़े मुकाबले से पहले पांच अंडरकार्ड मुकाबलों में से अंतिम था।

## जेक पॉल ने दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन को हराया




नई दिल्ली । युवा यूट्यूबर से मुक्केबाज बने जेक पॉल ने शुक्रवार रात 58 वर्षीय पूर्व हेवीवेट चैंपियन दिग्गज मुक्केबाज माइक टायसन पर सर्वसम्मति से जीत हासिल की। जजों के अनुसार मुकाबला करीबी नहीं था, एक ने पॉल को 80–72 की बढ़त दी, जबकि अन्य दो ने इसे 79–73 बताया। टायसन शुरुआती घंटी बजने के तुरंत बाद पॉल के पीछे आए और कुछ तेज़ मुक्के मारे, लेकिन बाकी समय उन्होंने कुछ और करने की कोशिश नहीं की। यह लगभग 20 वर्षों में टायसन का पहला स्वीकृत पेशेवर मुकाबला था, जहां उनका सामना एक नौसिखिए मुक्केबाज से था। टायसन के शुरुआती सेकंड में तेज धमाके के बाद पॉल अधिक आक्रामक हो गए, लेकिन मुक्के बहुत प्रभावी नहीं थे। कई बार उन्होंने बेतहाशा वार किए और चूक गए, हालांकि इसके बाद भी उन्होंने अंत में जीत दर्ज की। यह टायसन के लिए 2005 के बाद से पहली स्वीकृत लड़ाई थी, जबकि पॉल ने चार साल से थोड़ा अधिक समय पहले लड़ना शुरू किया था। यह मुकाबला मूलत: 20 जुलाई को होना था, लेकिन उड़ान के दौरान बीमार पड़ने के बाद पेट के अल्सर के उपचार के लिए टायसन को ले जाया गया, जिसके कारण इसे स्थगित करना पड़ा।

## भारत/ऑस्ट्रेलिया : शुभमन गिल के लगी गंभीर चोट, पर्थ टेस्ट से लगभग बाहर

**नई दिल्ली/पर्थ (एजेंसी)।** भारत को शनिवार को बड़ा झटका लगा जब शीर्ष क्रम के स्टार बल्लेबाज शुभमन गिल के बाएं हाथ के अंगूठे में फ्रैक्चर हो गया जिसके कारण वह बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के 22 नवंबर से पर्थ में शुरू हो रहे पहले टेस्ट से बाहर हो सकते हैं। भारत की पिछली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में मिली जीत के युवा नायकों में से एक गिल बल्लेबाजी के मुख्य आधार हैं और अगर कप्तान रोहित शर्मा पहले टेस्ट से बाहर हो जाते हैं तो भारत का शीर्ष क्रम कमजोर दिख सकता है।

टीम को दो टुकड़ों में विभाजित करके कराए गए अभ्यास मैच के दूसरे दिन क्षेत्ररक्षण करते समय गिल को चोट लगी। वह चोट के बाद काफी दर्द में दिख रहे थे और स्कैन के लिए तुरंत मैदान से बाहर चले गए। इस मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक सूत्र के अनुसार गिल के बाएं अंगूठे में फ्रैक्चर है और टेस्ट शुरू होने में एक सप्ताह से भी कम समय बचा है इसलिए इस स्टाइलिश दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए शुरुआती मैच के लिए समय पर फिट होना लगभग असंभव होगा।

अंगूठे के फ्रैक्चर को ठीक होने में आम तौर पर लगभग 14 दिन लगते हैं जिसके बाद व्यक्ति से अपने नियमित नेट सत्र शुरू करने की उम्मीद की जाती है। पर एडिलेड में दूसरा टेस्ट छह दिसंबर से शुरू हो रहा है तो संभावना है कि वह उस मैच के लिए समय पर फिट हो जाएंगे। गिल की अनुपस्थिति राष्ट्रीय टीम के लिए बहुत मुश्किल भरी हो सकती है क्योंकि वह तीसरे नंबर के लिए अहम बल्लेबाज हैं और रोहित की अनुपस्थिति में उन्हें यशस्वी जायसवाल के साथ पारी की शुरुआत कराने के लिए विचार किया जा सकता था।

वहीं लोकेश राहुल को भी टीम के अभ्यास मैच के शुरुआती दिन प्रसिद्ध कृष्णा की शॉर्ट गेंद से कोहनी में चोट लगी है और उन्हें मैदान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। राहुल के चोट वाले हिस्से पर 'आइसिंग' की जरूरत पड़ी और वह शनिवार को अभ्यास के दूसरे दिन मैदान पर नहीं उतरे। हालांकि ऐसा एहतियात के तौर पर किया गया। अगर गिल अनुपस्थित रहते हैं तो अभिमन्यु ईश्वरन को टेस्ट पदार्पण का मौका मिल सकता है क्योंकि भारत के पास ज्यादा विकल्प नहीं हैं। हालांकि बेटे के पिता बने कप्तान रोहित शर्मा अगर तीन दिन की ट्रेनिंग के लिए टीम में शामिल होने का फैसला करते हैं तो कहानी अलग होगी।

मोहम्मद शमी ने रणजी ट्रॉफी में 43.2 से अधिक ओवर गेंदबाजी करते हुए सात विकेट लिए हैं और 37 रन बनाए हैं। इससे निश्चित है कि वह दूसरे टेस्ट से पहले टीम से जुड़ने जा रहे हैं। अभ्यास मैच का आखिरी दिन रविवार को होगा जिसके बाद रिजर्व खिलाड़ियों को छोड़कर भारत ए की टीम भारत वापस आ जाएगी और खिलाड़ी सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के लिए अपने राज्य की टीमों से जुड़ेंगे। इसके बाद मुख्य टीम पर्थ के ऑप्टस स्टेडियम जाएगी जहां वह शुक्रवार से शुरू होने वाले टेस्ट में उतरने से पहले मंगलवार से गुरुवार तक तीन नेट सत्र में हिस्सा लेगी।




## केएल राहुल की वापसी का लक्ष्य : आईपीएल में प्रदर्शन से नई राह की उम्मीद

पर्थ (ऑस्ट्रेलिया) । खराब फॉर्म के बावजूद भारतीय बल्लेबाज केएल राहुल ने तीनों प्रारूपों में खेलने की अपनी महत्वाकांक्षा को दोहराया है। आगामी इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) को वह टी20 टीम में वापसी का जरिया मान रहे हैं। राहुल, जिन्होंने 2022 से अब तक टेस्ट में संघर्ष किया है, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट श्रृंखला में रोहित शर्मा की अनुपस्थिति में ओपनिंग का मौका मिलने की उम्मीद कर सकते हैं। राहुल ने कहा, 'मैं भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना चाहता हूं। पिछले कुछ समय से मैं टी20 टीम से बाहर हूं, लेकिन मुझे पता है कि वापसी के लिए क्या करना है। आईपीएल के नए सत्र का इंतजार कर रहा हूं ताकि अपने प्रदर्शन से टी20 टीम में फिर से जगह बना सकूं।' राहुल का हालिया फॉर्म चिंता का विषय रहा है। उन्होंने 2022 से 12 टेस्ट मैचों की 21 पारियों में केवल 514 रन बनाए, जिसमें उनका औसत 25.7 रहा। इसके बावजूद राहुल ने जोर देकर कहा कि वह व्यक्तिगत आंकड़ों की बजाय टीम के लिए खेलने को प्राथमिकता देते हैं। राहुल ने कहा, 'हमेशा से मेरी प्राथमिकता टीम रही है। व्यक्तिगत प्रदर्शन से ज्यादा टीम के लिए योगदान देना मायने रखता है। अगर मैं टेनिस खेल रहा होता, तो स्थिति अलग होती, लेकिन क्रिकेट में टीम के लिए अलग–अलग भूमिकाएं निभानी पड़ती हैं।' राहुल का मानना है कि आईपीएल उनके लिए मंच प्रदान करेगा, जहां वह अपने फॉर्म को सुधारकर राष्ट्रीय टीम में जगह पक्की कर सकते हैं। भारतीय टीम में वापसी के लिए राहुल के पास आईपीएल के अलावा ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में भी खुद को साबित करने का मौका होगा। अगर रोहित शर्मा पहले टेस्ट से बाहर रहते हैं, तो राहुल के पास पारी की शुरुआत का मौका होगा। हालांकि, उनके हालिया प्रदर्शन ने टीम प्रबंधन के सामने चयन को लेकर सवाल खड़े किए हैं। राहुल के लिए यह सीजन बेहद महत्वपूर्ण है, जहां उनका प्रदर्शन उनके भविष्य का रास्ता तय कर सकता है। टीम में उनकी भूमिका और जिम्मेदारियों को लेकर उन्होंने जो समझ दिखलाई है, उससे उनकी वापसी की संभावनाएं मजबूत हो सकती हैं।

## पंत का दुर्घटना की चोट से उबरना चमत्कार था, मुझे लगा था कि वह कभी नहीं खेल पायेंगे: शास्त्री

**मेलबर्न (एजेंसी )।** भारत के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने भीषण कार दुर्घटना के बाद जब विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत को अस्पताल में देखा था तब उनके क्रिकेट भविष्य को लेकर अनिश्चित थे। उन्होंने विकेटकीपर बल्लेबाज के चोट से उबरने को 'चमत्कार' करार दिया। पंत ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बीते सत्र में सीमित ओवरों की क्रिकेट में वापसी करने के बाद दलीप ट्रॉफी से लाल गेंद प्रारूप में सफल वापसी की थी। वह बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में भारतीय टीम का हिस्सा थे। शास्त्री ने 'न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू' से कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो, अगर आपने उसे देखा होता तो आप उससे दोबारा क्रिकेट खेलने की उम्मीद नहीं करते।''

भारत के इस पूर्व हरफनमौला ने कहा, ''मैं इसे कभी नहीं भूलूंगा। वह बहुत पीड़ादायक स्थिति में था। उसके चोटिल होने के एक महीने बाद मैं उसे अस्पताल में देखने गया था। उसे काफी चोट लगी थी और पूरे शरीर पर चोट के निशान थे।'' शास्त्री ने कहा, ''उसका एक बड़ा ऑपरेशन हुआ था और हर जगह टांके लगे थे। उस स्थिति से ठीक होकर क्रिकेट खेलना एक चमत्कार है। फिर आगे बढ़ना और विश्व कप विजेता टीम में खेलना और टेस्ट टीम का हिस्सा बनना वास्तव में एक बड़ी और उल्लेखनीय उपलब्धि है।''

भारतीय टीम 22 नवंबर से शुरू होने वाली पांच मैचों बॉर्डर गावस्कर श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया में है और इस देश में पंत का औसत 62 का है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दो दौरे में टीम की सफलता में शानदार भूमिका निभाई थी। सड़क दुर्घटना की चोट से वापसी करने के बाद से पंत शानदार लय में है। शास्त्री ने कहा, '' वह शानदार लय के साथ ऑस्ट्रेलिया आया है। वह ऐसा खिलाड़ी जिसका खौफ ऑस्ट्रेलिया की टीम में है। जब वह अस्पताल में था तब हालांकि इस बात की बेहद कम संभावना था कि वह इस दौरे का हिस्सा बनेगा।'' शास्त्री ने कहा, ''अब जब आप उनसे बात करते हैं तो खेल के प्रति उनके मन में सम्मान और भी बढ़ जाता है। अपनी वापसी के बाद से वह इस खेल को और अधिक महत्व देता है। मैंने उसे टेस्ट क्रिकेट के मुताबिक फिटनेस हासिल करने के लिए काफी कड़ी मेहनत करते हुए देखा है।'' पंत दिसंबर 2022 में नयी दिल्ली से अपने गृह नगर रुड़की लौटते समय कार दुर्घटना में घायल हो गए थे।



## संक्षिप्त समाचार

### लंदन में सड़क किनारे खड़ी थी कार, डिक्की में मिली महिला की लाश, भारतीय मूल के पति की तलाश



**लंदन, एजेंसी।** लंदन में कुछ दिन पहले कार की डिक्की से एक महिला का शव बरामद हुआ था। इस मामले की जांच कर रही ब्रिटेन की पुलिस ने हत्या के संदेह में भारतीय मूल के उसके पति की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस को संदेह है कि आरोपी इस महीने की शुरुआत में अपनी पत्नी हर्षिता ब्रेलाकी हत्या करने के बाद देश छोड़कर भाग गया। नॉर्थम्पटनशायर पुलिस की ओर से रविवार को ताजा बयान जारी किया गया। इसमें मुख्य निरीक्षक पॉल कैश ने कहा कि इस मामले पर 60 से अधिक जासूस काम कर रहे हैं। पुलिस ने आरोपी पंकज लांबा की तस्वीर जारी कर दी। साथ ही, लोगों से किसी भी तरह की सूचना मिलने पर जानकारी देने की अपील की गई है। पॉल कैश ने कहा, 'पूछताछ के बाद हमें संदेह है कि हर्षिता की हत्या इस महीने की शुरुआत में नॉर्थम्पटनशायर में उसके पति पंकज लांबा ने की थी।' इससे पहले, नॉर्थम्पटनशायर पुलिस ने सप्ताहांत में हत्या की जांच शुरू की। इस दौरान लंदन में एक कार की डिक्की में पाई गई मृतक का नाम हर्षिता ब्रेला बताया गया। साथ ही, कहा गया कि इसके बारे में और ज्यादा जानकारियां जुटाई जा रही हैं। पुलिस ने बताया कि गुरुवार की सुबह पूर्वी लंदन के इलफोर्ड इलाके में ब्रिसबेन रोड पर एक वाहन खड़ा था, जिसकी डिक्की के अंदर पीड़ित का शव मिला था। शुक्रवार को 'लीसेस्टर रॉयल इन्फर्मरी' में उसका पोस्टमार्टम किया गया। ईस्ट मिडलैंड्स स्पेशल ऑपरेशन मेजर क्राइम यूनिट के सीनियर जांच अधिकारी (डिटेक्टिव चीफ इंस्पेक्टर) जॉनी कैंपबेल ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि ईएमएसओयू और नॉर्थम्पटनशायर पुलिस के जासूस महिला की मौत के कारण का पता लगाने के लिए दिन-रात काम कर रहे हैं।

### स्लोवेनिया में छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन लोगों की मौत

**जुब्लजाना, एजेंसी।** प्रीकमुरजे इलाके में मनोरम दृश्यों से रू-ब-रू करा रहा था। खबर के मुताबिक, शुरू में विमान में चार लोगों को ले जाने की योजना थी, लेकिन एक व्यक्ति पीछे छूट गया। उत्तर-पूर्वी स्लोवेनिया में रविवार को कोहरे के कारण एक छोटा विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में विमान में सवार तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि बल को रविवार दोपहर दुर्घटना के बारे में जानकारी मिली। पुलिस ने स्लोवेनिया के सार्वजनिक प्रसारक 'आरटीवी स्लोवेनिया' को बताया कि सेसना स्काईहॉक विमान उस समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ जब वह यात्रियों को प्रीकमुरजे इलाके में मनोरम दृश्यों से रू-ब-रू करा रहा था। खबर के मुताबिक, शुरू में विमान में चार लोगों को ले जाने की योजना थी, लेकिन एक व्यक्ति पीछे छूट गया।

### उत्तरी गाजा में इजराइली हमले में 30 लोग मारे गए

**गाजा, एजेंसी।** स्थानीय लोगों ने बताया कि कई मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले, इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने बेत लाहिया में ''आतंकवादी ठिकानों'' पर कई हमले किए। उत्तरी गाजा के बेत लाहिया में रविवार तड़के हुए इजराइली हमले में कम से कम 30 लोग मारे गए। एक अस्पताल के निदेशक ने यह जानकारी दी। बेत लाहिया में कमाल अदवान अस्पताल के निदेशक होसम अबू सफिया ने यह भी बताया कि हमले में दर्जनों लोग घायल हुए हैं और कई लोग अब भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। स्थानीय लोगों ने बताया कि कई मकानों को भी नुकसान पहुंचा है। इससे पहले, इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि उसने बेत लाहिया में ''आतंकवादी ठिकानों'' पर कई हमले किए। बयान में कहा गया कि ''युद्ध क्षेत्र'' से नागरिकों को निकालने के प्रयास जारी हैं। इजराइली सेना ने उत्तरी गाजा में फिर से हमले तेज करते हुए कहा है कि हमास के आतंकवादी वहां फिर से संगठित हो गए हैं।

### ब्रिटेन की पूर्व पीएम लिज़ ट्रस ने कहा- भारत ने यूके को पछाड़ा, संकट में पश्चिमी देश

**लंदन , एजेंसी।** ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री लिज़ ट्रस ने शनिवार को एक समिट में कहा कि भारत को क्वाड और जी7 जैसे वैकल्पिक ढांचों का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बनना चाहिए, जो वर्तमान समय में चीन के बढ़ते खतरे और संयुक्त राष्ट्र की वैश्विक मुद्दों को हल करने में अक्षमता के कारण अधिक प्रासंगिक हो गए हैं। लिज़ ट्रस ने भारत और चीन के बीच लोकतंत्र और कानून के शासन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को लेकर बड़ा अंतर बताया। उन्होंने कहा कि भारत भविष्य में महत्वपूर्ण नेतृत्व की भूमिका निभाने वाला है। उन्होंने यह भी जोर दिया कि चीन के बढ़ते खतरे के बीच भारत का क्वाड (जो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान के साथ गठबंधन है) में योगदान बेहद अहम है। ट्रस ने कहा कि पश्चिमी देश गंभीर संकट में हैं और ब्रिटेन की अर्थव्यवस्था भारत के सुधारों की वजह से पीछे रह गई है। उन्होंने यह स्वीकार किया कि भारत ने आर्थिक विकास के मामले में ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया है। जिसमें वामपंथी विचारधारा का मुकाबला, लोगों को अधिक अधिकार और व्यवसायों को अधिक अवसर देना शामिल है। लिज़ ट्रस ने उम्मीद जताई कि भारत और ब्रिटेन के बीच एक मुक्त व्यापार समझौता (एफएटी) जल्द ही पूरा हो सकता है।

# रूस ने यूक्रेन पर 210 मिसाइल-ड्रोन दागे: रिपोर्ट में दावा- अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल करने की इजाजत दी



**कीव, एजेंसी।** रूस ने यूक्रेन पर 120 मिसाइल और 90 ड्रोन के साथ रविवार देर रात बड़ा हमला कर दिया। रूसी हमले में यूक्रेन के पावर सिस्टम को निशाना बनाया गया है। कई पावर प्लांट और ट्रांसफॉर्मर बुरी तरह से डैमेज हुए हैं, जिसके बाद देश में पावर कट का ऐलान कर दिया गया है। पावर इंफ्रास्ट्रक्चर ठीक करने के लिए यूक्रेन के सरकारी पावर ऑपरेटर उक्रेनेर्गो ने सोमवार को सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक कई घंटो के लिए दो बार पावर कट किए जाने का ऐलान किया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने बताया कि एक रूसी मिसाइल ने यूक्रेन की नौ मंजिला रिहायशी इमारत पर हमला किया। इसमें बच्चों सहित आम नागरिकों की मौत हुई। बीबीसी के मुताबिक, रूसी हमले में अभी तक कुल 10 लोगों की मौत हुई है।

हमले में बैलिस्टिक मिसाइल, क्रूज मिसाइल और ड्रोन से राजधानी कीव, डोनेट्स्क, ल्वीव, ओडेसा सहित यूक्रेन के कई हिस्सों को निशाना बनाया गया। अपने डिफेंस में यूक्रेन ने 140 रूसी मिसाइल और ड्रोन को मार गिराया।

**अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल की इजाजत दी :** रूस के यूक्रेन पर हमले के बाद अमेरिका ने यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल करने की इजाजत दे दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से यह पुष्टि की है कि अमेरिका ने यूक्रेन को आर्मी टेक्टिकल मिसाइल सिस्टम (एटीएसीएमएस) इस्तेमाल करने की इजाजत दी है। यह मिसाइल 300 किलोमीटर की दूरी तक निशाना साध सकती है। यूक्रेन इसका इस्तेमाल रूस और नॉर्थ कोरियाई सैनिकों के खिलाफ कर सकता है। नए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के पद संभालने से पहले जो बाइडेन ने यह बड़ा फैसला लिया है। रूस के नॉर्थ कोरिया को युद्ध में शामिल करने के चलते अमेरिका ने लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल करने की इजाजत देने का फैसला लिया है। हालांकि अभी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने ऐसी कोई इजाजत मिलने की पुष्टि नहीं की है। उन्होंने कहा- आज, मीडिया में कई लोग इस बारे में बात कर रहे हैं कि हमें उचित कार्रवाई करने की अनुमति मिल गई है, लेकिन प्रहार शब्दों से नहीं किए जाते। ऐसी बातों की घोषणा नहीं की जाती। रॉकेट खुद अपने लिए बोलेंगे। रूसी राष्ट्रपति ने कहा था इजाजत का मतलब नाटो का युद्ध में उतरना समझा जाएगा पिछले कुछ समय से अमेरिका और ब्रिटेन यूक्रेन को लंबी दूरी की मिसाइल इस्तेमाल करने की इजाजत देने पर विचार कर रहे थे। इस पर रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने चेतावनी दी थी कि ऐसे हथियारों के इस्तेमाल करने की इजाजत देने का मतलब यह समझा जाएगा कि नाटो, रूस के खिलाफ जंग में उतर चुका है। उन्होंने कहा था कि अगर ऐसा होता है तो वे इसका जवाब जरूर देंगे। पुतिन ने एक सरकारी टीवी चैनल पर कहा कि इससे बहुत कुछ बदल जाएगा। उन्होंने कहा कि इन हथियारों का इस्तेमाल सैटेलाइट के बिना संभव नहीं है। यूक्रेन के पास ऐसी तकनीक नहीं है। यह केवल यूरोपीय यूनियन के सैटेलाइट या फिर अमेरिकी सैटेलाइट की मदद से ही हो सकता है। पुतिन ने आगे कहा कि सिर्फ नाटो सैन्यकर्मियों को ही इन मिसाइल सिस्टम का इस्तेमाल करने के लिए ट्रेनिंग ले रखी है। यूक्रेनी सैनिक ये मिसाइल ऑपरेट नहीं कर सकते।

**युद्ध के 1000 दिन पूरे होने वाले हैं :** 24 फरवरी 2022 को रूसी सेना टैंक के साथ यूक्रेन की सीमा के अंदर घुसी थी। इसी दिन से युद्ध का ऐलान हो गया था। मंगलवार, 9 नवंबर को इस युद्ध के एक हजार दिन पूरे हो जाएंगे। इस बीच ग्लोबल लीडर्स जी20 समिट के लिए ब्राजील में मिल रहे हैं। जेलेंस्की ने उनसे यूक्रेन-रूस युद्ध के मुद्दों को नजरअंदाज न करने की अपील की है।

## मोहम्मद यूनुस ने चला नया पैंतरा, बांग्लादेश में हिंदुओं पर अत्याचार को बताने लगे प्रोपेगेंडा



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने देश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा पर नया पैंतरा चला है। राष्ट्र के नाम अपने संबोधन में उन्होंने कहा, 'हमने अपनी तरफ से पूरी कोशिश की है कि हिंदू समुदाय के सदस्यों समेत देश का कोई भी नागरिक हिंसा का शिकार न बने। हम यह प्रयास जारी रखेंगे।' उन्होंने कहा कि जब अंतरिम सरकार ने सत्ता संभाली थी, तब बांग्लादेश पूरी तरह असुरक्षित देश था। यूनुस ने कहा कि धार्मिक अल्पसंख्यकों में अनावश्यक भय फैलाने का प्रयास किया गया। मोहम्मद यूनुस ने कहा कि उनकी सरकार उन सभी मामलों की जांच कर रही है, जहां धार्मिक अल्पसंख्यकों के साथ हिंसा की गई। उन्होंने कहा, 'कुछ मामलों में उन्हें हिंसा का भी सामना करना पड़ा है। इस बारे में जो भी प्रचार किया गया वह पूरी तरह से अतिशयोक्तिपूर्ण है। हिंसा के जो छोटे-मोटे मामले हुए वे मुख्य रूप से राजनीतिक थे।' उन्होंने कहा कि इन घटनाओं को धार्मिक रंग देकर देश को फिर से अस्थिर करने के प्रयास किए गए। सरकार ने सभी के सहयोग से स्थिति से दृढ़ता से निपटा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार के सत्ता में आने के दो महीने बाद देश भर में लगभग 32,000 पूजा मंडपों में दुर्गा पूजा मनाई गई। 17 करोड़ आबादी में हिंदुओं की संख्या 8 प्रतिशत यूनुस ने कहा कि सरकार ने दुर्गा पूजा के दौरान व्यापक सुरक्षा तैयारियां की ताकि हिंदू समुदाय के सदस्य त्योहार को सुचारू रूप से मना सकें। बांग्लादेश की 17 करोड़ आबादी में हिंदुओं की संख्या करीब 8 प्रतिशत है। मालूम हो कि बांग्लादेश में अगस्त में बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शनों के चलते सत्ता से बेदखल होने के बाद हसीना भारत चली गई थीं।

## टेक अरबपति ने जवान दिखने के लिए बेटे का खून चढ़वाया, फिर बिगड़ा चेहरा देख उड़ गए होश !

**वाशिंगटन, एजेंसी।** हर कोई जवान और आकर्षक दिखना चाहता है, लेकिन कुछ लोग इस चाहत में सारी सीमाएं पार कर जाते हैं। टेक उद्योग के अरबपति ब्रायन जॉनसन ने उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को रोकने और हमेशा युवा दिखने के लिए बेहद अनोखे और जोखिम भरे उपाय किए हैं।उन्होंने अपने बेटे का खून अपने शरीर में ट्रांसफर करवाया और इसके बाद अपने चेहरे में फैट इंजेक्ट करवा कर प्रोजेक्ट बेबी फेस की शुरुआत की। ब्रायन ने बताया कि उनके शरीर से बहुत अधिक वसा निकल रही थी, जिससे उनका चेहरा दुबला होता जा रहा था। विशेषज्ञों की सलाह पर उन्होंने अपने चेहरे पर वसा इंजेक्ट करवाई, ताकि युवा दिखने वाली त्वचा बरकरार रखी जा सके। चूंकि उनके शरीर में पर्याप्त वसा उपलब्ध नहीं थी, उन्होंने एक डोनर की मदद ली। फैट इंजेक्शन के तुरंत बाद उनका चेहरा बुरी तरह फूल गया और एलर्जिक प्रतिक्रिया शुरू हो गई। उन्होंने बताया कि शुरुआती सात दिन उनके लिए बेहद मुश्किल रहे। हालांकि, धीरे-धीरे उनका चेहरा सामान्य हुआ। उन्होंने इस प्रक्रिया के दौरान खींची गई तस्वीरें और अनुभव सोशल मीडिया पर साझा किए। ब्रायन जॉनसन 2020 से अपनी बढ़ती उम्र को रोकने के लिए कई अनोखे ट्रीटमेंट और सख्त दिनचर्या का पालन कर रहे हैं।

# ट्रूडो ने माना प्रवासियों के मुद्दे पर फेल हो गई कनाडा सरकार

**ओटावा, एजेंसी।** कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने स्वीकार किया है कि उनकी सरकार ने कुछ गलतियां की हैं जिसकी वजह से देश में प्रवासियों की संख्या रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। ट्रूडो ने रविवार को अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो में यह बातें कही हैं। जस्टिन ट्रूडो ने वीडियो में कहा, पिछले दो सालों में हमारी जनसंख्या तेजी से बढ़ी है। नकली कॉलेज और बड़े कॉपरशंस अपने स्वार्थ के लिए हमारी प्रवासी नीतियों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं। ट्रूडो ने कहा है कि कोविड-19 महामारी के बाद उन्होंने देश में श्रमिकों को लाने की मांग थी। उन्होंने कहा, हमने श्रमिकों को आमंत्रित किया क्योंकि उस वक्त यह सही विकल्प था। हमारी अर्थव्यवस्था बढ़ी। रेस्तरां और स्टोर फिर से खुल गए, व्यवसाय चलते रहे, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बहुत से अर्थशास्त्रियों की भविष्यवाणियों के बावजूद हमने मंदी को टाल दिया। कुछ लोगों ने इसे सिस्टम को धोखा देने के लिए मुनाफा कमाने के अवसर के रूप में देखा।

ट्रूडो ने आगे कहा, बहुत से कॉलेज और विश्वविद्यालय अपने मुनाफे को बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय छात्रों का इस्तेमाल करते हैं। इस धोखाधड़ी को रोकने की जरूरत है। उन्होंने कुछ शैक्षणिक संस्थानों द्वारा घरेलू छात्रों द्वारा भुगतान की जाने वाली राशि की तुलना में अंतरराष्ट्रीय छात्रों से दसियों हजार डॉलर अधिक वसूलने में सक्षम होने के लिए जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, कुछ बुरे लोग हैं जो नौकरियों, डिप्लोमा और नागरिकता के आसान रास्ते के वादों के साथ अप्रवासियों को निशाना बनाते हैं। ट्रूडो ने यह भी स्वीकार किया कि कनाडा ने इन चुनौतियों का जवाब देने में देर कर दी थी। उन्होंने कहा, जब महामारी के बाद



स्थिति ठंडी पड़ गई और व्यवसायों को अब अतिरिक्त श्रमिकों की जरूरत नहीं थी तो हम तेजी से काम कर सकते थे। उन्होंने कहा कि कनाडा अगले दो सालों के लिए प्रभावी रूप से जनसंख्या वृद्धि को रोकना चाहता है और 2027 के बाद से यह धीरे-धीरे एक स्थायी गति से फिर से बढ़ना शुरू कर देगा।

गौरतलब है कि कनाडा ने परमानेंट रेजिडेंस की संख्या में लगातार कटौती की है। 24 अक्टूबर को इमिग्रेशन, रिफ्यूजीज एंड सिटिजनशिप कनाडा, आईआरसीसी द्वारा घोषित नई योजना में 2025 में प्रस्तावित 5,00,000 से 395,000 तक की कमी देखी जाएगी। इसी तरह 2026 के लिए यह संख्या 5,00,000 से घटाकर 380,000 की जा रही है। 2027 के लिए लक्ष्य 3,65,000 है। इस साल जारी किए जाने वाले पीआर की संख्या 4,85,000 थी। 18 सितंबर को, आईआरसीसी ने कहा कि 2025 के लिए स्टडी परमिट जारी करने की सीमा 4,37,000 होगी जो इस साल के लिए 485,000 के लक्ष्य से कम है।

प्रवासियों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी की वजह से कनाडा में घरों के दाम बढ़ने के साथ-साथ लोगों को जीवन-यापन की समस्याओं से भी जूझना पड़ रहा है। इससे सत्तारूढ़ लिबरल पार्टी की अगले चुनावों में सत्ता में वापसी की संभावनाएं भी कम हो रही हैं। कनाडा में अक्टूबर 2025 में चुनाव होने को हैं। इससे पहले ट्रूडो शासन को हाउस ऑफ कॉमन्स में अविश्वास प्रस्ताव जैसी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है।

## बाइडेन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए प्रमुख पहलों की घोषणा की

### अमेजन फंड को अतिरिक्त 50 मिलियन डॉलर देने का वादा किया

**रियो डी जेनेरियो , एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए रविवार को प्रमुख जलवायु पहलों की घोषणा की. राष्ट्रपति बाइडेन आज रियो डी जेनेरियो में आयोजित होने वाले जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्राजील में रहेंगे. उन्होंने रविवार को अमेजन वर्षावन का दौरा किया. ऐसा करने वाले पहले अमेरिकी राष्ट्रपति बन गए. अपनी यात्रा के बाद प्रेस को संबोधित करते हुए, बाइडेन ने अमेजन फंड में योगदान के रूप में अतिरिक्त 50 मिलियन डॉलर देने का वादा किया. अमेरिका ने पहले 50 मिलियन डॉलर का योगदान दिया है. संबोधन के दौरान, बाइडेन ने कहा कि जलवायु परिवर्तन से लड़ना उनके प्रशासन का निर्णायक कारण रहा है. इससे निपटने के लिए चार प्रमुख घोषणाएं कीं. उन्होंने घोषणा की कि अमेरिकी विकास वित्त निगम अमेजन को फिर से वनीकरण करने के लिए एक ब्राजीलियाई कंपनी के साथ साझेदारी में सैकड़ों डॉलर जुटाएगा. उन्होंने ब्राजील में 20,000 वर्ग मील भूमि को बहाल करने और उसकी रक्षा करने के लिए 2030 तक कम से कम 10 बिलियन डॉलर जुटाने के



लिए बहाली और जैव अर्थव्यवस्था वित्त गठबंधन का भी वादा किया. इसके अलावा, उन्होंने कहा कि अमेरिका ब्राजील के राष्ट्रपति लूला की महत्वपूर्ण नई पहल द ट्रॉपिकल फॉरेस्ट फॉरएवर फंड को लॉन्च करने में मदद करने के लिए धन मुहैया कराएगा. राष्ट्रपति बाइडेन ने कहा कि यह हम सभी के हित में है. अमेरिका को इससे उतना ही लाभ होता है जितना कि ब्राजील सहित किसी भी अन्य देश को होता है. राष्ट्रपति बाइडेन ने रेखांकित किया कि ग्रह की रक्षा के लिए लड़ाई वास्तव में आने वाली पीढ़ियों के लिए मानवता की लड़ाई है. उन्होंने कहा कि मैं अपने उत्तराधिकारी और अपने देश को मजबूत आधार देकर जाऊंगा, अगर वे ऐसा करना चाहें. यह सच है कि कुछ लोग अमेरिका में चल रही हरित ऊर्जा क्रांति को नकारना और विलंबित करना चाह सकते हैं, लेकिन कोई भी इसे उलट नहीं सकता. राष्ट्रपति बाइडेन की यह घोषणा ऐसे समय में हुई है, जब राष्ट्रपति-चुनाव ट्रंप के हाल ही में हुए अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में जीत के बाद जनवरी 2025 में पदभार संभालने से कुछ ही दिन पहले यह घोषणा की गई है. अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में अपने पहले प्रशासन के दौरान, ट्रंप जलवायु कारणों के प्रति न तो मुखर रहे हैं और न ही बहुत सहायक रहे हैं. डोनाल्ड ट्रंप ने 2024 के राष्ट्रपति चुनाव में 295 इलेक्टोरल वोट हासिल करने के बाद अमेरिका के राष्ट्रपति के रूप में दूसरा कार्यकाल जीता, उन्होंने डेमोक्रेटिक प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस को हराया, जिन्हें 226 वोट मिले. अपनी जीत के बाद, राष्ट्रपति-चुनाव डोनाल्ड ट्रंप ने जनवरी 2025 में अपने औपचारिक उद्घाटन से पहले अपनी विदेश नीति और राष्ट्रीय सुरक्षा टीम को अंतिम रूप देने के लिए तेजी से कदम उठाए हैं.

## अल फशेर में भीषण लड़ाई, एसएएफ का दावा- आरएसएफ के 150 लड़कों की मौत

**पोर्ट सूडान , एजेंसी।** सूडानी सशस्त्र बलों (एसएएफ) ने दावा किया है कि एक भीषण लड़ाई में अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) के 150 लड़ाके मारे गए। एसएएफ के मुताबिक पश्चिमी सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी अल फशेर में यह लड़ाई हुई है। समाचार एजेंसी सिन्हुआ के अनुसार, अल फशेर में एसएएफ की 6वीं इन्फैंट्री डिवीजन की कमान ने एक बयान में कहा, हमारे बल एल फशेर के दक्षिण-पूर्व में लगातार लड़ाई में लगे हुए हैं। बयान में कहा गया, अब तक कई मिलिशिया ठिकानों पर कब्जाी कर लिया गया है, जिसमें दुश्मन के 150 से अधिक हताहत होने का अनुमान है, साथ ही यह भी कहा गया कि एसएएफ यूनिट महत्वपूर्ण कामयाबी हासिल कर रही है। आरएसएफ ने अभी तक संघर्ष पर कोई टिप्पणी नहीं की है। सूडान अप्रैल 2023 के मध्य से एसएएफ और आरएसएफ के बीच विनाशकारी संघर्ष में उलझा हुआ है। अंतरराष्ट्रीय संगठनों के अनुमान के अनुसार, इस घातक संघर्ष की वजह से 24,850 से अधिक लोगों की मौत हो गई है और 14 मिलियन से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। हाल ही में संयुक्त राष्ट्र के मानवीय सहायताकर्मियों ने चेतावनी दी है कि सूडान में बढ़ती हिंसा के कारण हजारों लोग खतरे में हैं। यह हिंसा मानवीय संकट को



और गंभीर बना रही है। इंटरनेशनल माइग्रेशन ऑर्गेनाइजेशन के अनुसार, एक महीने से भी कम समय में, सूडान की राजधानी खार्तूम के दक्षिण में अज जजीरा राज्य में 3,43,000 से अधिक सूडान के नागरिक विस्थापित हो गए हैं। ये नागरिक लगातार बढ़ रही लड़ाई और असुरक्षा के बीच मौजूद हैं। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार उनमें से अधिकांश पड़ोसी राज्यों गेदारेफ और कसाला में भाग गए हैं, जहां संयुक्त राष्ट्र और उनसे साझेदार, मेजबान लोगों के साथ मिलकर भोजन, शेल्टर, हेल्थ केयर, मनोवैज्ञानिक सेवाएं, पानी और स्वच्छता समेत इमरजेंसी सहायता प्रदान करने के लिए काम कर रहे हैं।

# जमात-ए-इस्लामी प्रमुख ने बलूचिस्तान, केपी में सुरक्षा संकट को हल करने के लिए बातचीत का आह्वान किया

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** जमात-ए-इस्लामी (जेआई) के प्रमुख हाफिज नईमुर रहमान ने सरकार से बलूचिस्तान और खैबर पख्तूनख्वा (के-पी) में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति सहित महत्वपूर्ण मुद्दों को हल करने के लिए संबंधित हितधारकों के साथ बातचीत शुरू करने का आह्वान किया है. रविवार को जेआई के इस्लामाबाद कार्यालय में मीडिया से बात करते हुए, उन्होंने संकटग्रस्त क्षेत्रों में जीवन की सुरक्षा के लिए नीतियों को संशोधित करने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति का जीवन कीमती है. सरकार को अपनी नीति पर फिर से विचार करने की जरूरत है. रहमान ने अफगानिस्तान की तालिबान के नेतृत्व वाली सरकार से जिम्मेदारी से काम करने और यह सुनिश्चित करने की भी अपील की कि अफगान क्षेत्र का इस्तेमाल पाकिस्तान सहित अन्य देशों के खिलाफ न किया जाए. सहयोग की आवश्यकता पर जोर देते हुए, उन्होंने पाकिस्तानी सरकार से आपसी चिंताओं को हल करने के लिए अफगानिस्तान के साथ बातचीत करने का आग्रह किया. जेआई प्रमुख ने विशेष रूप से बिजली की लागत संकट के मद्देनजर आर्थिक राहत के अपने वादों को पूरा करने में विफल रहने के लिए सरकार की आलोचना की. रहमान ने कहा कि संघीय सरकार ने इस साल की शुरुआत में आयोजित धरना-प्रदर्शनों के बाद जेआई के साथ किए गए समझौतों को लागू नहीं किया है. उन्होंने प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ द्वारा हाल ही में घोषित शीतकालीन बिजली राहत पैकेज को अपर्याप्त बताते हुए इसे मजाक और जनता के लिए धोखा करार दिया. प्रधानमंत्री शहबाज



शरीफ ने अल्लामा मुहम्मद इकबाल की जयंती के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम के दौरान एक बिजली राहत पैकेज का अनावरण किया, जिसमें सर्दियों के महीनों के दौरान घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 26.7 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट, औद्योगिक उपयोगकर्ताओं के लिए 15.5 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट और वाणिज्यिक उपयोगकर्ताओं के लिए 22.71 पाकिस्तानी रुपये प्रति यूनिट तक की कटौती का वादा किया गया. हालांकि, रहमान ने पैकेज की आलोचना की और इसकी प्रासंगिकता और स्थिरता पर सवाल उठाया. उन्होंने कहा कि कोई 500 यूनिट की खपत क्यों करेगा? जनता को बेवकूफ बनाने का यह नाटक बंद होना चाहिए. उन्होंने कहा कि 60 पाकिस्तानी रुपये प्रति लीटर का ईंधन शुल्क का बोझ नागरिकों पर पड़ रहा है।

## गैंगस्टर बिश्नोई की फोटो लगाकर युवती ने बनाई रील... पुलिस ने पकड़ा

अजमेर। अजमेर की युवती ने गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई की फोटो लगाकर रील बनाई और हथियारों के साथ फोटो सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। युवती ने प्रोफाइल पर खुद को लेडी डॉन लिखा हुआ था। पुलिस ने वीडियो और फोटो के आधार पर मंगलवार सुबह साढ़े ग्यारह बजे युवती को घर से अरेस्ट किया। पुलिस ने बताया कि सिविल लाइंस इलाके के बालूपुरा निवासी शिवानी सैनी (19) को पकड़ा गया है। सोशल मीडिया सेल की टीम को शिवानी का अकाउंट मिला था। युवती ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 16 घंटे पहले एक स्टोरी पोस्ट की थी। स्टोरी में युवती ने हथियारों और कारतूस से एस लिखी फोटो को पोस्ट कर रखा था। एक अन्य प्रोफाइल पर खुद को लेडी डॉन लिखा हुआ था। इसके अलावा युवती ने गैंगस्टर बिश्नोई का कवर पर फोटो लगाकर रील बनाकर अपलोड किया था। मामले की जानकारी के बाद सिविल लाइन थाना पुलिस को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। पुलिस टीम शिवानी के घर पहुंची और उसे थाने लेकर आई। शांति भंग में युवती को गिरफ्तार कर लिया गया।

## मणिपुर में कुकी समुदाय ने 10 खाली ताबूत लेकर निकाला मार्च, कांग्रेस की अपील... जिद छोड़ दें पीएम मोदी

इंफाल। मणिपुर में 11 नवंबर को सुरक्षाबलों से मुठभेड़ में मारे गए 10 कुकी उग्रवादियों के लिए न्याय की मांग करते हुए समुदाय प्रदर्शन कर रहा है। इसी कड़ी में चुराचांदपुर जिले में सैकड़ों लोगों ने 10 खाली ताबूत लेकर मार्च निकाला। मणिपुर पुलिस के अनुसार, पिछले हफ्ते जकुराधोर में सीआरपीएफ कैंप पर वर्दीधारी उग्रवादियों ने अंधाधुंध गोलीबारी की थी। इसके बाद सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 10 संदिग्ध उग्रवादी मारे गए। हालांकि कुकी समुदाय का कहना है कि वे लोग विलेज वॉलंटियर्स थे। यह रैली ज्वाइंट फिलैंथ्रोपिक ऑर्गनाइजेशन (जेपीओ) ने आयोजित की थी। सुबह करीब 11 बजे शुरू हुई रैली में सैकड़ों लोग हाथों में पोस्टर लिए शामिल हुए। इन पोस्टर्स पर मारे गए लोगों के लिए न्याय और पहाड़ी क्षेत्रों में अलग प्रशासन की मांग की गई थी। इस बीच कांग्रेस ने कहा है कि पीएम मोदी को अपनी जिद छोड़कर मणिपुर जाना चाहिए। कांग्रेस नेता पी चिदंबरम ने कहा कि मणिपुर की समस्या से निजात पाने के लिए 5 हजार जवानों को भेजना हल नहीं है। मुख्यमंत्री बीरेन सिंह को तुरंत हटाना चाहिए। कुकी, मैतेई और नगा एक राज्य में रह सकते हैं, बशर्ते उन्हें क्षेत्रीय स्वायत्तता दी जाए।

## महाराष्ट्र में मतदान से ठीक पहले नासिक की होटल से 1.98 करोड़ रुपये जब्त

नासिक। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की सरगर्मियों के बीच नासिक के एक होटल से जब्त हुए 1.98 करोड़ रुपये ने राज्य की सियासत में भूचाल ला दिया है। घटनाक्रम ने न केवल विपक्ष को हमलावार कर दिया है, बल्कि मतदाताओं के बीच चुनावी नैतिकता और निष्पक्षता पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। नासिक के जिला मजिस्ट्रेट जलज शर्मा ने पुष्टि कर बताया कि बरामदगी के बाद जांच तेज़ी से चल रही है। उनके मुताबिक, जब्त की गई राशि की जांच व्यय पर्यवेक्षकों और अधिकारियों की टीम कर रही है। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कहीं यह पैसा चुनावी आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए इस्तेमाल नहीं हो रहा था। गौरतलब है महाराष्ट्र में कि चुनाव आयोग ने आदर्श आचार संहिता लागू कर रखी है, जिसके तहत 50,000 रुपये से अधिक नकद राशि ले जाने पर वैध दस्तावेज अनिवार्य हैं। इसके पहले भी ठाणे में 2.5 करोड़ रुपये नकदी जब्त हुई थी, जिसने राजनीतिक माहौल को गर्मा दिया था। विपक्ष ने 1.98 करोड़ रुपये की जब्ती को लेकर भाजपा और उसके सहयोगियों पर निशाना साधा है। कांग्रेस प्रवक्ता ने आरोप लगाया, यह पैसा मतदाताओं को खरीदने की कोशिश का हिस्सा हो सकता है। भाजपा ने चुनावी नैतिकता को ताक पर रख दिया है। भाजपा ने इन आरोपों को खारिज कर विपक्ष की हताशा करार दिया है। पार्टी प्रवक्ता का कहना है, हम निष्पक्ष चुनाव के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं, और सच्चाई जल्द ही सामने आएगी।

## कच्छ के बाद अब दक्षिण गुजरात के वलसाड में भूकंप का झटका

अहमदाबाद। दक्षिण गुजरात के वलसाड में भूकंप के झटके से लोगों में दहशत फैल गई। हांलाकि भूकंप की तीव्रता मामूली होने से कोई नुकसान की खबर नहीं है। वलसाड जिले के धरमपुर तहसील में भूकंप का झटका महसूस किया गया। सुबह करीब 11 बजे के आसपास 2.5 की तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। भूकंप का केंद्र वलसाड जिले के धरमपुर तहसील के मोळाआंबा गांव के पास दर्ज किया गया। इससे पहले कल कच्छ जिले के रापर समेत वागड़ इलाके में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। जिसमें 4.0 तीव्रता के भूकंप से वागड़ की जमीन थर्रा उठी। कच्छ में रात 8 बजकर 18 मिनट पर भूकंप के झटके महसूस किए गए। जिससे लोग घर से बाहर की ओर दौड़ पड़े। भूकंप से लोगों में दहशत फैल गई। भूकंप के झटके कच्छ जिले के रापर से लेकर भचाऊ, गांधीधाम तक के इलाकों में महसूस किए गए। इस भूकंप का केंद्र रापर से 26 किलोमीटर दूर दर्ज किया गया। गौरतलब है 4 दिन पहले उत्तरी गुजरात के कई इलाकों में भूकंप के झटके महसूस किए गए थे। जिसमें पाटण, पालनपुर, मेहसाणा और अहमदाबाद समेत कई शहरों में लोगों ने 4.2 तीव्रता का भूकंप महसूस किया। भूकंप का केंद्र पाटण से 13 किमी दूर चाणस्मा तहसील के सेवाला गांव में दर्ज किया गया।



# चुनाव आते ही भाजपा के लोग धर्म और जाति की बात करते हैं : किशोरी लाल शर्मा



**अमेठी (उप्र) (एजेंसी)।** । अमेठी से कांग्रेस के सांसद किशोरी लाल शर्मा ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधते हुए कहा कि जब भी चुनाव आते हैं तो इसके नेता ''धर्म और जाति'' और ''समाज को विभाजित'' करने की बात करते हैं। किशोरी लाल शर्मा यहां संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे जो अमेठी के दो दिवसीय दौरे पर हैं। 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे को लेकर पूछे गए सवाल पर किशोरी लाल शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में योगी सरकार और केंद्र में मोदी सरकार सभी मोर्चों पर विफल रही है।

शर्मा ने कहा कि इनके पास धर्म-जाति की राजनीति करने और समाज को बांटने के अलावा कोई कुछ नहीं है। ये बेरोजगारी की बात नहीं करते हैं, ये महंगाई की बात नहीं करते हैं और ये शिक्षा की बात नहीं करते हैं।'' उन्होंने आरोप लगाया, ''ये भाई से भाई को लड़ाने का काम कर रहे हैं।'' कांग्रेस नेता ने कहा कि ऐसी राजनीति को देश स्वीकार नहीं करता है और देश में सभी धर्म-जाति के लोग एक साथ मिलजुल कर रहना पसंद करते हैं।

झांसी मेडिकल कॉलेज में आग लगने से हुई बच्चों की मौत को दुखद बताते हुए सांसद शर्मा ने कहा, ''यह उत्तर प्रदेश की चिकित्सा व्यवस्था में भारी कमियों का परिणाम है। अस्पतालों में व्यवस्थाएं खस्ता हाल हैं, कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ये लोग व्यवस्थाओं को ठीक करने के बजाय शमशान और कब्रिस्तान की बात करते हैं।'' कांग्रेस द्वारा उपचुनाव नहीं लड़ने के सवाल पर शर्मा ने कहा कि उत्तर प्रदेश में 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की तरफ से समाजवादी पार्टी चुनाव लड़ रही है और गठबंधन के सभी दल उसे अपना समर्थन दे रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि सभी सीट पर 'इंडिया' के उम्मीदवार जीतेंगे।

### मणिपुर राज्य में भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल साबित हुई : कुणाल घोष

कोलकाता। तृणमूल कांग्रेस पार्टी के नेता कुणाल घोष ने मणिपुर में फिर भड़की हिंसा को लेकर कहा कि यह बहुत बुरा हो रहा है और प्रधानमंत्री को मणिपुर जाना पंसद नहीं है। मणिपुर राज्य में भाजपा सरकार पूरी तरह से फेल रही है। वहां पर बेकसूर लोगों की हत्या हो रही है। भाजपा को मणिपुर में शासन करने का कोई अधिकार नहीं है। केंद्र की मोदी सरकार भी मणिपुर में पूरी तरह फेल रही। वहीं आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी नर्स के साथ बलात्कार और निर्मम हत्या के सवाल पर टीएमसी नेता घोष ने कहा कि इस मामले का अब ट्रायल चल रहा है।

## बुर्के पर सपा और भाजपा आमने-सामने, गिरिराज सिंह ने कहा, बुर्का हटाकर वोट डालने का विरोध नहीं




लखनऊ। उत्तर प्रदेश में उपचुनाव की वोटिंग से पहले बुर्के को लेकर विवाद गहरा गया है। सपा प्रमुख और पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने चुनाव में वोट डालने जाने वाली महिलाओं के बुर्का उठाकर जांच करने के मुद्दे पर करारा हमला बोला था। उन्होंने इस प्रकार की जांच पर रोक लगाने की मांग की। इसके बाद सपा ने भारत निर्वाचन आयोग को पत्र लिखकर बुर्का उठाकर जांच करने की मांग कर डाली। सपा की ओर भेजे गए पत्र में कहा गया है कि बुर्के को उठाकर जांच कराए जाने से महिलाएं डर जाती हैं। वे वोट डालने मतदान केंद्रों पर नहीं आती हैं। अब मामले पर केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह का बयान सामने आया है। सपा के बुर्का हटाकर न जांच करने की मांग पर केंद्रीय मंत्री सिंह का बड़ा हमला सामने आया है। उन्होंने कहा कि अखिलेश की पार्टी की नेत्री ने वोट जिहाद का नारा दिया है। आज कांग्रेस और मुसलमान मौलवियों की ओर से वोट जिहाद के नारे लग रहे हैं। भारत के धर्मगुरु भी आवाज दे रहे हैं। उनकी बातों को भी अब सुना जाना चाहिए। देश के अंदर समय आ गया है कि सभी को एक रहना चाहिए। केंद्रीय मंत्री सिंह ने कहा है कि मतदान करने आने वाले हर वोटर की जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि बुर्का हटाकर वोट डालने का विरोध नहीं होना चाहिए। हर मतदाता की पहचान वोटिंग के पहले बूथ पर मौजूद पार्टियों के पोलिंग एजेंट के स्तर पर होती है। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कहा कि फर्जी मतदान नहीं होने देना है। हर वोटर की पहचान के बाद ही वोट डालने देना है। विरोध करने वालों की चुनाव आयोग से शिकायत करें।

## कैश कांड पर उद्धव ठाकरे ने भाजपा को घेरा, नोट जिहाद का लगाया आरोप

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए मतदान शुरू होने से कुछ घंटे पहले भाजपा के एक वरिष्ठ नेता द्वारा पैसे बांटने के आरोपों के बीच शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने मंगलवार को नोट जिहाद पर कटाक्ष किया। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े पर क्षेत्रीय संगठन बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) द्वारा पालघर में मतदाताओं को नकदी बांटने का आरोप लगाया गया है, तावड़े और भाजपा ने इस आरोप से इनकार किया है। ठाकरे ने भारत के चुनाव आयोग से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि केवल तावड़े के खिलाफ मामला दर्ज करना पर्याप्त नहीं होगा।



भाजपा नेताओं द्वारा लगाए गए नारे 'बटेंगे तो कटेंगे' और 'वोट जिहाद' के दावों पर कटाक्ष करते हुए ठाकरे ने सवाल किया कि क्या यह बीजेपी का नोट जिहाद (वोट के लिए) है? 'बाटेंगे और जीतेंगे'। पूरे महाराष्ट्र ने इसे देखा है। महाराष्ट्र कल फैसला करेगा। ठाकरे ने कहा कि कुछ राज्यों में सरकारें गिराने और नई सरकारें बनाने में मदद करने के लिए तावड़े की सराहना की गई। अब इसके पीछे का राज खुलकर सामने आ गया है।

विरार के एक होटल में जोरदार ड्रामा हुआ, जहां तावड़े ठहरे हुए थे, जब बहुजन विकास अघाड़ी (बीवीए) के प्रमुख हितेंद्र ठाकुर ने भाजपा महासचिव पर मतदाताओं को पैसे बांटने का आरोप लगाया। भाजपा ने इन दावों का खंडन किया और तावड़े ने दावा किया कि वह पार्टी कार्यकर्ताओं को चुनाव प्रक्रियाओं के बारे में मार्गदर्शन करने के लिए नालासोपारा में थे, और विपक्षी दलों को उनकी गतिविधियों को सत्यापित करने की चुनौती दी।

## सोरेन का आरोप, मेरे खिलाफ दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने 500 करोड़ रुपये खर्च कर चुकी भाजपा

**रांची (एजेंसी)।** झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर फिर से निशाना साधकर दावा किया कि विपक्षी दल ने उनके खिलाफ ''दुर्भावनापूर्ण अभियान चलाने के लिए 500 करोड़ रुपये खर्च हुए हैं। इसके पहले सोरेन ने भाजपा पर ''मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अफवाहें फैलाने का अभियान चलाने का आरोप लगाया था।

उन्होंने दावा किया कि झारखंड की संस्कृति इसतरह के 'दुर्भावनापूर्ण अभियानों की अनुमति नहीं देती है। सोरेन ने पोस्ट कर लिखा, ''नेताओं के लिए आपके अंदर नफरती भावनाओं को भड़काकर अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षा पूरी करना सबसे आसान होता है। यह अभियान सबसे आसान होता है और भाजपा को इसमें महारत हासिल है लेकिन मैं झारखंडी हूं-



हमारे संस्कार हमें ऐसा करने की इजाजत नहीं देते और ना मैं ऐसा करूंगा। सोरेन ने कहा, ''एक अनुमान के मुताबिक, भाजपा ने मेरे खिलाफ छद्म अभियान, अफवाहें फैलाने का अभियान और नफरत फैलाने के लिए 500 करोड़ से अधिक खर्च कर दिए।

सोरेन ने भाजपा पर चुनाव के दौरान सड़कों और चौराहों पर मतदाताओं में कथित तौर पर भय पैदा करने और उनके खिलाफ प्रचार करने के लिए बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और बंगाल से लोगों को लाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इसतरह ''अभियानों में कोई सच्चाई नहीं होती। उन्होंने कहा, हमारे पास चुनावी बॉण्ड, नकली दवाइयां, नकली टीकों से देशवासियों की जिंदगी से खिलवाड़ करके जुटाया गया चंदा नहीं हैं। इसलिए मैं आप सभी झारखंड वासियों से अपील करता हूं कि आप सब मेरे लिए आज और कल ''चोरी-छिपे नहीं, खुलकर अभियान चलाएं- क्योंकि झारखंड वासियों के स्वभाव में डरना और धीरे-धीरे चोरी से बोलना नहीं होता। सोरेन ने वीडियो साझा कर लिखा, ''फुसफुसाकर नहीं, साहस से बोलो। मुख्यमंत्री की ओर से साझा किये गए वीडियो में चौपाल में बैठे युवा भाजपा की प्रशंसा करते और कथित भ्रष्टाचार के लिए झामुमो की आलोचना करते नजर आ रहे हैं।

## महबूबा ने जम्मू-कश्मीर विस में विशेष दर्जा का मुद्दा उठाने के लिए अपने तीन विधायकों की प्रशंसा की

श्रीनगर। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) कीअध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने संविधान के अनुच्छेद 370 और 35ए को हटाने का मुद्दा जम्मू-कश्मीर विधानसभा के पहले सत्र के दौरान उठाने के लिए पार्टी के तीन विधायकों की सराहना की। महबूबा की अध्यक्षता में हुई एक बैठक के बाद पीडीपी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के अपने आधिकारिक हैंडल पर जारी पोस्ट में कहा, ''पार्टी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने आज श्रीनगर स्थित पार्टी मुख्यालय में पीडीपी विधायकों के प्रयासों की सराहना की।'' पीडीपी अध्यक्ष ने कहा, ''ये चुनाव जम्मू-कश्मीर की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए थे। हमारे विधायकों ने अनुच्छेद 370 और 35ए को एकतरफा तरीके से हटाए जाने पर लोगों की गहरी चिंताओं को उठाया है। हमारे अधिकारों के लिए लड़ाई विधायिका और जनता के बीच जारी है।'' इस बैठक में पार्टी के तीन विधायकों वहीद पारा, रफीक नाइक और मीर मोहम्मद फैयाज के अलावा नईम अख्तर, अब्दुल रहमान वीरू, गुलाम नबी लोन, खुर्शीद आलम, बशारत बुखारी, आसिया नकाश और जहूर मीर जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हुए। पीडीपी विधायक दल के नेता पारा ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि पार्टी विधायक नेशनल कॉन्फ्रेंस सरकार को चुनाव प्रचार के दौरान किए गए वादों की याद दिलाते रहेंगे। केंद्र ने जम्मू-कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को पांच अगस्त 2019 को निरस्त कर दिया था।

## लॉरेंस बिश्नोई गैंग से फिर सांसद पप्पू यादव को जान से मारने की धमकी

*** पप्पू यादव ने धमकी देने वाले को दी चुनौती**

**पटना (एजेंसी)।** बिहार के पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र के सांसद पप्पू यादव को एक बार फिर लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने जान से मारने की धमकी दी है। ये धमकी उन्हें व्हाट्सएप पर दी गई है। बताया गया है कि ये धमकी पाकिस्तानी के नंबर से दी गई है और धमकी देने वाला शख्स बिश्नोई का करीबी बताया जा रहा है। पप्पू यादव को धमकी दी गई है कि तुम्हें 24 दिसंबर से पहले मार दिया जाएगा। इस बाबत व्हाट्सएप पर एक धमकी भरा वीडियो अपलोड किया गया है। इसके अलावा पप्पू यादव को फोन पर भी धमकी दी गई। इसमें लिखा गया है कि 24 दिसंबर से पहले पप्पू यादव की हत्या कर दी जाएगी। 24 दिसंबर को पप्पू यादव का जन्मदिन है। वहीं, धमकी देने वाले ने व्हाट्सएप पर पप्पू यादव और उनके बेटे सार्थक की तस्वीर पोस्ट की और लिखा कि वह इन दोनों को देख रहा है।



### पप्पू यादव ने धमकी देने वाले को दी चुनौती

हालांकि सांसद पप्पू यादव ने धमकी देने वाले को चुनौती देते हुए उससे तारीख और मैदान तय करने की बात कही है। सांसद ने कहा तू पप्पू यादव को क्या समझकर रखा है? पप्पू यादव कोई खीरा-ककड़ी नहीं है। एक काम कर... एक डेट फिक्स कर, तारीख फाइनल कर ले, एक मैदान फाइनल कर ले, उसके बाद पता चल जाएगा। मालूम हो कि इससे पहले भी पूर्णिया के सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से धमकी मिल चुकी है। यह धमकी भरे कॉल और संदेश उनके कार्यालय को मिले। पप्पू यादव के पीए को 6 नवंबर को दोपहर 2 बजे और 7 नवंबर को सुबह करीब 10 बजे फोन आया। साथ ही उनके पीए को व्हाट्सएप पर धमकी दी गई। उन्होंने व्हाट्सएप चैट का स्क्रीनशॉट भी शेयर किया।

### क्या है मामला?

कुछ दिन पहले पप्पू यादव ने अभिनेता सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से मिल रही धमकियों को लेकर एक पोस्ट किया था। पोस्ट में पप्पू यादव ने लॉरेंस गिरोह को चुनौती दी और 24 घंटे के भीतर उसके नेटवर्क को खत्म करने की धमकी दी। कुछ दिन बाद उन्हें एक फोन कॉल आया। इसी फोन से उन्हें धमकी दी गई थी। इस धमकी के बाद उन्होंने केंद्र से सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है। पप्पू यादव को फिलहाल वाय श्रेणी की सुरक्षा मिली हुई है। लेकिन अब उन्हें जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है।

## 64 करोड़ नहीं चुका सकी सुक्खू सरकार... क्या कुर्क होगा हिमाचल भवन

**शिमला (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने हाल ही में एक महत्वपूर्ण आदेश जारी किया है, जिसमें दिल्ली के सिकंदरा रोड स्थित हिमाचल भवन को कुर्क करने का आदेश है। यह आदेश आर्बिट्रेशन अवॉर्ड का पालन न किए जाने के कारण दिया गया है। न्यायाधीश अजय मोहन गोयल ने सेली हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर कंपनी लिमिटेड की ओर से ऊर्जा विभाग के खिलाफ दायर अनुपालना याचिका पर सुनवाई कर आदेश दिया।

कोर्ट ने राज्य ऊर्जा विभाग के प्रधान सचिव को आदेश दिया कि वे जांच करें कि किस अधिकारी या अधिकारियों की चूक के कारण 64 करोड़ की राशि और इसके सात प्रतिशत ब्याज सहित अवॉर्ड राशि कोर्ट में जमा नहीं की गई। कोर्ट ने कहा कि दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों से यह राशि व्यक्तिगत रूप से वसूल करे। मामले की अगली सुनवाई 6 दिसंबर को होगी, और कोर्ट ने जांच को 15 दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।




मामले की शुरुआत 13 जनवरी 2023 को हुई थी, जब हिमाचल हाईकोर्ट की एकलपीठ ने राज्य को 64 करोड़ रुपये की राशि सात प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित जमा करने का आदेश दिया था। बाद में, एक खंडपीठ ने आदेश को लागू करने पर रोक लगाई थी, लेकिन जुलाई 2024 में यह रोक हटा दी गई। कोर्ट ने राज्य सरकार से राशि जमा करने में हुई देरी पर खेद जताकर कहा कि इस कारण से दैनिक आधार पर ब्याज लग रहा है, जिसका भुगतान सरकारी खजाने से किया जाना है।

पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने फैसले पर कहा कि हिमाचल भवन प्रदेश की प्रतिष्ठित संपत्ति है और इस भवन को नीलाम करना सरकार के लिए एक दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि यह सरकार लगातार इसतरह फैसले ले रही है, जिससे हिमाचल प्रदेश की फजीहत हो रही है।

## मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग के नाम पर यौन अपराधों और महिलाओं के प्रति हिंसा को दिया जा रहा बढ़ावा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** देश में मेडिकल कॉलेजों में रैगिंग की आड़ में नए छात्रों के साथ हो रहे अमानवीय व्यवहार ने यौन अपराधों और महिलाओं के प्रति हिंसा की प्रवृत्ति को सामने ला दिया है। मेडिकल कॉलेजों में सीनियर्स द्वारा नए छात्रों को अश्लील गालियों और महिलाओं के खिलाफ हिंसक भाषा से भरी किताबें पढ़ने और याद करने के लिए मजबूर किया जाता है। यह केवल रैगिंग तक सीमित नहीं है, बल्कि यौन हिंसा और लैंगिक भेदभाव के रेप कल्चर को बढ़ावा देने वाला एक गंभीर मुद्दा बना गया है।

जूनियर छात्रों को मजबूर किया जाता है कि वे महिलाओं को सिर्फ एक वस्तु के रूप में देखें। इन किताबों में महिलाओं, नर्सों और छात्राओं के प्रति हिंसक और अश्लील टिप्पणियां होती हैं। नए छात्रों के मुताबिक, उन्हें इन किताबों को जोर से पढ़ने के लिए मजबूर किया जाता है, जिसमें महिलाओं के शरीर और उनके साथ यौन हिंसा का अश्लील वर्णन होता है।

इस मामले में कुछ डॉक्टरों ने अपने अनुभव साझा किए हैं, जहां मरीजों के शरीर को लेकर भद्दे मजाक होते हैं। महिला मरीजों और छात्रों को अनावश्यक रूप से छूना और उनका अपमान करना इन कॉलेजों के अंदर की संस्कृति का हिस्सा बनता जा रहा है। इस मामले से जुड़े जानकारों का कहना है कि जो सीनियर्स रैगिंग के नाम पर जो इस तरह के कृत्यों में शामिल होते हैं, वे भविष्य में महिला सहयोगियों और मरीजों के लिए खतरा बन सकते हैं।

### क्या होना चाहिए समाधान?

कड़ी निगरानी और जांच-कॉलेज प्रशासन को सख्त कदम उठाकर ऐसी गतिविधियों की निगरानी करनी चाहिए। छात्रों और स्टाफ को शिकायत करने के लिए सुरक्षित और प्रभावी माध्यम उपलब्ध होना चाहिए। मेडिकल शिक्षा में नैतिकता और संवेदनशीलता का पाठ अनिवार्य रूप से शामिल किया जाना चाहिए। इस तरह की घटनाएं केवल मेडिकल कॉलेजों की प्रतिष्ठा को धूमिल नहीं करतीं, बल्कि महिलाओं के प्रति समाज की सोच और भविष्य के डॉक्टरों की नैतिकता पर भी सवाल खड़े करती हैं।

